सुविचार

प्राप्त हुए धन का उपयोग करने में दो भूलें हुआ करती हैं, जिन्हें ध्यान में रखना चाहिए। अपात्र को धन देना और सुपात्र को धन न देना।

वेद व्यास

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 16 February 2024 ● Year : 02 ● Issue : 30 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com



12

भूल भुलैयर-3 में होगी विद्या बालन की वापसी

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 72,050.38 |
| निफ्टी | : | 21,910.75 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,850 |
| चांदी | : | 76.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### बेहमई कांड में 43 साल बाद आया फैसला, जीवित बचे दोषी को उम्रकैद

**KANPUR :** कानपुर देहात के बहुचर्चित बेहमई हत्याकांड में 43 साल बाद फैसला आया है। बुधवार को एंटी डकैती कोर्ट ने आरोपी श्याम बाबू (80) को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं एक आरोपी विश्वनाथ (55) को बरी कर दिया है। खास बात है कि 14 फरवरी 1981 को यह कांड हुआ था और 14 फरवरी 2024 को ठीक 43 साल बाद फैसला आया। 14 फरवरी 1981 को दोपहर के दो से ढाई बजे का समय था। फूलनदेवी और उसके साथ डकैत मुस्तकीम, रामप्रकाश और लल्लू गैंग के तकरीबन 35-36 लोगों ने बेहमई गांव को घेर लिया था। घरों में लूटपाट शुरू कर दी। मर्दों को घर से बाहर खींचकर लाया गया। सभी गांव में एक टीले के पास 26 लोगों को इकट्ठा किया गया। इसके बाद फूलनदेवी और उसके साथियों ने 26 लोगों को लाइन में खड़ा किया। फिर इन लोगों पर ताबड़तोड़ 4 से 5 मिनट तक गोलियां बरसाईं। जिसमें से 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए।

### बारिश के बाद कोहरे के आगोश में झारखंड

**RANCHI :** तीन दिनों की बारिश के बाद शुक्रवार से झारखंड में मौसम साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 16 फरवरी से आसमान साफ रहेगा। सुबह में राजधानी रांची समेत राज्य के उत्तरी-पश्चिमी, मध्य और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रहने की संभावना है। वहीं बादल छंटने के बाद राज्य के न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले 2 दिनों में इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। वहीं रांची जिले में कहीं- कहीं ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा 35.0 एमएम रांची में दर्ज की गई। सबसे अधिक तापमान 31 डिग्री चाईबासा का रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री सेल्सियस रांची में दर्ज किया गया।

### ट्रेड यूनियनों का आज भारत बंद, स्कूलों के समय में कोई बदलाव नहीं

**RANCHI :** ट्रेड यूनियनों की ओर से शुक्रवार को बुलाए गए भारत बंद को लेकर स्कूलों के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। शहर के अलग-अलग स्कूलों में पहले की तरह ही यथावत समय निर्धारित हैं। डीएवी कपिलदेव के शिक्षक आलोक इंद्रगुरू, डीएवी नीरजा सहाय के दुष्यंत कुमार, जी एंड एच हाई स्कूल के प्रिंसिपल दिलीप कुमार झा और डीएवी पुंदाग के शिक्षक आशीष जायसवाल ने बताया कि हर रोज की तरह शुक्रवार को भी पूर्व निर्धारित समय पर ही विद्यालय का संचालन होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर लगाई रोक, कहा- ये स्कीम असवैधानिक

# सुप्रीम फैसला

**चुनावी बॉन्ड योजना पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि दो अलग-अलग लेकिन सर्वसम्मत फैसले हैं**

**काले धन पर अंकुश लगाने के लिए सूचना के अधिकार का उल्लंघन उचित नहीं है**

**चुनावी बांड के माध्यम से कॉर्पोरेट योगदानकर्ताओं के बारे में जानकारी का खुलासा किया जाना चाहिए**

**AGENCY NEW DELHI :** लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 6 साल पुरानी इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। अब 13 मार्च को पता चलेगा किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया। कोर्ट ने इलेक्शन कमीशन से 13 मार्च तक अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम की जानकारी पब्लिश करने के लिए कहा है। इस दिन पता चलेगा कि किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया। यह फैसला 5 जजों ने सर्वसम्मति से सुनाया। चीफ जस्टिस ने कहा, 'पॉलिटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है।' 2018 से अब तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिला है। 6 साल में चुनावी बॉन्ड से भाजपा को 6337 करोड़ की चुनावी फंडिंग हुई। कांग्रेस को 1108 करोड़ चुनावी चंदा मिला। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब यह पता चलेगा कि किस कंपनी, किन लोगों से कितना पैसा मिला है। 2017 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इसे पेश करते वक्त दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। ब्लैक मनी पर अंकुश लगेगा।




## सुप्रीम कोर्ट ने 2 नवंबर को फैसला रखा था सुरक्षित

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने तीन दिन की सुनवाई के बाद 2 नवंबर 2023 को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई। इसे लेकर चार याचिकाएं दाखिल की गई थीं। याचिकाकताओं में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और सीपीएम शामिल है। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए थे। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने याचिकाकताओं की तरफ से पैरवी की थी। 2 नवंबर को फैसला सुरक्षित रखने के ठीक 4 दिन बाद 6 नवंबर को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी 29 ब्रांचों के जरिए इलेक्टोरल बॉन्ड इश्यू किए थे। 6 नवंबर से 20 नवंबर तक इश्यू किए गए बॉन्ड्स में 1000 करोड़ रुपए का चुनावी चंदा दिया गया। इस योजना को 2017 में ही चुनौती दी गई थी, लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई, 2019 तक में एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि, कोर्ट ने इस योजना पर रोक नहीं लगाई। बाद में दिसंबर, 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दिया। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया कि किस तरह चुनावी बॉन्ड योजना पर चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक की चिंताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार किया था।

### चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, जानिए इस पर विवाद क्यों...

2017 में अरुण जेटली ने इसे पेश करते वक्त दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। ब्लैक मनी पर अंकुश लगेगा। दूसरी ओर इसका विरोध करने वालों का कहना है कि इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाले की पहचान जाहिर नहीं की जाती है, इससे ये चुनावों में काले धन के इस्तेमाल का जरिया बन सकते हैं। कुछ लोगों का आरोप है कि इस स्कीम को बड़े कॉर्पोरेट घरानों को ध्यान में रखकर लाया गया है। इससे ये घराने बिना पहचान उजागर हुए जितनी मर्जी उतना चंदा राजनीतिक पार्टियों को दे सकते हैं। सरकार ने तर्क दिया था कि नाम जाहिर ना करने से कंपनी किसी तरह के बदले की भावना और अत्याचार से बच जाएगी। चंदा देने वाला सिर्फ यही चाहता है कि दूसरी पार्टियां इसके बारे में ना जान पाएं।

## चुनावी बॉन्ड से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी

- कोई भी भारतीय इसे खरीद सकता है।
- बैंक को केवाईसी डीटेल देकर 1 हजार से 1 करोड़ रुपए तक के बॉन्ड खरीदे जा सकते हैं।
- बॉन्ड खरीदने वाले की पहचान गुप्त रहती है।
- खरीदने वाले को टैक्स में रिबेट भी मिलती है।
- ये बॉन्ड जारी करने के बाद 15 दिन तक

## चुनावी चंदे के लिए कंपनी एक्ट में संशोधन मनमाना व असवैधानिक कदम : सुप्रीम कोर्ट

कोर्ट ने कहा कि किसी एक व्यक्ति की ओर से दिए गए चंदे के मुकाबले किसी कंपनी की ओर से की गई फंडिंग का राजनीतिक प्रक्रिया पर ज्यादा असर हो सकता है। कंपनियों की ओर से की गई फंडिंग शुद्ध रूप से व्यापार होता है। चुनावी चंदे के लिए कंपनी एक्ट में संशोधन मनमाना और असंवैधानिक कदम है। इसमें कंपनियों और किसी एक चंदा देने वाले को एक जैसा बना दिया गया। इसके जरिए कंपनियों की ओर से राजनीतिक दलों को असीमित फंडिंग का रास्ता खुला। पॉलिटिकल फंडिंग की जानकारी के चलते मतदाता अपने वोट के लिए सही चुनाव कर सकता है। सारी राजनीतिक फंडिंग पब्लिक पॉलिसी में बदलाव के मकसद से नहीं होती है। छात्र, दिहाड़ी मजदूर आदि भी चंदा देते हैं। ऐसे में सिर्फ इसलिए चुनावी चंदे को गोपनीयता के दायरे में रखना, क्योंकि कुछ कंट्रीब्यूशन किसी और मकसद से किए गए हैं, यह अनुचित है। कंपनी एक्ट 2013 के तहत कोई कंपनी किसी पॉलिटिकल पार्टी को चंदा दे सकती है। इसमें बदलाव से पहले कुछ शर्तें थीं। डोनेशन को बोर्ड की मंजूरी मिली हो, डोनेशन कैश में नहीं दिया जा सकता है, चंदे का जिक्र कंपनी के प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट में होना चाहिए, कंपनी 3 साल तक मिलने वाले औसत मुनाफे के 7.5 प्रतिशत से ज्यादा चंदा नहीं दे सकता है और जिस पार्टी को कंपनी चंदा दे रही है, उसका नाम बताना जरूरी था। 2017 में कंपनियों की ओर से दिए जाने वाले चंदे पर लगी लिमिट को हटा दिया गया। इसके साथ ही पार्टी का नाम बताने की बाध्यता भी खत्म कर दी गई।

### एसबीआई से मांगा ब्योरा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसबीआई राजनीतिक दलों का ब्योरा दे, जिन्होंने 2019 से अब तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा हासिल किया है। रइकराजनीतिक दल की ओर से कैश किए गए हर इलेक्टोरल बॉन्ड की डिटेल दे, कैश करने की तारीख का भी ब्योरा दे। रइकसारी जानकारी 6 मार्च 2024 तक इलेक्शन कमीशन को दे। कोर्ट ने कहा कि चुनावी चंदा देने में लेने वाला राजनीतिक दल और फंडिंग करने वाला, दो पार्टियां शामिल होती हैं। ये राजनीतिक दल को सपोर्ट करने के लिए होता है या फिर कंट्रीब्यूशन के बदले कुछ पाने की चाहत हो सकती है। राजनीतिक चंदे की गोपनीयता के पीछे ब्लैक मनी पर नकेल कसने का तर्क सही नहीं। यह सूचना के अधिकार का उल्लंघन है।

### कांग्रेस ने बताया ऐतिहासिक

**NEW DELHI :** कांग्रेस पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट के इलेक्टोरल बांड योजना को समाप्त किए जाने के फैसले को एतिहासिक बताते हुए स्वागत किया है। पार्टी ने आशा व्यक्त की है कि भारतीय जनता पार्टी अब सुप्रीम कोर्ट की सुनेगी और भविष्य में पारदर्शी, लोकतांत्रिक और समान अवसर वाली परिस्थितियों को नुकसान पहुंचाने से बचेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि पार्टी का पहले दिन से ही मानना है कि योजना में स्पष्टता की कमी है और यह अलोकतांत्रिक है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस काले धन को बदलने की योजना को असंवैधानिक करार दिया है। भाजपा ने आरबीआई, चुनाव आयोग, संसद और विपक्ष सभी पर बुलडोजर चलाते हुए योजना को पारित कराया था।

### झामुमो कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा, कहा-

## हेमंत को बगैर किसी सबूत के किया जा रहा है प्रताड़ित




मोरहाबादी स्थित बापू प्रतिमा के सामने भूख हड़ताल पर बैठे कार्यकर्ता।

- केंद्र की भाजपा सरकार का तानाशाही रवैया, राजनीतिक साजिश के तहत हेमंत को भेजा जेल
- सूबे की साढ़े तीन करोड़ जनता हेमंत सोरेन के साथ

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ईडी की रिमांड खत्म हो गयी। इसके बाद उन्हें रांची के बिरसा मुंडा कारा भेज दिया गया है। तो वहीं दूसरी तरफ झामुमो कार्यकर्ता भाजपा व ईडी के खिलाफ राज्यभर में प्रदर्शन किया। इसी के तहत गुरुवार रांची के मोरहाबादी स्थित बापू प्रतिमा के सामने में रांची के झामुमो कार्यकताओं ने भूख हड़ताल की। यह कार्यक्रम दिन के 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। मोरहाबादी में रांची के एक झामुमो कार्यकर्ता ने कहा कि हमारे मुखिया को षडयंत्र के तहत फंसा कर प्रताड़ित करने का काम कर रही है। ईडी बगैर किसी सबूत के उनको प्रताड़ित करने के लिए तरह तरह के केस बनाने का काम कर रही है। ईडी अभी तक कोर्ट में ये साबित नहीं कर पायी है कि वो भुंइहरी जमीन की खरीदारी की है या नहीं।

### सरकार आपकी, हर कदम में हम आपके साथ : सीएम

**RANCHI :** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा है कि



जनसमस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार का शुरू से ही प्रयास रहा है कि जनता की परेशानियों का निदान कर सकें। सीएम गुरुवार को अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समस्याओं पूरी संवेदनशीलता के साथ समाधान किया गया। यह सरकार आपकी है और हम हर कदम में आपके साथ हैं। आपलोगों के सुख-दु:ख में सरकार उनके साथ हैं। सीएम ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और यथोचित निराकरण होगा। इसके लिए अफसरों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने फिर से कहा कि आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अधिकारी आपके दरवाजे तक पहुंचे। समस्याओं का समाधान किया।

# रिमांड अवधि खत्म होने के बाद हेमंत सोरेन की कोर्ट में पेशी, भेजे गए जेल

### 13 दिनों से चल रही थी पूछताछ, ईडी ने तीन बार मांगा था रिमांड

**CRIME REPORTER RANCHI :** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को गुरुवार को ईडी कोर्ट (पीएमएलए स्पेशल कोर्ट) में पेश किया गया। इसके बाद उन्हें होटवार जेल भेज दिया गया। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम उन्हें ईडी कोर्ट लेकर पहुंची थी। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि रिमांड अवधि खत्म होने के बाद हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया है। बता दें कि पिछले 13 दिनों से रिमांड पर लेकर ईडी के अफसर उनसे पूछताछ कर रहे थे। रांची के बड़गाईं अंचल की जमीन मामले में ईडी की टीम ने उन्हें 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी की टीम ने 31 जनवरी को पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था।



पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को पेशी के लिए कोर्ट ले जाती ईडी की टीम।

### पूछताछ में नहीं मिल सकी विशेष जानकारी

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से रिमांड के दौरान जांच एजेंसी ने बड़गई अंचल की बरियातू स्थित जमीन के मामले में पूछताछ की। लेकिन ईडी को अब तक कोई खास जानकारी नहीं मिल सकी है। ईडी के सवालों का पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने कोई स्पष्ट रूप से जानकारी नहीं दी। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि वह जमीन उनके कब्जे में है। 8.46 एकड़ जमीन के अलावा उनकी अचल और चल संपत्तियों के बारे में भी पूछताछ की गई। प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत सोरेन की पीएमएलए कोर्ट में पेशी के दौरान कोर्ट को बताया कि पूछताछ के दौरान हेमंत सोरेन के सामने बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के मोबाइल से मिले 8.46 एकड़ जमीन के साक्ष्य को रखा गया लेकिन उन्होंने पूछताछ में सहयोग नहीं किया।

### विनोद सिंह से ईडी ने किए कई सवाल

**RANCHI :** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का करीबी विनोद सिंह गुरुवार को एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी ऑफिस पहुंचे। जिसके बाद ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। गौरतलब है कि ईडी ने बीते तीन जनवरी और 13 फरवरी को विनोद सिंह के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को विनोद सिंह और हेमंत सोरेन के बीच हुए वॉट्सएप चैट का पूरा ब्योरा मिला था, जिसमें बरियातू की उक्त 8.15 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हाल बनाने का मैप मिला था। इसके अलावा अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षार्थियों के लिए अनुशंसाएं व आग्रह भी था।

**पीएम मोदी की खाड़ी देश की यात्रा संपन्न, 8 भारतीयों की रिहाई के लिए कतर के अमीर को दिया धन्यवाद**

# नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संबंधों को आगे बढ़ाने पर जोर

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुरुवार को कतर यात्रा संपन्न हो गई। उन्होंने कहा कि भारत व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और संस्कृति जैसे प्रमुख क्षेत्रों में खाड़ी देश के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए तत्पर है। कतर सरकार द्वारा भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मियों को रिहा किए जाने के कुछ दिन बाद यह यात्रा हुई जिन्हें अगस्त, 2022 में गिरफ्तारी के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। यह प्रधानमंत्री की कतर की दूसरी यात्रा थी। इससे पहले वह जून 2016 में कतर पहुंचे थे। पीएम मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ व्यापक स्तर पर बातचीत की। वार्ता के दौरान मुख्य रूप से व्यापार, ऊर्जा, निवेश और नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में भारत-कतर संबंधों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।



### भारत-कतर संबंधों में एक नया आयाम जुड़ा

पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर खाड़ी देश में अपने कार्यक्रमों के 1:24 मिनट के वीडियो साथ पोस्ट किया, कतर की मेरी यात्रा से भारत-कतर संबंधों में एक नया आयाम जुड़ा है। भारत व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और संस्कृति से संबंधित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तत्पर है। उन्होंने बैठक की तस्वीरों के साथ एक्स पर पोस्ट किया, शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने भारत-कतर संबंधों की पूरी शृंखला की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने दोहा में अपने औपचारिक स्वागत की तस्वीरों के साथ एक अन्य पोस्ट में कहा, भारत और कतर के संबंध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं।

**यूएई की दो दिवसीय दौरा समाप्त करने के बाद पीएम मोदी गए थे कतर :** पीएम मोदी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की दो दिवसीय यात्रा के बाद बुधवार की रात दोहा पहुंचे थे। यह प्रधानमंत्री की कतर की दूसरी यात्रा थी। इससे पहले वह जून 2016 में कतर पहुंचे थे। पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई में ह्यकॉप 28ह्व शिखर सम्मेलन के मौके पर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात की थी और कतर में भारतीय समुदाय के कल्याण पर चर्चा की थी। नौसेना के पूर्व कर्मियों को 26 अक्टूबर को कतर की एक अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी।

### किसान आंदोलन: पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**AMBALA :** दिल्ली जाने की जिद पर अड़े पंजाब के किसान आंदोलन के तीसरे दिन भी पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर डटे रहे। हरियाणा पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्सेज की मदद से 7 लेयर बैरिकेडिंग और आंसू गैस के गोले छोड़कर इन्हें 3 दिन से रोका हुआ है। पंजाब और हरियाणा के शंभू, खनौरी और डबवाली बॉर्डर 3 दिन से सील हैं। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़ने पर पंजाब के किसान संगठन भी उनके समर्थन में उतरे। संयुक्त किसान मोर्चा ने सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पंजाब के सभी टोल प्लाजा फ्री करवा दिए। भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) ने दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक 6 जिलों में ट्रेनें रोकी। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के अध्यक्ष गुरनाम चढ़ूनी ने भी ऐलान किया किसानों के समर्थन में 16 फरवरी को हरियाणा में 3 घंटे के लिए सभी टोल फ्री करेंगे।

# चंपई सोरेन मंत्रिमंडल का आज होगा पहला विस्तार

### बसंत सोरेन बन सकते हैं नए मिनिस्टर



- सरकार के मंत्रिमंडल में नए चेहरों को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार
- मंत्रियों को राज्यपाल दिलाएंगे शपथ

**PHOTON NEWS RANCHI :** चंपई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का पहला विस्तार शुक्रवार को होगा। मंत्रिमंडल के विस्तार के साथ ही नए मंत्री राजभवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन राजभवन के बिरसा मंडप में अपराह्न तीन बजे आयोजित होनेवाले समारोह में मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। चंपई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल में नए चेहरों को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार, मंत्रिमंडल में सिर्फ दुमका से विधायक तथा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन को ही नए चेहरे के रूप में स्थान मिल सकता है। बताया गया कि झामुमो के साथ कांग्रेस में भी पुराने मंत्रिमंडल में सम्मिलित रहे विधायकों पर ही सहमति बनी है।



**संक्रामक रोगों को आम तौर पर लोग संजीदगी से नहीं लेते। भारत में ज्यादातर लोग मुंहासों के इलाज के लिए या तो घरेलू नुस्खे अपनाते हैं या उन्हें पूरी तरह से अनदेखा कर देते हैं। बहुत कम लोग होते हैं जो डॉक्टर के पास जा कर इलाज कराते हैं। ज्यादातर लोग इस बात से अनजान हैं कि मुंहासे पैदा करने वाला बैक्टीरिया एमआरएसए जानलेवा भी हो सकता है।**



# जानलेवा बैक्टीरिया एमआरएसए

**मुंहासे** पैदा करने वाला मेथिसिलिन रेसिस्टेंट स्टेफीलोकोकस ऑरेउस या एमआरएसए एक ऐसा बैक्टीरिया है. जो आम तौर पर त्वचा पर आक्रमण करता है। अमेरिका में ज्यादातर त्वचा के रोग इसी विषाणु के कारण होते हैं। मुंहासों तक तो इन पर काबू कर लिया जाता है, लेकिन अगर यह किसी चोट द्वारा खून के अंदर पहुंच जाएं, तो यह शरीर को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। खास तौर से ऑपरेशन के दौरान अगर ध्यान न दिया जाए तो यह पूरे शरीर में इन्फेक्शन फैला सकता है।

## एंटी बायोटिक का असर नहीं

एमआरएसए को सबसे पहली बार 1961 में खोजा गया था। इससे छुटकारा पाने के लिए एंटी बायोटिक का इस्तेमाल भी किया गया, लेकिन इतने वर्षों में इन विषाणुओं ने खुद को इन दवाइयों के हिसाब से ढाल लिया है। मेथिसिलिन, अमोक्सिसिलिन, मेथिसिलिन रेसिस्टेंट स्टेफीलोकोकस ऑरेउस या एमआरएसए पेनिसिलिन, ओक्ससिलिन जैसे ज्यादातर एंटी बायोटिक अब इन पर काम करने में विफल रहते हैं। वैज्ञानिक अब नए एंटी बायोटिक बनाने में लगे हैं।

## यूरोप में लाखों बीमार

यूरोप में हर साल चालीस लाख से अधिक लोग अस्पतालों में इन्हीं एमआरएसए विषाणुओं का शिकार होते हैं। इनमें से 35,000 जर्मनी में हैं। एक अध्ययन के अनुसार यूरोप में हर साल 37,000 लोग इसलिए अपनी जान गंवा बैठते हैं, क्योंकि वे अस्पताल में आकर बीमार पड़ते हैं और समय रहते उनका सही इलाज नहीं हो पाता। यूरोपीय संघ कोशिश कर रहा है कि अस्पतालों में साफ-सफाई के मापदंड अब और भी सख्त कर दिए जाएं।

## मरीज की पहचान जरूरी

जर्मन सोसाइटी फॉर हॉस्पिटल हाइजीन चाहता है कि जर्मनी के हर अस्पताल में मरीज को भर्ती करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच कर ली जाए कि कहीं वह अपने साथ इस कीटाणु को तो नहीं लाया है। ऐसा करना इसलिए जरूरी है, ताकि मरीज की पहचान कर ली जाए और उसे बाकी मरीजों से अलग रखा जाए। जर्मनी, फ्रांस और पोलैंड में 25 प्रतिशत मरीजों में यह कीटाणु पाया गया। स्पेन और तुर्की जैसे अन्य दक्षिण यूरोपीय देशों में हालात और भी खराब हैं। वहां 50 प्रतिशत मरीज इस विषाणु से संक्रमित हैं।


## एमआरएसए का बढ़ता खतरा

पिछले वर्षों में एमआरएसए के केस इतनी तेजी से बढ़े हैं कि अब इसे कामकाज संबंधी बीमारी के रूप में देखा जा रहा है। जर्मन सोसाइटी फॉर हॉस्पिटल हाइजीन के अनुसार जर्मनी में 80 प्रतिशत अस्पतालों में एमआरएसए का खतरा है। इन अस्पतालों से कड़े रूप से यह कहा जा रहा है कि जो लोग साल में एक से ज्यादा बार अस्पताल में भर्ती हो रहे हों, उनकी पूरी जांच की जाए।



# क्या आप जानते हैं?

**क्या है डीप वैन थ्रोमयोसिस यानी 'डी वी टी '? लम्बी दूरी की थकाऊ उड़ान की कीमत अकसर पैरों और हमारी जंघाओं को चुकानी पड़ती है ।**



## लक्षण

लम्बी दूरी उड़ान के दौरान काल्फ जैसी डीप वैन्स (निचली शिराओं में ) खून का थक्का बनने लगता है। साथ में बेहद का दर्द और इन्फलेमेशन होने लगता है। बस यही है 'डीप वैन थ्रोम -योसिस' के लक्षण।

## समाधान

डी वी टी का समाधान भी सीधा सरल है। हर एक घंटे के बाद प्लेन में एक सिरे से दूसरे तक टहलिए । पैर लटकाकर बैठे मत रहिए। खूब पानी पीजिए (हाई -डरै -टिड रखिये शरीर को ) हो सके तो किसी भी प्रकार पैरों को एलीवेटिड रखिए । वैसे आप को बता दें कि आजकल फ्लाइट के दौरान पहने जाने वाले विशेष मौजे (सॉक्स)भी उपलब्ध हैं ।

यह फ्लाईट सॉक्स खास तौर पर डिजाइन किए गए कम्प्रेशन होजरी से तैयार किये जाते हैं। ये रक्त प्रवाह को पैरों की और मोड़ कर दिल तक ले जाते हैं। यह पैरों पर इस तरह से दबाव (प्रेशर) डालते हैं, जिससे दर्द घुटनों से पैरों के टखनों (एंकल) की ओर मुड़ जाता है।



**हाउस वाइफ रीता आजकल बहुत चिंतित रहने लगी है। दरअसल महीने मे यह तीसरी बार है की वह अपने 6 वर्षीय बेटे रिंकू को स्थानीय अस्पताल मे दिखाने लाई है। रिंकू को बार बार दस्त हो रहे है। मात्र 4 दिन पहले ही रिंकू को इसी अस्पताल से छुट्टी मिली थी, तब उसे उल्टी दस्त की वजह से 2 दिन के लिए अस्पताल मे भर्ती किया गया था।**

# घर के बर्तन भी फैलाते हैं रोग

बाल रोग विशेषज्ञ ने रीता को बताया की रिंकू की बीमारी खाने से उत्पन्न बैक्टीरिया की वजह से हुई है। इसलिए उसे रिंकू की खानपान की आदतों के प्रति खास तौर पर चौकन्ना रहना होगा। डॉक्टर ने रीता को यह भी बताया कि अपने बच्चे को खाना देते वक्त उसे क्या करना है और क्या नहीं।

डॉक्टर द्वारा दी गई सूची को पूरा पढ़ने के बाद लगा जैसे रीता रो पड़ेगी, क्योंकि इस सूची में ऐसा कोई काम नहीं था जो उसने न किया हो। एक शिक्षित व समझदार मां के तौर पर रीता ने बहुत अच्छी तरह अपने बच्चे की सेहत व भलाई के हरसंभव कदम उठाया था।

रीता ने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि रिंकू वहीं पानी पीए जो छना व उबला हुआ हो। उसने अपने बच्चे को हमेशा ताजा बना हुआ भोजना दिया। वास्तव में रीता के पति व उसकी सहेलियां उसका यह कह कर मजाक भी उड़ाते थे कि अपने बेटे के मामले में वह कुछ ज्यादा ही हाइजीनिक है। रीता ने बहुत सोचा, लेकिन फिर भी वह उस कारण को नहीं ढूंढ़ पाई, जिस वजह से उसके बेटे को बार बार संक्रमण हो रहा था।

## उदाहरण मात्र है

रीता तो मात्र एक ही उदाहरण है। हमारे देश मे ऐसी हजारों माताएं हैं जो उस कारण को खोज रही हैं, जिसकी वजह से उनके बच्चे व परिवार के अन्य सदस्य बार बार बीमार पड़ते हैं। किंतु लगातार प्रयासों के बावजूद भी वे इन संक्रामक बीमारियों को अपने घर से दूर नहीं रख पा रही हैं।

## वरिष्ठ चिकित्सकों के अनुसार

जब हम भोजन की साफ-सफाई के बारे में बात करते हैं तो बर्तनों का जिक्र शायद ही कभी आता हो। वास्तव में बर्तन भोजन संबंधी स्वच्छता का सबसे अहम हिस्सा हैं, क्योंकि बर्तनों में ही खाना पकाया, परोसा और ले जाया जाता है। जिन बर्तनों को ठीक से धोया नहीं जाता, उनमें ऐसे जीवाणु पनप जाते हैं, जो रोगकारक होते हैं और ऐसे बर्तनों से बीमारी फैल सकती है।''

## तो क्या है इसका हल?

सर्वश्रेष्ठ तरीका तो यही है कि बर्तनों को रोगाणुओं से मुक्त किया जाए। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सलाह दी जाती है कि बर्तनों को धोने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री में जीवाणुनाशक एजेंट होना चाहिए। लेकिन यह भी ध्यान रखने योग्य बात है कि बर्तन धोने के लिए जो रासायनिक एजेंट इस्तेमाल किए जाएं वे सुरक्षित हों और उनसे किसी किस्म का नुकसान न हो। साइक्लोजैन ऐसा रोगाणुरोधी एजेंट हैं, जो इस उद्देश्य को पूरा करते हैं।

## उद्देश्य को पूरा करते हैं साइक्लोजैन

साइक्लोजैन मानव इस्तेमाल के लिए सुरक्षित हैं और ये बर्तनों से 85 प्रतिशत बैक्टीरिया को साफ करने में सक्षम हैं। ये रसायन बैक्टीरिया को धो डालते हैं और लगभग 8 घंटों तक उन्हें फिर से पनपने से भी रोकते हैं। इस वक्त भारतीय बाजारों में कई ब्रांड नामों से 'डिश वॉश' फॉर्मूला उपलब्ध हैं, जिसमें साइक्लोजैन मौजूद हैं।

## अनदेखा कर देते हैं अहम पहलू

- साफ-सफाई के सभी मानकों का पालन करने पर भी हम में से अधिकतर लोग भोजन दूषित होने के सबसे अहम् पहलू को अनदेखा कर देते हैं- वे बर्तन जिनमें हम खाना पकाते, रखते और खाते हैं।
- आम तौर पर प्लेटें और टिफिन को सिर्फ पानी से धो लिया जाता है। हम सभी जानते हैं कि नल से आने वाला पानी रोग फैलाने वाले जीवाणुओं को लिए होता है।
- भले ही आप दो-तीन बार पानी को छानें या उबालें या फिर गर्मागर्म खाना बना कर परोसें; लेकिन आपकी इन कोशिशों पर पानी फिर जाएगा, अगर यह खाना-पानी ऐसे बर्तनों में परोसा जाए, जिन्हें रोगाणुओं से मुक्त नहीं किया गया है।
- गिलास, कटोरी, थाली, टिफिन आदि में मौजूद बैक्टीरिया भोजन व पानी में बड़ी तेजी से मिल जाते हैं। एक बार भोजन या पानी दूषित हो गए तो फिर वे हमेशा के लिए दूषित ही रहेंगे।



## इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को झामुमो ने बताया ऐतिहासिक

# चुनावी बॉन्ड के जरिए काले धन को सफेद करने पर लगी रोक : सुप्रियो

**PHOTON NEWS RANCHI :** इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को झामुमो ने ऐतिहासिक करार देते हुए स्वागत किया है। पार्टी महासचिव एवं केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया है। आज के दिन की तारीख बड़ी है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। चुनावी बॉन्ड के माध्यम से शुरू हुआ, काले से सफेद के कारनामे पर लगाम लग गयी है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के दायरे में सभी राजनीतिक दल आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राजनैतिक पार्टियों को चुनावी बॉन्ड के जरिए मिलनेवाले चंदे पर रोक लगा दी है। इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा देनेवालों के नाम, एसबीआई को चुनाव आयोग को देने होंगे। इतना ही चुनाव आयोग उन नामों की लिस्ट को अपनी वेबसाइट पर साझा करने होंगे। यह बातें उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2014 के बाद पूंजीपति लोगों की कैसे रक्षा की जाए, इसके लिए चुनावी बॉन्ड की शुरूआत की गई। 2014 से पहले नरेंद्र मोदी पूरे देश का भ्रमण कर रहे थे और एक विशेष विमान मिला था। वह विमान एक विशेष समूह ने दिया था। उस समूह का नाम अडानी था। पूर्व वित्त मंत्री ने 2017 में एक कानून बनाया। चुनावी बॉन्ड को इस तरीके से पेश किया गया, जैसे कोई क्रांतिकारी कदम है। एसबीआई को यह चुनावी बॉन्ड जारी करने का काम दिया गया था और उस बॉन्ड को कोई भी व्यक्ति खरीद सकता है और किसी भी पार्टी को दे सकता है। इस बॉन्ड पर सभी ने आपत्ति जतायी थी। लेकिन उसके बाद 2018 में इसे जारी कर दिया गया। इसे आरटीआई से भी अलग रखा गया। जिसे सुप्रीम कोर्ट खारिज करके ऐतिहासिक निर्णय दिया है। इसकी जितनी तारिफ की जाए कम है। भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को तीन सप्ताह के अंदर चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों के नाम जारी करने का निर्देश दिया है। देश बेचनेवाले लोग चुनाव के समय सामने आयेंगे, 13 मार्च ऐतिहासिक दिन होगा, जब देश बेचने और खरीदनेवालों के नाम सामने आयेंगे। हमें अंदेशा है कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर अध्यादेश लाने की तैयारी हो सकती है। क्या ईडी सूची जारी होने के बाद प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और जेपी नड्डा को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। देश बेचनेवाले और खरीदनेवालों को सभी जानते हैं। भाजपा अदालत से बच सकती है, लेकिन मई में जनता की अदालत से कैसे बच पायेगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने साबित कर दिया कि इस देश में देर जरूर है मगर अंधेर नहीं।

- पूंजीपतियों की रक्षा में जुटी केंद्र सरकार को लगा तगड़ा झटका
- 13 मार्च के बाद ईडी पीएम, गृह मंत्री और नड्डा से पूछताछ करेगी
- देश में देर जरूर है मगर अंधेर नहीं


प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से बातचीत करते सुप्रियो भट्टाचार्य।

## सत्ताधारी पार्टी का खजाना भरने के लिए बनायी गयी इस योजना : सीपीआइएम

**PHOTON NEWS RANCHI :** सुप्रीम कोर्ट की ओर से गुरुवार को इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक करार दिया। सीपीआइएम की ओर से सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को एतिहासिक बताया गया। इस संबध में सीपीआइएम केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रकाश विप्लव ने कहा कि इस फैसले ने अज्ञात कॉरपोरेट दाताओं द्वारा सत्ताधारी पार्टी का खजाना भरने के लिए बनायी गयी इस योजना को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। सीपीआइएम ने खुद शुरूआत में घोषित किया था कि पार्टी चुनावी बांड स्वीकार नहीं करेगी क्योंकि यह योजना भ्रष्टाचार को वैध बनाती है। सीपीआइएम ने अन्य याचिकाकताओं के साथ सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बांड योजना को चुनौती दी थी। यह स्पष्ट है कि इस योजना के खिलाफ दायर याचिका के सभी मुख्य आधारों को फैसले में बरकरार रखा गया है। प्रकाश विप्लव ने कहा कि यह आवश्यक है कि पारदर्शिता, पैसे और चुनाव में बराबरी का मैदान सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक और चुनावी अनुदान के लिए जनवादी सुधारों को सामने लाया जाये।

## गठबंधन की सरकार के भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाने के लिए न्याय चाहिए : सुदेश कुमार महतो

**PHOTON NEWS RANCHI :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि गठबंधन की सरकार के भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाने के लिए न्याय चाहिए। सत्तारूढ़ दल अन्याय करने के लिए न्याय यात्रा पर निकला है। इन्होंने पूरे देश में राज्य के परिचय को बदल कर साख को खराब किया है। कोयला, पत्थर, बालू जैसे खनिज संपदा को बेचने वाली यह सरकार अब युवाओं की नौकरी भी बेच रही है। महतो गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव निकेश कुमार लाल और पार्टी के केंद्रीय सदस्य अभिरंजन तिवारी के नेतृत्व में कई युवाओं और बुद्धिजीवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही एप्सेंसिस ग्रुप के निदेशक और सीईओ मनीष कुमार पांडेय ने पार्टी के विचारों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आप सभी को सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए राजनीतिक दायित्व और जवाबदेही को निभाना होगा। अलग-अलग पेशे के लोग आजसू से जुड़ रहे हैं। युवाओं के राजनीति में आने से अच्छा माहौल पूरे प्रदेश में विकसित हो रहा है। यह एक बड़े विचार को खड़ा करेगा। आने वाले समय में आजसू पार्टी का दायित्व बढ़ने वाला है। हमने हर विचार को जगह देने का काम किया है। राजनीति थोपी हुई विचारों से नहीं चलती है। आम विचारों को नेतृत्व करने वाली पार्टी आजसू है। निकेश कुमार लाल ने कहा कि सुदेश महतो के विचारों से पिछले कई सालों से जुड़ा हुआ हूं।


केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित करते सुदेश।

## जांच एजेंसियों का दुरुपयोग के खिलाफ कल से कांके में न्याय यात्रा की शुरुआत



**PHOTON NEWS RANCHI :** झामुमो पूरे राज्य में न्याय यात्रा निकलेगी। कांके प्रखंड में इसकी शुरूआत 17 फरवरी से की जाएगी। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि, कांके प्रखंड क्षेत्र में हर दिन कांके प्रखंड समिति द्वारा न्याय यात्रा की शुरूआत की जा रही है। इसकी शुरूआत कांके प्रखंड के ऊरगुट्टू पंचायत से किया जाएगा। न्याय यात्रा का मकसद झामुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा के इशारों पर केंद्रीय एजेंसी द्वारा फसाने का प्रयास किया जा रहा है इसके खिलाफ में साथ ही झारखंड के राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिए गए कार्य को जनताओ के बीच बताने का प्रयास किया जाएगा।

## इचापीड़ी पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने रांची डीसी और कांके बीडीओ को सौंपा मांग पत्र


बीडीओ को मांग पत्र सौंपते जनप्रतिनिधि

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना ग्रामीण क्षेत्रों पर चलाई जा रही है। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभुकों से आवेदन लिया गया। इसी कड़ी में कांके प्रखंड के इचापीड़ी पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने गुरुवार को रांची उपायुक्त और कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपते हुए कहा है कि, सरकार के निदेर्शानुसार इचापीड़ी पंचायत के ग्रामीण, मुखिया, उप मुखिया, सभी वार्ड सदस्य एवं ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में ग्राम सभा के द्वारा योग्य लाभुकों का चयन किया गया। किंतु कांके प्रखंड कार्यालय के द्वारा जारी अंतिम सूची में जिन लोगों को का नाम जारी किया गया है, वह इस योजना का लाभ लेने के लिए अयोग्य है। जनप्रतिनिधियों ने रांची उपायुक्त और कांके प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग करते हुए कहा है कि, कांके प्रखंड कार्यालय के द्वारा जारी सूची को रद्द करते हुए ग्राम सभा के द्वारा पारित योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिलाने का कार्य किया जाए। मांगपत्र सौपने वाले प्रतिनिधि मंडल में कांके प्रखण्ड के इचापीड़ी पंचायत के मुखिया लाखो उरांव, उप मुखिया मोहम्मद गुफरान, ग्राम प्रधान लाउडा उरांव, वार्ड सदस्त पंचम उरांव, गुलनाज परवीन, रूपा कुमारी, निकहत परवीन, निगार परवीन, रूमन्ती देवी, नासरीन परवीन, कविता कुमारी, मौजूद थे।

## महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को गति देने और मंथन करने को जुटे देशभर के एक्सपर्ट



शहरी आजीविका पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में मौजूद एक्सपर्ट।

**PHOTON NEWS RANCHI :** शहरी आजीविका पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला गुरुवार से रांची में होटल बीएनआर में शुरू हुआ। इस कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और शहरों में रहने वाले गरीबों के जीवन स्तर में सुधार और गति लाने के तरीकों को गति देने की योजनाओं पर एक्सपर्ट सुझाव दे रहे हैं। कार्यशाला की शुरूआत में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की निदेशक शालिनी पांडेय ने शहरी आजीविका क्षेत्र में दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन के योगदान के बारे में बताया। आने वाले समय में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में भी बताया। यूएनडीपी की प्रतिनिधि इसाबेले टिशान ने शहरी क्षेत्र में रहने वाली कमजोर तबके (आर्थिक तौर पर) की महिलाओं की स्थिति और उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के अलावा उन्हें सशक्त किए जाने के प्रयासों और उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़े जाने पर गहन चर्चा करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यशाला में रांची नगर निगम के स्तर से संचालित डे-एनयूएलएम से जुड़े तीन एसएचजी समूह की महिलाओं ने आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों से जुड़े अनुभव को साझा किया।

### यूनियन ऑफ इंडिया की कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

# न्यूक्लियस मॉल मामले में फैसला सुरक्षित

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट में जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील (एलपीए) की सुनवाई गुरुवार को हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामला में फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रतिवादी चैलिश रियल स्टेट की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया, अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह एवं अधिवक्ता अर्पण मिश्रा ने पक्ष रखा। मामले में हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता सेना के अधिकारियों की याचिका को पांच अप्रैल, 2023 को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ सेना की ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई थी। खंडपीठ ने बीते नवंबर माह में जिमखाना क्लब की जमीन पर बना रहे न्यूक्लियस मॉल के कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट की एकल पीठ में सुनवाई के दौरान सेना के अधिकारियों की ओर से कहा गया था कि जिमखाना की जमीन पर जो मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बन रहा है वह सेना की जमीन के बगल में है। नियम के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना की जमीन से 50 मीटर की दूरी पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होना चाहिए था। प्रतिवादियों की ओर से कहा गया था कि सेना की ओर से जिस गाइडलाइन का हवाला दिया जा रहा है वह वर्ष 2022 का है।



## गीता ने कोर्ट में किया सरेंडर, मिली बेल

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी केके मिश्रा की अदालत में आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में आरोपित सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर किया। साथ ही जमानत अर्जी दाखिल की। अदालत ने 10 हजार के दो निजी मुचलकों पर जमानत की सुविधा प्रदान की। गीता कोड़ा को पिछले महीने अपर न्यायायुक्त की अदालत ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी। इसके साथ ही निर्देश दिया था कि एक महीने के अंदर संबंधित कोर्ट में सरेंडर कर जमानत प्राप्त करें। उसी दिशा-निर्देश पर गीता कोड़ा ने कोर्ट में सरेंडर कर जमानत प्राप्त की। याचिकाकर्ता की ओर से वकील जितेंद्र कुमार ने पक्ष रखा था।

## बारिश में हुए नुकसान का मुआवजा दे विभाग : नायक

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। गुरुवार को सूबे के कई जिलों में ओलावृष्टि के साथ झमाझम बारिश हुई। ओलावृष्टि से किसानो के लाखों एकड़ के खेतों मे लगे फसलों व कई घरों को भी नुकसान पहुंचा। इसपर संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी झारखंड छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने कृषि एवं आपदा विभाग से मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बारिश से खेतों में लगी सब्जियां व फसलों की बबार्दी हुई, दूसरी ओर कई गरीब के हजारों खपरैल घरों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। आसमान से 100 से 250 ग्राम तक के ओला गिरने से तबाही मच गई। लोगों के घरों के आंगन में एक-एक फीट तक ओला जमा हो गए थे। नायक ने कहा कि तबाही से किसान व गरीब के सामने आर्थिक समस्या खड़ी हो गई है । ऐसे मे राज्य सरकार का नैतिक कर्तव्य बनता है कि वे किसानों और गरीबो के दुखों में खड़ा हो। नायक ने सीएम से राज्य के सभी उपायुक्तों व प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर नुकसानों का आकलन कराने मांग की है।



## BRIEF NEWS

### ईएसआईसी अस्पताल का हुआ उद्घाटन




**RAJGANGPUR :** राजगांगपुर में ईएसआईसी अस्पताल के नए भवन, कोइडा, बणई के क्षेत्रों में नई ईएसआई डिस्पेंसरी का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। इस अवसर पर अतिथि के तौर पर पूर्व केंद्र मंत्री एवं सुंदरगढ़ सांसद जुएल ओराम और गणमान्य व्यक्तियों के साथ अतिथि के रूप में श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक उपस्थित हुए। इस पहल से कोइडा में लगभग 5000 कर्मचारी और बणई में 3500 कर्मचारी लाभान्वित होंगे। इससे पहले लोगों को स्वस्थ को लेकर लोगों को अनेक समस्या का सामना करना पड़ता था।

### कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने राउरकेला एडीएम से की मुलाकात, समस्याओं के समाधान की मांग



**ROURKELA :** राउरकेला जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को राउरकेला अतिरिक्त जिलापाल एवं नगर निगम आयुक्त के साथ चर्चा की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि राय के नेतृत्व में पूर्व विधायक प्रभात महापात्र, पीसीसी संपादक बीरेन सेनापति साबिर हुसैन,सलाउद्दीन खान, और कई अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। कांग्रेस के इस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य रूप से एडीएम आशुतोष कुलकर्णी को राउरकेला से बोंडामुंडा सड़क की बदहाली के बारे में अवगत करवाई। इसके साथ ही उन्होंने शहर की बदहाल व्यवस्था पर भी चर्चा की।

### बंडामुंडा के अमर तांती की हत्या मामले में एक गिरफ्तार, दुश्मनी को लेकर हुई हत्या



**ROURKELA :** बंडामुंडा के 'ए' सेक्टर में सोमवार की देर रात हुई हत्या के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर कोर्ट चालान किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड भी बरामद कर ली है। यह हत्या पूर्व दुश्मनी के कारण की गयी है। हत्या पिछले सोमवार की रात एक सुनसान क्वार्टर में हुई। इस कंडम क्वार्टर में अमर तांती नाम का युवक रहता था। सूरज दास नामक युवक ने सोते समय रॉड से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। पिछले साल जनवरी में सूरज के भाई की दुकान में चोरी हुई थी। चोरी की सूचना उसी समय थाने में दिया गया था। चोरी के मामले में पुलिस ने अमर तांती को गिरफ्तार कर कोर्ट चालान किया था। जेल से लौटने के बाद इस घटना को लेकर सूरज और अमर दोनों के बीच समय समय झगड़ा हुआ था। सोमवार शाम को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इस घटना के बाद उस रात अमर के सोने के दौरान क्वार्टर में घुस कर लोहे की रॉड से पीट-पीटकर सूरज ने अमर की हत्या कर दी। घटना की जांच के बाद बंडामुंडा पुलिस ने सूरज को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### टूटे सड़कों की मरम्मत का आदेश



**ROURKELA :** राउरकेला के अतिरिक्त जिलापाल सह नगर निगम आयुक्त आशुतोष कुलकर्णी ने सुबह-सुबह मधुसूदन मार्ग से अंबेडकर चौक तक स्वच्छता गतिविधियों और सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को उबड़-खाबड़ सड़कों की मरम्मत करने की सलाह दी और कचरे को हटाने पर जोर दिया।

### हॉकी : ऑस्ट्रेलिया ने चीन को 2-0 से हराया



**ROURKELA :** राउरकेला में एफआईएच प्रो लीग महिला हॉकी का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया और चीन के बीच बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने 29वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके 1-0 की बढ़त ले ली। फिर 57वें मिनट में फील्ड गोल कर 2-0 की बढ़त ले ली और चीन अंत तक गोल नहीं कर सका और ऑस्ट्रेलिया 2-0 से जीत गया। वही दूसरे ओर एफआईएच प्रो लीग में आज भारतीय महिला टीम ने भारतीय प्रशंसकों को एक बार फिर निराश किया। टीम इंडिया को नीदरलैंड्स ने 1-0 से हरा दिया।

### लौह स्क्रैप निगमों के निजीकरण के विरुद्ध श्रमिक संगठन करेंगे व्यापक आंदोलन



**ROURKELA :** केंद्र सरकार ने एक बार फिर राज्य के स्वामित्व वाले उद्यम फेरोस्क्रैप कॉर्पोरेशन में पूर्ण निवेश की तत्परता व्यक्त की है। श्रमिक संघों के निजीकरण के खिलाफ लगातार आंदोलन और कानूनी लड़ाई के कारण, वित्त मंत्रालय द्वारा इस प्रक्रिया को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, लेकिन नए साल 2024 की शुरूआत में, इसे एक बार फिर से गुप्त रूप से नीलामी चरण में ले जाया गया, और स्क्रैप माफिया के हाथ में दिया जाने का एक चक्रांत किया जा रहा है। फेरोस्क्रैप कॉरपोरेशन का निजीकरण, जो लगातार लाभदायक है और राज्य के स्वामित्व वाले इस्पात उद्योग के विकास में प्रमुख भूमिका निभाता है और एक मिनी रत्न कंपनी के रूप में पहचाना जाता ह। इस से स्क्रैप माफिया के प्रवेश का रास्ता खोल देगा। राज्य के स्वामित्व वाला इस्पात उद्योग। दूसरी ओर, लगभग 2,000 कर्मचारी और ठेका कर्मचारी अपनी आजीविका खो देंगे। ऐसी गंभीर स्थिति से निपटने और करो या मरो की स्थिति में भविष्य की कार्रवाई का निर्धारण करने के लिए, फेरोस्क्रैप कॉर्पोरेशन के विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के प्रतिनिधियों और विभिन्न शाखाओं के मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों के नेताओं ने दुर्गापुर में आयोजित एक संयुक्त बैठक में भाग लिया। अलोकतांत्रिक एवं मजदूर विरोधी नीति की कड़ी निंदा की। बड़े पैमाने पर इस्पात उद्योग के हित में और श्रमिकों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए, आने वाले दिनों में व्यापक आंदोलन के साथ ऐसे खराब प्रयासों का मुकाबला करने के लिए न्यायिक प्रणाली का सहारा लेने पर आम सहमति थी। इस बैठक में राउरकेला मजदूर सभा के अध्यक्ष श्री शशधर नाइक ने भाग लिया और वर्चुअल मीडिया के माध्यम से संबोधित किया, फेरोस्क्रैप कॉरपोरेशन के संपादक नृपानंद नाइक और सुरेश पटनायक उपस्थित थे और चर्चा में भाग लिया।

# नंदकिशोर यादव बिहार विधानसभा के नए स्पीकर तेजस्वी ने छूए पैर

## 17वीं विधानसभा के तीसरे अध्यक्ष बन बनाया रिकॉर्ड; बजट सत्र का तीसरा दिन





एजेंसी

**पटना ।** भाजपा के सीनियर लीडर और पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव बिहार विधानसभा के नए स्पीकर चुने गए हैं। सर्वसम्मति से उन्हें अध्यक्ष चुना गया। बजट सत्र का तीसरा दिन है। इधर सीएम नीतीश कुमार सदन के नेता और तेजस्वी नेता विरोधी दल चुने गए हैं।नंद किशोर यादव के निर्वाचन के साथ ही बिहार विधानसभा के किसी एक कार्यकाल में सबसे अधिक अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड भी 17वीं विधानसभा के नाम दर्ज हो गया। इससे पहले इससे पहले नौवीं विधानसभा (1985-90) में शिवचंद्र झा और मो. हिदायतुल्लाह खां अध्यक्ष बने थे।स्पीकर के निर्वाचन के लिए विधानसभा में आज अलग से एक सत्र बुलाया गया है। बजट सत्र के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज सदन स्थगित था, लेकिन स्पीकर के चुनाव के लिए कार्य मंत्रणा समिति ने आज सत्र बुलाने करने का निर्णय लिया है।नंदकिशोर यादव के निर्विरोध चुने जाने को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि यह अच्छी परंपरा है। बीच में परंपरा टूटी थी। लेकिन, सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जाएंगे। लोकतंत्र में यह अच्छी पहल है। सभी माननीय विधायक और एमएलए को शुभकामना देता हूं। ताकि,बिहार और आगे बढ़े।तीसरी बार हो रहा अध्यक्ष का निर्वाचन 2020 के विधानसभा चुनाव के बाद तीसरी बार अध्यक्ष का निर्वाचन हो रहा है। 25 नवंबर 2020 को भाजपा के विजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष बने। उनका कार्यकाल 24 अगस्त 2022 तक रहा। 25 अगस्त को 2022 को अवध बिहारी चौधरी अध्यक्ष बने। 12 फरवरी को उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। 17वीं विधानसभा में अध्यक्ष बदलने का भी रिकॉर्ड बन रहा है। इससे पहले नौवीं विधानसभा (1985-90) में शिवचंद्र झा और मो. हिदायतुल्लाह खां अध्यक्ष बने थे। अध्यक्ष पद की वर्तमान रिक्ति को भरने के लिए 13 फरवरी के दोपहर तक नामांकन करने का समय था। नंद किशोर यादव को छोड़ कर किसी अन्य का नामांकन नहीं आया। एनडीए के 15 विधायकों ने अलग-अलग उनके नाम का प्रस्ताव दिया है। हर एक प्रस्तावक के साथ एक अनुमोदक भी हैं।अविश्वास प्रस्ताव से हटाए गए थे अवध राजद के अवध बिहारी चौधरी के विधानसभा अध्यक्ष से हटने के कारण यह रिक्ति हुई है। 12 फरवरी को चौधरी के विरुद्ध पेश अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हुआ था। प्रस्ताव के पक्ष में 125 और विपक्ष में 112 वोट पड़े थे।

## संक्षिप्त डायरी

### छपरा में 6 हुड़दंगी सहित 4 डीजे जब्त



**छपरा ।**सारण जिला में सरस्वती पूजन को लेकर पुलिस काफी सक्रिय है। जिले में हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सारण पुलिस द्वारा डीजे जब्त किया गया है। नगर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से पुलिस को मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 4 डीजे को जब्त करते हुए कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा विशेष गश्ती दल बनाकर हुड़दंगियों और तेज साउंड में डीजे बजाने वाले को चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पूरे जिले में कंट्रोल रूम के माध्यम से नजर रखा जा रहा है। किस प्रकार के हंगामा के सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है।मामले के बारे में जानकारी देते हुए एसपी गौरव मंगला ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दिया कि जिला मुख्यालय में कंट्रोल रूम का स्थापना कर पूरे जिले पर नजर रखी जा रही है। इसुआपुर थाना में डीजे बजाने के विवाद को लेकर दो गुट आपस में उलझ गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इसुआपुर थाना में कांड संख्या 42/24 दर्ज करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विवाद का कारण दो गुटों में आपत्तिजनक गाना बजाया जा रहा है। पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है। वहीं शहरी क्षेत्र में भी तेज साउंड बजाए जाने के शिकायत ओर डीजे जब्त किया गया है। पुलिस टीम लगातार घूमकर नजर बनाए हुए है।

### रेल यात्री का सामान चोरी करने वाला गिरफ्तार




**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर रेलवे जंक्शन पर ग्वालियर बरौनी मेल (11123 डाउन) से रेल यात्रियों के सामान की चोरी कर रहे एक शातिर चोर को रेलवे सुरक्षा बल ने गिरफ्तार किया है।मुजफ्फरपुर रेलखंड में रेलवे सुरक्षा बल ऑपरेशन यात्री सुरक्षा चला रहा। जिसमें एक आरपीएफ की विशेष टीम को सफलता मिली है। जहां रेल यात्रियों के सामान की चोरी कर रहे एक शातिर को आरपीएफ की टीम ने बरौनी ग्वालियर मेल से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सीतामढ़ी जिला के रीगा थाना क्षेत्र के ग्राम भौरा निवासी मोहम्मद रिजवान अंसारी 22 वर्ष के रूप में हुई है।पकड़े गए शातिर चोर के पास से रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों से चुराए गए 2 मोबाइल और 7 हजार रुपया भी बरामद किए हैं। प्राथमिकी के आधार पर जीआरपी मुजफ्फरपुर की टीम ने कांड संख्या 26/2024 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया। जहां से अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

### 1 मार्च से राजगीर से खुलेगी आस्था स्पेशल ट्रेन



**नालंदा।** 01 मार्च को राजगीर रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन खुलकर अयोध्या को रवाना हो रही है। जिसमें सवार सभी रेलयात्रियों को श्री रामलला मंदिर में नवस्थापित, सह प्राण-प्रतिष्ठापित श्री रामलला की मनमोहक छवि निहारने का धार्मिक लाभ मिलने वाला है। जिसका रजिस्ट्रेशन का कार्य 17 फरवरी तक जारी रहेगा।इसकी जानकारी देते हुए भाजपा यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सह श्री रामलला दर्शन अभियान समिति के क्षेत्रिय प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि अयोध्या स्थित श्री रामलला मंदिर दर्शन हेतु राजगीर से आस्था स्पेशल ट्रेन आगामी 01 मार्च को सुबह 06 बजे खुलेगी। जिसका रजिस्ट्रेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। जो 17 फरवरी तक जारी रहेगा। जिसमें बतौर सेवा शुल्क के रूप में 895 निर्धारित किया गया है। रजिस्ट्रेशन कार्ड 22 फरवरी तक पंजीकृत रेलयात्रियों को निर्गत करा दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया राजगीर सेवा संस्कार में संपन्न किया जा रहा है।तकिया, चाय-नाश्ता और भोजन की व्यवस्था उन्होंने आगे बताया कि पंजीकृत रेलयात्रियों को आस्था स्पेशल ट्रेन से सुबह 6 बजे रवाना होने के साथ ट्रेन में कंबल, चादर, तकिया, चाय-नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। फिर अयोध्या में शाम को कैंप पड़ाव चाय-नाश्ता, रात्रि भोजन व रात्रि विश्राम होगा। अगले दिन 02 मार्च को श्री रामलला मंदिर में दर्शन के अलावे भ्रमण आदि का कार्यक्रम होगा। फिर रात्रि को 2बजे अयोध्या से पुनः आस्था स्पेशल ट्रेन से राजगीर वापसी के लिए रवाना। जो 03 मार्च की सुबह यह ट्रेन राजगीर पहुंचेगी।

## पुलिस की मौजूदगी में प्रेमी युगल की कराई गई शादी



एजेंसी

**बांका ।** बांका में पुलिस की मौजूदगी में एक प्रेमी युगल की शादी कराई गई। मामला कटोरिया प्रखंड अंतर्गत जयपुर थाना क्षेत्र के कटियारी पंचायत के कौआ बसार क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि दोनों एक ही समुदाय के है। इस दौरान खुब हाई वोल्टेज ड्रामा चला। बताया जा रहा है कि युवती अंशु कुमारी (22) ने मंगलवार को दुःखनसार थाना क्षेत्र के पंचानंद यादव (26) के खिलाफ एक आवेदन दिया। जिसमें उसने बताया कि जब वो ट्यूसन पढ़ कर घर जा रही थी तभी पंचानंद यादव ने उसके साथ मारपीट की। जिसमें वो जख्मी हो गई थी।वहीं मामले में संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने आरोपी युवक को पकड़ कर थाने ले आई। जिसके बाद दोनों के परिजनों को बुलाया गया। जिसके बाद थानाध्यक्ष को पता चला की मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। जिसके बाद दोनों के परिजनों ने बताया कि दोनों बालिग है और दोनों के बीच लगभग एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसपर दोनों के परिजन शादी की बात पर राजी हो गए फिर थानाध्यक्ष की मौजूदगी में दोनों की शादी शिव मंदिर में कराई गई। बताया जा रहा है कि लड़का और लड़की दोनों एक ही जाति के हैं। लड़का बीपीएससी की तैयारी कर रहा है। जबकि लड़की भी डीएलएड पास है। दोनों एक साथ शिक्षक बहाली के लिए बीपीएससी की तैयारी कर रहे थे।थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ था। सहमति के बाद दोनों की शादी कर दी गई है।

## छापेमारी में 12 अपराधियों की गिरफ्तारी




एजेंसी

**आरा ।** भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के आदेश पर कांड में फरार चले रहे आरोपियों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 12 लोगों को पकड़ा गया। इसमें हत्या के प्रयास में दो, वारंट में दो, शराब में 5 अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। अभियान के दौरान 22 लीटर देसी और पांच लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। 350 लीटर अंग्रेजी शराब विनष्ट कर दिया गया।36 वारंट और तीन कुर्की का निष्पादनकरीब 36 वारंट और तीन कुर्की का निष्पादन किया गया। 581 वाहनों से 82 हजार रुपए जुमार्ना वसूला गया। बिहिया थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में गुप्तेश्वर कुमार यादव और अमरेश कुमार को जमुआं से गिरफ्तार कर लिया। टाउन थाना पुलिस ने बिंद टोली से 180 एमएल के 4 बोतल अंग्रेजी शराब और 17 पैकेट टेट्रा पैकेट शराब के साथ अनोज कुमार को पकड़ा।

इसके अलावा गांगी चौक से बड़की सिंगही निवासी अनिकेत कुमार और अभय कुमार नामक दो भाइयों को 750 एमएल शराब के साथ पकड़ा गया।

## सनातन भूमि पर पश्चिमी सभ्यता को नहीं होने देंगे हावी



एजेंसी

**मोतिहारी ।** मोतिहारी में वेलेंटाइन डे के मौके पर हिंदूवादी संगठनों ने प्यार के इजहार पर पहरा लगाने के लिए शहर के विभिन्न पार्कों में प्रेमी जोड़ों पर नजर रखा। इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता शहर के विभिन्न पार्क में जाकर वेलेंटाइन डे के विरोध में नारेबाजी की।जिस कारण पार्क में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही और प्रेमी जोड़े एक दूसरे से मिलने से डरते रहे। वीएचपी और बजरंग दल के कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय मोतिहारी के लगभग सभी पार्क पर पहरा लगाते देखे गए है। बजरंग दल के जिला सह संयोजक उद्देश्य गुप्ता ने बताया कि आज के दिन पुलवामा में हुए आतंकी हमला में हमारे देश के कई सैनिक शहीद हो गया थे। जिसे भुलाकर हमारी युवा पीढ़ी पश्चिमी सभ्यता संस्कृति से जुड़े त्योहारों को मनाने में जुटे हैं। सनातन की भूमि पर पश्चिमी संस्कृति नहीं चलने दिया जाएगा। प्यार करना कोई गलत बात नहीं है। करना है तो अपने माता पिता से करें और याद करना है तो आज के दिन उन शहीद वीर जवानों को याद करें। जिन्होंने आतंकी हमले में अपनी शहादत दी।नहीं चलेगा पश्चिमी सभ्यता अभिनव पांडेय ने कहा कि लड़के लड़किया और युवा पीढ़ी पश्चिमी सभ्यता संस्कृति को अपना रहे है। ऐसा हम नहीं होने देंगे, ये पार्क में जाकर अपनी गलत हरकतों से अश्लीलता फैलातें हैं। जिसके विरोध में हमलोग रैली निकाले हैं और विभिन्न पार्क में जाकर वेलेंटाइन मनाने वालों को चेतावनी दे रहे हैं।इस दिन का विरोध हमलोग हरसाल करते हैं

## टोल प्लाजा से वांटेड शराब माफिया सहित 2 गिरफ्तार



एजेंसी

**पूर्णिया ।** का शराब माफिया विकास यादव समेत एक अन्य तस्कर को विदेशी शराब की भारी खेप के साथ गिरफ्तार किया गया है। हालांकि 2 अन्य तस्कर भाग गए। वांटेड विकास यादव अपने गिरोह में शामिल तीन तस्करों के साथ मिलकर शराब की खेप पूर्णिया लेकर आ रहा था।गिरफ्तार शराब माफिया विकास यादव पर मरंगा थाना, के हाट, सहायक खजांची, मधुबनी टीओपी जैसे थानों में शराब तस्करी के 10 से अधिक मामले दर्ज हैं। घेराबंदी करते हुए पुलिस ने 2 स्कॉर्पियो में छिपाकर रखी गई 646.92 लीटर विदेशी शराब बरामद की। तस्कर खेप को खपाते इससे पहले ही इसका भंडाफोड़ हो गया। पकड़े गए खेप की कीमत करीब 7 लाख रुपए बताई जा रही है।डगरूआ थाना की पुलिस ने वांटेड विकास यादव और उसके सहयोगी तस्कर को विदेशी शराब की भारी खेप के साथ बरसौनी टोल प्लाजा से पकड़ा। शराब की खेप तस्करी के लिए बंगाल से पूर्णिया लाई जा रही थी। जिसे शादी पार्टियों में मुंह मांगे दाम पर उपलब्ध कराया जाता। एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बंगाल के रास्ते बड़ी मात्रा में शराब आने वाली है। जिसके बाद उन्होंने सभी थानों को अलर्ट मोड में रहने के आदेश दिए। जिसके बाद पुलिस ने पहरा लगा दिया। जैसे ही बरसौनी टोल प्लाजा के पास सफेद रंग की 2 स्कॉर्पियो रुकी। वहां पहले से ही डगरुआ थाने की पुलिस वाहनों की तलाशी के लिए खड़ी थी।पुलिस ने दोनों स्कॉर्पियो को रुकने का इशारा किया। हालांकि तस्करों को भनक लग गई थी कि पुलिस को शराब की सूचना मिल चुकी है। जिसके बाद चार लोग भागने लगे। इसी क्रम में पुलिस ने वांटेड शराब माफिया विकास यादव और उसके एक सहयोगी को पकड़ा। जबकि दो अन्य तस्कर पुलिस को चकमा देकर भाग गए।

## ठनका गिरने से 13 साल की बच्ची की मौत



**आरा ।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव स्थित खेत में बुधवार को ठनका गिरने से किशोरी की मौत हो गई। घटना के बाद 5 घंटे तक खेत में पड़ी रही। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृत किशोरी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव निवासी तपेश्वर पांडेय की 13 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी है। वह 7वीं कक्षा की छात्रा थी।मृत किशोरी के चाचा सत्यम पांडेय ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन गांव के सभी लोग गांव में ही स्थित खुटहा बाबा के मंदिर में पूजा करने के लिए जाते हैं। बुधवार की शाम वह भी अकेले घर खुटहा बाबा मंदिर में पूजा करने के लिए गई थी। लौटने के क्रम में बारिश शुरू होने लगी। बिजली कड़कने लगी। इसी दौरान जब वह खेत से होकर घर आ रही थी तभी ठनका गिर गया। जब वह घर काफी देर तक नहीं लौटी तो परिजनों ने गांव और आसपास के लोगों के घरों में उसकी काफी खोजबीन की।लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसके बाद परिजन जब खुटहा बाबा के मंदिर की ओर गए।

## बीमा भारती को धमकी देने वाला राजस्थान का निकला



पटना जेडीयू विधायक बीमा भारती को जान से मारने की धमकी देने वाले की पहचान राजस्थान के रावत भाटा थाना क्षेत्र के रहने वाले एक मंदबुद्धि आदमी के रूप में की गई है। राजस्थान के रावत भाटा थाने की पुलिस ने उस आदमी की पहचान की है। वहां की पुलिस ने बताया कि आरोपी मंदबुद्धि है। कई बार इसने अलग-अलग लोगों को फोन करके जान से मारने की धमकी दे चुका है। कई बार जेल भी जा चुका है। कोर्ट भी इसे मंदबुद्धि होने के चलते छोड़ देती है।क्या था पूरा मामला जेडीयू विधायक बीमा भारती को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी 13 फरवरी 2024 की रात एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर दी। अज्ञात व्यक्ति ने विधायक को जान से मारने की धमकी दी। गालियां दीं और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। आरोपी ने कहा कि तुम्हारे पति और बेटा को जेल भेजवा दिए है, अब तुमको मार देंगे। धमकी मिलने के बाद विधायक ने पटना के सचिवालय पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और धमकी देने वाले व्यक्ति की तलाश करने में जुट गई। सचिवालय थाना प्रभारी विनोद राम ने बताया कि पटना पुलिस ने विधायक बीमा भारती के द्वारा दिए गए नंबर का लोकेशन ट्रेस किया तो राजस्थान के रावत भाटा थाना क्षेत्र का निकला।

## डबल मर्डर अफेयर और जमीन विवाद में उलझी पुलिस






एजेंसी

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में मंगलवार देर रात होटल में घुसकर 5 अपराधियों ने बाप-बेटे पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। बुधवार को दोनों की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई है। डबल मर्डर में पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। शक के आधार पर एक महिला और 2 युवकों को हिरासत में लिया गया है। सभी से पूछताछ जारी है। मृतकों में मंगुराहियां गांव के किरण यादव (50) और उनका बेटा विराट कुमार (22) शामिल है। पुलिस की जांच को बिंदुओं के आसपास घूम रही है। कुछ दिन पहले विराट की बाइक से किसी लड़की को घर से भगाया गया था। इसके बाद लड़की के घरवालों से विराट का विवाद भी हुआ था। पुलिस को शक है कि ये हत्या इसी विवाद में हुई है।इसी के साथ जिस जमीन पर परिवार अपनी मिठाई की दुकान खोल रहा था। उसपर कुछ दबंग प्रवृति के लोग मछली मंडी खोलने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अनिल ने ज्यादा पैसा खर्च कर मुंगरहिया के रामबच्चन पांडेय की जमीन को अपने नाम पर करा लिया था। जिसका कुछ लोगों ने विरोध भी किया था।हालांकि इस मामले में अभी तक मृतक के परिजनों ने कोई आवेदन नहीं दिया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन के अनुसार अनुसार पुलिस प्रेम-प्रसंग से जुड़े विवाद को पुलिस केंद्र बिंदु में रखकर जांच कर रही है। इलाके की एक लड़की को घर से भगाने में सहयोग करने का आरोप मृत युवक विराट पर लगा है। जिसको लेकर भी परिवार का कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। ।पटना में इलाज के दौरान हुई थी पिता-पुत्र की मौतबीती देर रात पारू थाना क्षेत्र के मोगरहिया चौक पर मिठाई दुकान की ओपनिंग की तैयारी कर रहे पिता किरण कुमार उर्फ अनिल कुमार यादव (50) और उनके पुत्र विराट (24) की देर रात दो हथियारबंद अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दी थी। इलाज के दौरान दोनों की मौत पटना में हुई थी।मगुरहिया चौक पर मंगलवार देर रात 2:30 बजे मिठाई दुकान की सजावट कर रहे पिता-पुत्र को अपराधियों ने गोलियों से भून दिया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतकों में हीरापुर गांव निवासी पैक्स अध्यक्ष सुनील यादव के भाई अनिल यादव उर्फ किरण यादव और उनके पुत्र विराट यादव हैं। घटना के संबंध में बताया गया कि पैक्स अध्यक्ष की नई मिठाई दुकान का उद्घाटन बुधवार को सरस्वती पूजा के दिन तय था। पैक्स अध्यक्ष के भाई व उनके पुत्र उद्घाटन समारोह की तैयारी में जुटे थे। इसी क्रम में बाइक पर सवार दो युवक मिठाई की दुकान पर पहुंचे और दुकान में लगाए जा रहे गुब्बारे फोड़ने लगे। विराट ने विरोध जताया, तो उस पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोली चलानी शुरू कर दी। गोली से जख्मी विराट दुकान से अपने घर की ओर चीखते हुए भागने लगा। विराट के पिता अनिल यादव अपने चौक पर लगी बोलेरो में बैठ आराम कर रहे थे। विराट को चीखते देख बोलेरो से बाहर निकले। इसी बीच उन पर भी अपराधियों ने गोलियों की बौछार कर दी। वे भी जख्मी होकर अपने घर की तरफ भागने लगे। लेकिन, जख्मी पिता-पुत्र दुकान से कुछ ही कदम पर सड़क पर लड़खड़ा कर गिर पड़े।

# वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में बौद्धिक सम्पदा अधिकार कार्यशाला का शानदार आयोजन

संवाददाता।

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान में आज बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर आयोजित दो-दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शानदार समापन हुआ। इस दो-दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला के अलग-अलग आठ सत्रों में देश के विभिन्न सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, शिक्षाविदों एवं भारत सरकार उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं समेत एक दर्जन वक्ताओं ने इस महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डालते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत@2047 संकल्प के लिए इसको अहम कड़ी करार दिया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन



सभागार में बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर आपेक्षित राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, पंतनगर विश्वविद्यालय के सी.ई.ओ. प्रो. जे.पी. मिश्रा, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक पाण्डे, उद्योग मंत्रालय के यासिर अब्बास जैदी, रक्षा मंत्रालय (डी.आर.डी.ओ.) के पूर्व निर्देशक डॉ. अविनाश कुमार एवं कुलपति डॉ. ऐ.के. शुक्ला आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के सी.ई.ओ. प्रो. (डॉ.) जे.पी. मिश्रा ने कहा कि



आज विकसित एवं विकासशील देशों की ग्रोथ में फर्क सिर्फ इतना है कि विकसित देश अपनी बौद्धिक सम्पदाओं को बहुत पहले से ही कॉपीराईट, पेटेंट एवं ट्रेडमार्क जैसी फुलप्रूफ स्क्योिर तकनीक द्वारा सुरक्षित करके पूरी दुनिया पर राज करते रहे हैं। आज भारत में भी प्रत्येक विभाग में देश के वैज्ञानिक, शोधार्थी, औद्योगिक इकाईयों, शिक्षण संस्थान, सभी सरकारी संस्थाऐं अपनी योजनाओं एवं अपने उत्पादों को पेटेंट कर विकसित भारत संकल्प@2047 की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।- दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला को प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. ऐ.के. शुक्ला, डी.आर.डी.ओ. के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश सिंह एवं डॉ. मोहित शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया।- इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डे, प्रतिकुलपति डॉ. राकेश यादव, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, डॉ. प्रिया यादव, एस. एस. बघेल, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चैधरी, मेरठ परिसर से निर्देशक डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, आदि लोग रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ. शिल्पा रैना ने किया।

## मोहम्मद आजम को सपा ने बनाया जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी

संवाददाता।

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा.राम करन निर्मल की स्वीकृति से मोहम्मद आजम अंसारी को लोहिया वाहिनी कुशीनगर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।श्री आजम ने अपने मनोनयन पर सपा के राष्ट्रीय नेतृव का आभार व्यक्त किया प्रमुख महासचिव अमरेन्द्र आर्या, प्रदेश अध्यक्ष यूथ बिग्रेड अनीस रजा, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मोर्या,पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, पूर्व विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मशंकर त्रिपाठी, पूर्व राज्यमंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व प्रत्याशी विस बिक्रमा यादव, पूर्व एम.एल.सी राम अवध यादव, नथुनी कुशवाहा, राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी भईया, विजय



कुशवाहा,विजेंद्र पाल यादव बबलू,उदय नारायण गुप्ता, जिलाध्यक्ष शुकुरुल्लाह अंसारी, राजेंद्र यादव उर्फ मुन्ना,शाहिद लारी,मो.रईस अंसारी बिग टाउन, ग्राम प्रधान असलम अंसारी, आबिद अली, आफताब आलम,मोहम्मद आरिफ आदि ने मोहम्मद आजम अंसारी को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## स्मार्ट क्लास के लिए स्मार्ट टीवी मिलते खिले नौनिहालों के चेहरे

संवाददाता।

**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर (डुमरी) स्थित संविलियन विद्यालय में सोसल वेलफेयर एन्ड अप्लिपटमेन्ट ग्रुप नई दिल्ली द्वारा स्व0 श्रीमती शकुंतला देवी की स्मृति में स्मार्ट क्लास के लिए स्मार्ट टीवी भेंट किया। टीवी मिलने से नौनिहालों के चेहरे खिल गए। संस्था द्वारा शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण कार्यक्रम के तहत संस्था के संस्थापक अवधेश अग्रवाल व स्व0 देवी के पुत्र दीपक मित्तल द्वारा संविलियन विद्यालय के





प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौबे व शिक्षिका किरन लता को स्मार्ट टीवी भेंट किया। श्री अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं और बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए संस्था विद्यालयों को स्मार्ट टीवी प्रदान करती है। अब तक प्रदेश के विभिन्न जिलों के विद्यालयों में सौ टीवी दिया गया है। शिक्षिका किरन लता ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण के लिए संस्था का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। इससे बच्चों को जानने, समझने व सीखने में मदद मिलेगी। इस दौरान संस्था के एआरपी अजेय कुशवाहा, एआरपी अजय शुक्ला, शिक्षक राजेश प्रजापति, विभा गुप्ता, रत्ना सिंह, शिल्पी सिंह, शिक्षामित्र पुष्पा वर्मा, रसोईया रामाश्रय सिंह आदि मौजूद रहे।

## आवारा सांड ने किसान पर किया हमला, गम्भीर हालत में कराया भर्ती

**नवाबगंज।** शासन प्रशासन भले ही कितने ही आदेश निर्देश जारी करे लेकिन जमीन पर इसका कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। क्षेत्र में आवारा पशुओं के झुंड झुंड घूमते देखे जा सकते हैं। शनिवार को एक आवारा सांड ने क्षेत्र के एक किसान पर हमला कर दिया, जिससे किसान लहू लुहान हो गया। किसान के नाती निशांत ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव जमुनियां के रहने वाले किसान छेड़ा लाल



पुत्र गुलजारी उम्र 58 शनिवार सुबह दोपहर बाद पशुओं के लिए चारा लेने गए थे, उनके साथ उनका आठ वर्षीय नाती निशांत भी उनके साथ था। बताया जाता है कि इसी दौरान आवारा सांड ने किसान पर हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। किसान से दूर खेल रहे नाती निशांत ने भाग कर अपनी जान बचाई, और घर पहुंचकर इसकी जानकारी दी। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों के साथ ग्रामीणों ने घायल किसान को महानगर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सांड के हमले से किसान के गम्भीर रूप से घायल होने की सूचना पर तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ग्राम पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने ने बताया कि किसान को सरकार के आदेशो के मुताबिक जो भी होगा मुआवजा दिया जाएगा। इसके साथ ही पड़ोस के गांव पीतमवरपुर में अस्थाई गौ शाला बनवाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## शादीशुदा बुआ से प्यार वैलेंटाइन-डे पर जान दी

**कानपुर ।** कानपुर में गुरुवार को एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। युवक शादीशुदा महिला से प्यार करता था। वैलेंटाइन-डे पर उसने महिला को मिलने के लिए बुलाया। मगर महिला ने आने से मना कर दिया। इसके बाद वह ट्रेन से कट गया। युवक की सुसाइड की खबर सुनकर महिला दहशत में आ गई। इसके बाद उसने कीटनाशक खा लिया।परिवार वालों ने महिला को आनन-फानन में निजी अस्पताल में



भर्ती कराया। युवक की उम्र 24 साल है, जबकि महिला 43 साल की है। महिला उसकी रिश्ते में बुआ लगती है।

## आधुनिक युग के इंसान पर स्मार्ट फोन का दबदबा: राकेश



संवाददाता।

**कसया, कुशीनगर।** डिजी शक्ति योजना के अन्तर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन बृहस्पतिवार को अमित महाविद्यालय अमित नगर सपहा रोड कसया के सभागार में संपन्न हुआ। इसमें 160 होनहारों में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल के हाथों स्मार्ट फोन मिलने से उनके चेहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहा आधुनिक युग के इंसान पर मोबाइल का दबदबा है। डिजिटल क्रांति के युग में स्मार्ट फोन का महत्वपूर्ण योगदान है। इसका जीवन में सदुपयोग होना चाहिए। कवि व पत्रकार दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने कहा कि युवाओं को मुकाम हासिल करने के लिए हर हाल में लक्ष्य निर्धारित करना होगा। प्रबंधक व कवि कालिंदी त्रिपाठी ने कहा कि बुलंदियों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने की दरकार होती है। स्मार्ट फोन का हमेशा सदुपयोग करें। संदीप त्रिपाठी और अनिल त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। सुमित कुमार त्रिपाठी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन बृजेश तिवारी ने किया। इस मौके पर प्रदीप कुमार, महेन्द्र दुबे, धर्मेंद्र पांडेय, उमेश शर्मा, प्रवीण कुमार मिश्रा, पिंकी रावत, शना, आशा, सुभाष चौहान, शिवानी राय, साजिया खातुन, यशवन्त, अजय कुमार, पांडेय, जुगल किशोर, विशाल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## बुद्धा पीजी के नए प्राचार्य के रूप में विनोद मोहन मिश्र ने किया कार्यभार ग्रहण

संवाददाता।

**कसया, कुशीनगर।** प्रोफेसर विनोद मोहन मिश्र ने बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के नए प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। महाविद्यालय के प्रबंध सचिव वीरेंद्र सिंह अहलूवालिया, सदस्य प्रोफेसर चंद्र प्रकाश मणि, प्रेम कुमार श्रीवास्तव और निवर्तमान प्राचार्य प्रोफेसर ब्रजेश कुमार सिंह ने उन्हें कार्यभार ग्रहण कराया।प्रोफेसर मिश्र इसके पूर्व दयानंद एंग्लो वैदिक



स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कानपुर के रक्षा अध्ययन विभाग में आचार्य पद पर कार्यरत थे। उनकी नियुक्ति उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा की गई है। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो कृष्ण प्रताप सिंह, पूर्व प्राचार्य प्रो अमृतांशु शुक्ल, , प्रो राम भूषण मिश्र, प्रो राघवेंद्र मिश्र, प्रो इंद्रासन प्रसाद, प्रो अवधेश पाण्डेय, प्रो वीरेंद्र कुमार, प्रो राजेश सिंह, प्रो ज्ञान प्रकाश मंगलम, प्रो उमाशंकर त्रिपाठी, डॉ इंद्रजीत मिश्र, डॉ गौरव तिवारी, डॉ अंबिका प्रसाद तिवारी, डॉ अनुज कुमार, डॉ रमेश चंद्र विश्वकर्मा, डॉ निगम मौर्य, डॉ दीपक सहित महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों आदि ने बधाई दी है।

## संक्षिप्त डायरी

### ट्रक के चपेट से वृद्ध घायल, चालक ट्रक लेकर फरार

संवाददाता।

**कसया, कुशीनगर।** नगर थाना अंतर्गत बृहस्पतिवार की सुबह एनएच 28 के धुरिया मोड़ पर स्कूटी सवार व ट्रक के आमने सामने भिडंत में स्कूटी सवार वृद्ध घायल हो गये। स्थानीय लोगो द्वारा कसया सीएचसी भिजवाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद परिजन निजी अस्पताल में भर्ती कराए। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की सुबह परसौनी खुर्द निवासी राम नरेश गुप्ता (60 वर्ष) पुत्र स्व. बंसी गुप्ता अपनी स्कूटी से सबया में बने अपने नए मकान से किसी कार्यवश कसया जा रहे थे। बिहार की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। जिसमे स्कूटी सहित सवार ट्रक के नीचे ही फंस गए। ट्रक चालक लगभग सौ मीटर तक घसीटने के बाद गाड़ी रोककर स्कूटी और स्कूटी सवार को बाहर निकालकर भाग गया। स्थानीय लोगो द्वारा कसया सीएचसी ले जाया गया। जहां उनका प्रार्थमिक इलाज करवाने के बाद परिजनों द्वारा नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करवाया जा रहा है। इस संबंध में कसया हाईवे चौकी प्रभारी राजेश गौतम ने बताया की मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा ने घोषित किए बरेली मंडल के सभी जिलों में विधानसभा प्रभारी

**बरेली।** बृज क्षेत्र भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने रविवार को विधानसभा प्रभारियों की सूची जारी कर दी। इसमें बरेली शहर सीट पर गुरभाग सिंह, कैंट में स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता और बहेड़ी में राजेश्वर पटेल व मीरगंज विनय शर्मा, भोजीपुरा में विवेक राठी, नबावगंज में पुरषोत्तम लाल टाटा को प्रभारी बनाया है। वहीं आंवला फरीदपुर में मनोज कृष्ण गुप्ता, बिथरी चैनपुर में आलोक सिंह राठौर व आंवला में पंकज सिंह को प्रभारी बनाया गया है। दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में यह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। अभी इन्हीं विधानसभाओं के संयोजक नियुक्त किए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र - प्रभारी बरेली शहर गुरभाग सिंह बरेली कैंट वतंत्र प्रकाश गुप्ता बहेड़ी राजेश्वर पटेल मीरगंज विनय शर्मा भोजीपुरा विवेक राठी नवाबगंज पुरुषोत्तम लाल टाटा फरीदपुर मनोज कृष्ण गुप्ता बिथरी चैनपुर - आलोक सिंह राठौर आंवला पंकज सिंहादायूं बिसौली धीरेंद्र वीर सिंह धीरू सहसवान पुष्पेंद्र शर्मा बिल्सी उमेश कठेरियाबदायूं रवि रस्तोगी शेखपुर संजीव सक्सेना दातागंज संतोष दीक्षित पीलीभीत पीलीभीत निल वाजपेई बेरखड़ा आशुतोष शर्मा पूरनपुर यतिन भाटिया बीसलपुर मुनीश मिश्रा शाहजहांपुर कटरा आरएस पाल जलालाबाद प्रशांत पटेल तिलहर - राजेंद्र प्रसाद कश्यप पुवायां रजनीश पांडेय शाहजहांपुर नगर रविंद्र सिंह राठौर ददरौल रविंद्र सिंह घोषित किए गए।

### सड़क सुरक्षा माह का हुआ जोरदार समापन



**उरई ।** (सैय्यद जावेद अख्तर) उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन के उरई मुख्यालय में सड़क सुरक्षा माह के तहत क्रिश्चियन स्कूल में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का भव्य समापन किया गया। समापन समारोह की शुरूआत सरस्वती वंदन एवं दीप प्रज्वलन के बीच राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम दल, वीर बहादुर सिंह यातायात प्रभारी, एस0 डेनियल प्रबन्धक, क्रिश्चियन स्कूल, समाज सेवी अलीम सर , गरिमा पाठक, लक्ष्मण दास बावानी ने संयुक्त रुप से किया। राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम दल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया व अनुरोध किया गया कि वह सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करें साथ ही अपने माता-पिता, परिवार सदस्यों, राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दें अपने माता-पिता व परिवार के सदस्यों को घर से बाहर जाते समय दो पहिया वाहन होने पर हेल्मेट व चार पहिया वाहन होने पर सीट बेल्ट लगाने हेतु टोकें व प्रेरित करें, जिससे अनहोनी से बचा जा सके। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों से अपील की गयी कि वे नशे की हालत में वाहन न चलायें व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, वाहन ओवर स्पीड में न चलायें, दुर्घटना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक माल व सवारी न ढ़ोये। अंत में राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन प्रथम दल द्वारा उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलाई गई व कार्यक्रम का समापन किया गया

### तेज रफ्तार गेहूं से भरा ट्रक पलटा, दंपति दबे; दोनों की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती



**बरेली।** सिटी स्टेशन के सामने बुधवार देर रात रात गेहूं से भरा तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक अचानक से पलट गया, जिससे गुजर रहे दंपति दब गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। किला पुलिस ने दंपति को जिला अस्पताल भेजा। घायल विशेष श्रीवास्तव व पत्नी विनीता पंजाबपुरा नीम की चढ़ाई किला के निवासी हैं।किला पुलिस के अनुसार, गाड़ी संख्या यूपी 25 क्यू 9941 रामपुर से बरेली की ओर आ रहा था। ट्रक में गेंहू भरा था। सिटी स्टेशन के पास रात 11 बजे ट्रक पहुंचा ही था कि पलट गया। पास से गुजर रहे बाइकसवार दंपति दब गए। चीख-पुकार पर चालक व कंडक्टर गाड़ी छोड़कर भाग निकले। सड़क पर जाम लग गया। दंपति के दबने की जानकारी पर तत्काल सीओ द्वितीय प्रियतोष त्रिपाठी व इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह फोर्स संग पहुंचे।हादसे की वजह से लगा लंबा जाम दंपति को अस्पताल भेजा। क्रेन मंगवाकर ट्रक को किनारे कराया। इसके बाद गेंहू हटवाया। हादसे के चलते दोनों ही लेन पर जाम लग गया। करीब एक घंटे के बाद जाम की स्थिति बनी रहीं। शुरूआती जांच में अंदेशा जताया कि ट्रक तेज गति था। डिवाइडर से टकराने के चलते वह अनियंत्रित हुआ और पलट गया। इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे में विशेष व उनकी पत्नी विनीता घायल हुईं।

## नर को नारायण बनाती है श्रीराम कथा : महंत गणेश दास

संवाददाता।

**कसया।** नगर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर (मठ) में चौदहवें वर्ष दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को श्री अवध बिहारी कुंज, अयोध्या धाम से आये कथा वाचक महंत गणेश दास महाराज ने श्रीराम कथा की अमृत वर्षा कराते हुए कहा कि श्रीराम कथा तीनों लोकों का कल्याण करने वाली है। इसके अनुसरण से नर नारायण बन जाता है। यह कथा लोक और परलोक दोनों को सवाँरने वाली है। श्रीराम कथा में जीवन की समस्त कठिनाइयों का समाधान है, बशर्ते हमारी श्रद्धा व निष्ठा होनी चाहिए।



कथा का प्रारम्भ यजमान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुशीनगर किरन जायसवाल व समाजसेवी राकेश जायसवाल द्वारा महंत त्रिभुवन शरण दास व व्यवस्थापक देव नारायण शरण के निर्देशन में व्यास पीठ की पूजा से हुआ। संचालन डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया। इस दौरान यज्ञाचार्य रामजी पांडेय के देख रेख में श्रीराम



महायज्ञ चलता रहा। यज्ञ मंडप की परिक्रमा में प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर विष्णु शरण दास, आलोक श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, काशीनाथ सिंह, शकुंतला सिंह, धनंजय तिवारी, प्रियंका तिवारी, संजय पांडेय, रानी पांडेय, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव लक्ष्मी प्रसाद मद्धेशिया, मीना देवी, घनश्याम, बृज देवी, दिव्यांशु श्रीवास्तव, सुरेश तिवारी, इन्द्रासन प्रसाद संतजी, संतोष दत्त राय, भीम बली सिंह, दिनेश तिवारी, कृष्ण मोहन पांडेय, प्रदीप अग्रहरि, त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव, सुरेश प्रसाद गुप्त, शिवानंद धर दूबे, निशांत सिंह, राहुल यादव, विवेक पाल, टिशू पांडेय, अनमोल तिवारी, मिथिलेश सिंह, गंगोत्री देवी, सीता देवी, गुड्डी देवी, वंदना पांडेय, ज्ञानचंद कुशवाहा, शोभा कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# अबू धाबी में मंदिर

संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में स्वामी नारायण मंदिर के निर्माण के गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ हैं और इनको पढ़ा व अंगीकार किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार, 14 फरवरी को इस मंदिर का उद्घाटन किया। करीब पांच साल पहले उन्होंने ही इसका शिलान्यास भी किया था। लगभग 27 एकड़ में 700 करोड़ रुपये की लागत से बना यह भव्य मंदिर यूएई में काम करने वाले लाखों हिंदुओं की आस्था को अवलंब देने के साथ-साथ पश्चिम एशिया के बारे में रूढ़ कई धारणाओं को भी ध्वस्त करता है। निस्संदेह, यह दुनिया को सांप्रदायिक सद्भाव का पैगाम दे रहा है। पश्चिम एशिया के इस्लामी देशों के बारे में शेष दुनिया में यह आम धारणा रही है कि किसी अन्य मजहब की इबादतगाहों के लिए उनके यहां गुंजाइश नहीं है। इस धारणा को अपने स्वार्थों के तहत पश्चिमी मीडिया ने दुनिया भर में स्थापित करने की कोशिश की और खुद इस्लामी कट्टरपंथियों और आतंकी तंजीमों ने उसको पुख्ता किया। हालांकि, ईरान, तुर्किए से लेकर सीरिया तक में दुनिया के सबसे पुराने चर्चों में से कुछ स्थित हैं। बहरीन के मनामा में 200 साल पुराना श्रीनाथजी का मंदिर है। दरअसल, पश्चिम एशियाई देशों के निजाम अब इस हकीकत को तस्लीम कर चुके हैं कि वैज्ञानिक नजरिये वाली मौजूदा दुनिया में मजहबी कट्टरपंथ के दायरे में सिमटकर रहने से सिर्फ नुकसान उठाया जा सकता है, इसीलिए उन्होंने न सिर्फअपने धार्मिक आचार-व्यवहार और सामाजिक जीवन से जुड़ी कई रूढ़ियों व नियमों से मुक्ति की ओर कदम बढ़ाया, बल्कि दूसरे समुदायों की धार्मिक-सांस्कृतिक रुचि पर भी गौर करना शुरू किया। मिसाल के लिए, सऊदी अरब में 1970 के दशक से बंद थिएटरों को चंद सालों पहले वहां के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने फिर से खुलवा दिया। औरतों को उनके कई मानवीय हुकूक लौटा दिए गए, और अब तो वहां फैशन वीक के आयोजन तक होने लगे हैं। निस्संदेह, कट्टरपंथियों को यह सब रास नहीं आएगा, लेकिन पश्चिम एशिया अब बदलाव की ओर बढ़ चला है। भारत हमेशा से सर्वधर्म समभाव की धरती रहा है। दुनिया के तमाम मजहबों की यहां मौजूदगी इसी बात की पुष्टि करती है। ऐसे में, अबू धाबी के मंदिर की खूबसूरत बात यह है कि एक मुस्लिम शासक ने इसके लिए जमीन दान में दी और इसकी एक दीवार वॉल ऑफ हामोर्नी वोहरा समुदाय के दान से बनी है। जर्जर प्राचीन ढांचों की खातिर इंसानियत को कुर्बान करने पर आमादा लोगों के लिए यह एक सबक है कि संस्कृतियों के विस्तार के लिए समावेशी नजरिया चाहिए। धर्मों के बारे में तो सच यही है कि उनके आगे चुनौती उनसे जुड़े कट्टरपंथी ही अधिक पेश करते हैं। इसलिए आध्यात्मिक उपदेशकों के साथ-साथ शासकों की भूमिका अब काफी अहम हो चली है। अबू धाबी में मंदिर के निर्माण के पीछे भारतीय प्रधानमंत्री और यूएई के राष्ट्रपति की दूरदर्शिता बताती हैकि यदि नेकनीयती से कोई पहल की जाए, तो वह न सिर्फ फलीभूत होती है, बल्कि आदर्श भी गढ़ती है।

# स्वदेश वापसी

जिन आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को स्तब्धकारी मौत-की-सजा सुनायी गयी थी, महज तीन महीने बाद कतर से उन सभी की रिहाई बड़ी राहत की बात है। कतर की दहरा टेक्नोलॉजीज के लिए काम करने वाले इन आठ व्यक्तियों (सात वरिष्ठ सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी, और एक नाविक) की 2022 में जब से गिरफ्तारी हुई थी, इस मामले का ज्यादा ब्योरा उपलब्ध नहीं रहा है। हालांकि इनके परिवारों ने ऐसी रिपोर्टों को खारिज किया कि इन पूर्व-नौसैनिकों पर शायद एक तीसरे देश, यानी इजराइल, के लिए जासूसी का आरोप लगा था, लेकिन आरोप इतने गंभीर जरूर रहे होंगे कि सजा-ए-मौत सुनायी गयी। दिसंबर में, एक अपीलीय अदालत ने सजा-ए-मौत को उम्रकैद में बदल दिया, लेकिन दोषसिद्धि को बरकरार रखा। सरकार को यह श्रेय जाता है कि वह आठों को रिहा कराने में सफल रही, जिनमें से सात अब लौट भी चुके हैं। यह कामयाबी नई दिल्ली द्वारा अपनायी गयी रणनीतियों की वजह से मिली लगती है। उसने अदालत में मामले की पैरवी की, कतर की कानून प्रणाली के प्रति सम्मान दिखाया, साथ ही आरोपियों को पूरी कानूनी मदद व सलाह मुहैया करायी; मामला बिगाड़ने वाली बयानबाजी और सार्वजनिक वाद-विवाद से परहेज किया; और, दिसंबर में दुबई में एक सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ चर्चा के जरिए मामले को सर्वोच्च स्तर पर उठाया। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात की अपनी मौजूदा यात्रा के बाद, बिना पूर्व-निर्धारित कार्यक्रम के बुधवार को दोहा जाने की घोषणा की, जो इस मामले में उनकी व्यक्तिगत संलग्नता और कतरी अमीर को धन्यवाद देने की उनकी इच्छा को दिखाता है। टकराव को युद्ध के कगार तक ले जाने (ब्रिंकमैनशिप) और भू-राजनैतिक संघर्ष के इस दौर में कतर मामले ने खामोश कूटनीति के महत्व की समयानुकूल याद दिलायी है, खासकर जब बात उन रिश्तों की हो जहां अन्य बहुत कुछ दांव पर लगा हो। भारत के लिए, कतर एक अहम पश्चिम एशियाई ताकत है, जिसकी अहमियत इजराइल-गाजा संघर्ष के दौरान पश्चिमी देशों और हमास के बीच एक महत्वपूर्ण वातार्कार के रूप में बढ़ गयी है। कतर के लिए, भारत के साथ संबंध ऐतिहासिक और भरोसेमंद हैं, जो तब भी बने रहे जब कतर का उसके पड़ोसी खाड़ी देशों ने कुछ साल पहले बहिष्कार किया था।

# समान नागरिक संहिता पर केंद्रीय कानून की जरूरत

ANALYSIS



डॉ. अनिल कुमार निगम

संहिता पर अलग- अलग कानून बनाते हैं तो उससे जो संसद द्वारा कानून बनाए गए हैं, मसलन तलाक, उत्तराधिकार अधिनियम, विवाह जैसे अधिनियमों का क्या होगा? ऐसी स्थिति में केंद्र और राज्य सरकारों के कानूनों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो जाएगी। इसलिए आवश्यक है कि केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता के मामले पर अपनी चुप्पी तोड़े। उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को लागू करने का मुद्दा भाजपा के घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है। इसलिए सवाल उठना लाजमी है कि क्या भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद समान नागरिक संहिता पर कानून बनाकर इसे पूरे देश में लागू करेगी? सवाल यह भी है कि अगर केंद्र सरकार ने देश में अपराधों को रोकने के लिए अलग कानून बनाए, तलाक के मामले में कानून बनाया, नकल रोकने के लिए संसद कानून बना रही है तो फिर समान नागरिक संहिता पर प्रदेश स्तर पर कानून बनाने का क्या औचित्य है?

समान नागरिक संहिता बनाने के मामले में उत्तराखंड सरकार ने जिस तरीके से पहल की है, उससे हम सब के जेहन में एक अहम सवाल यह है कि क्या केंद्र की एनडीए सरकार इस पर कानून बनाकर संपूर्ण देश में लागू कर सकती है? अब देश के अन्य राज्यों ने भी इस पर कानून बनाने की योजना बनानी शुरू कर दी है। अगर हर राज्य समान नागरिक संहिता पर अलग- अलग कानून बनाते हैं तो उससे जो संसद द्वारा कानून बनाए गए हैं, मसलन तलाक, उत्तराधिकार अधिनियम, विवाह जैसे अधिनियमों का क्या होगा? ऐसी स्थिति में केंद्र और राज्य सरकारों के कानूनों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो जाएगी। इसलिए आवश्यक है कि केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता के मामले पर अपनी चुप्पी तोड़े। उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को लागू करने का मुद्दा भाजपा के घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है। इसलिए सवाल उठना लाजमी है कि क्या भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद समान नागरिक संहिता पर कानून बनाकर इसे पूरे देश में लागू करेगी? सवाल यह भी है कि अगर केंद्र सरकार ने देश में अपराधों को रोकने के लिए अलग कानून बनाए, तलाक के मामले में कानून बनाया, नकल रोकने के लिए संसद कानून बना रही है तो फिर समान नागरिक संहिता पर प्रदेश स्तर पर कानून बनाने का क्या औचित्य है? उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने 4 फरवरी 2024 को समान नागरिक संहिता के मसौदे को मंजूरी दे दी। उत्तराखंड मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के वहां की विधानसभा ने भी इसे पारित कर दिया। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस पर राष्ट्रपति




की मंजूरी लेना आवश्यक होगा और उनकी मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। इस बिल के कानून बनने के बाद उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। उत्तराखंड में इस बिल के पेश होते ही देश में तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले कुछ सियासी दलों ने बवाल मचाना शुरू कर दिया है। इस मामले में सियासी दल मुसलमानों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं कि यह कानून मुसलमानों को टारगेट करने के लिए बनाया जा रहा है, जबकि यह पूरी तरह से भ्रामक तथ्य है। इसका उद्देश्य सभी धर्म और जातियों के नागरिकों में लैंगिक असमानता को समाप्त करना है। समान नागरिक संहिता को अगर पूरे देश में लागू किया जाता है तो सभी धार्मिक और आदिवासी समुदायों पर उनके व्यक्तिगत मामलों जैसे संपत्ति, विवाह, विरासत और गोद लेने आदि में लागू होगा। इसका मतलब यह है कि हिंदू विवाह अधिनियम (1955), हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (1956) और मुस्लिम व्यक्तिगत कानून आवेदन अधिनियम (1937) जैसे धर्म पर आधारित मौजूदा व्यक्तिगत कानून भंग हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के मुताबिक, 'राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा।' यानी संविधान सरकार को सभी समुदायों को उन मामलों पर एक साथ लाने का निर्देश दे रहा है, जो वर्तमान में उनके संबंधित व्यक्तिगत कानूनों द्वारा शासित है। दिलचस्प यह है कि भारतीय संविधान में हर धर्म की स्त्री और पुरुष दोनों को बराबरी से वोट डालने का अधिकार है। सभी के लिए आपराधिक कानून भी समान हैं। लेकिन शादी, तलाक, बच्चे और संपत्ति संबंधी मामलों में महिलाओं के साथ भेदभाव होता है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद सभी धर्मों की महिलाओं की विवाह की आयु एक हो जाएगी। महिलाओं को पुरुषों के बराबर संपत्ति पर अधिकार मिल सकेगा। महिलाओं के पुनर्विवाह के नियम एक जैसे होंगे। बहु-विवाह पर प्रतिबंध लग सकेगा। लिव इन रिलेशन से पैदा होने वाले बच्चों को कानूनी अधिकार मिल सकेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर समान नागरिक संहिता का कानून केंद्र सरकार बनाती है तो इससे जनसंख्या विस्फोट पर प्रतिबंध लग सकेगा। ध्यातव्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने कई ऐतिहासिक निर्णयों में सरकार से समान नागरिक संहिता को लागू करने का आह्वान किया है और समय-समय पर न्यायालय ने केंद्र सरकार से इस पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। मोहम्मद अहमद बनाम शाह बानो बेगम के ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला दिया और समुदाय के व्यक्तिगत कानूनों की बजाय भारत के कानून सीआरपीसी को प्राथमिकता दी थी। इस फैसले में अदालत ने यह भी कहा था कि संविधान का अनुच्छेद 44 बेकार पड़ा हुआ है वह महज एक शोपीस आर्टिकल बनकर रह गया है। सवाल यह भी है कि अगर समान नागरिक संहिता इंडोनेशिया, बहरीन, तुर्किए और लेबनान जैसे देशों में लागू हो सकता है तो भारत में क्यों नहीं? ऐसे में तुष्टिकरण की नीति करने वाले सियासी दलों या धर्म के ठेकेदारों की सरकार क्यों परवाह कर रही है? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समान नागरिक संहिता की पुरजोर वकालत करते रहे हैं। उनका मानना है कि दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा? प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में एक चुनावी रैली के दौरान कहा था कि भाजपा ने तय किया है कि वह तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के बजाय ह्यसंतुष्टिकरणह्व के रास्ते पर चलेगी। वास्तव में देखा जाए तो विपक्ष समान नागरिक संहिता के मुद्दे का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय को गुमराह करने और भड़काने के लिए कर रहा है। प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि एक घर में परिवार के एक सदस्य के लिए एक कानून हो, दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या वह परिवार चल पाएगा। फिर ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा? सुप्रसिद्ध चिंतक एवं जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। यह कोई हिंदुत्ववादियों का एजेंडा नहीं है। यह तो शाहबानो जैसी महिलाओं की जरूरत है। यही कारण है कि संविधान के पितामह डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने समान नागरिक संहिता के पक्ष में ही अपनी राय रखी थी।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# प्रकृति के सृजन चक्र का केंद्र है वसंत

वसंत ऋतु का आगमन वसंत पंचमी पर्व से होता है। वसंत उत्सव, आनंद और चेतना की ऋतु है। हिंदी साहित्य में यह ऋतुराज के रूप में प्रतिष्ठित है। धार्मिक, धर्मेतर और विदेशी साहित्य में भी रचनाकारों ने इसे सहज स्वीकारा है। वसंत को प्रकृति के सृजन चक्र का केंद्र मान सकते हैं, जहां जीवन अपनी जड़ता का त्याग करता है। नयी कोपलों का प्रस्फुटन होता है। वसंत का संभवतः पहला उल्लेख कालिका पुराण में मिलता है। शिव के मन में काम विकार पैदा करने के उद्देश्य से देवता काम को शिव के पास भेजना चाहते हैं। इसके लिए कामदेव ने साथी मांगा, तब ब्रह्मा ने वसंत का सृजन किया। वसंत पंचमी को काम के पुनर्जीवन का दिन माना गया है। गुप्त और गुप्तोत्तर काल तक वसंत पंचमी के दिन नृत्य-संगीत और कला की अधिष्ठात्री, विद्या की देवी सरस्वती के पूजन के साथ प्रारंभ होने वाला मदनोत्सव इसी से जुड़ा है। बाणभट्ट ने हर्षचरित और कादंबरी में मदनोत्सव का उल्लेख किया है। कामसूत्र में मदनोत्सव का नाम सुवसंतक मिलता है। कालिदास की मालविकाग्निमित्रम, दंडी की दशकुमारचरित और गोविंदानंद की वर्षक्रियाकौमुदी में भी मदनोत्सव वर्णित है। महाकवि कालिदास ने ऋतुसंहार में लिखा है- 'वसंते द्विगुने कामः' अर्थात वसंत के समय काम का प्रभाव दोगुना बढ़ जाता है। लोक साहित्य में कहा गया है कि वसंत वृद्धों को भी जवान कर देता है। सल्तनत काल में मुख्य रूप से दो कवियों अमीर खुसरो और मलिक मुहम्मद जायसी का साहित्य वसंत में डूबा हुआ है। जायसी का नागमती विरह वसंत से लिपटा हुआ है। विरह से तप्त नागमती पशु-पक्षी, पेड़-पल्लव से अपना दुख साझा करती है। खुसरो खुद तो बासंतिक हुए ही थे, अपने गुरु निजामुद्दीन औलिया को भी इसका अहसास कराया था। तब खानकाहों में भी वसंत के गीत गाये जाते थे। रुसी साहित्यकार लियो टालस्टाय ने



करीब-करीब अपनी हर रचना में वसंत का उल्लेख किया है। आधुनिक साहित्यकारों ने भी अपनी सौंदर्य-चेतना के प्रस्फुटन के लिए प्रकृति की ही शरण ली है। शस्य श्यामला धरती में सरसों का स्वर्णिम सौंदर्य, कोकिल के मधुर गुंजन से झूमती सघन अमराइयों में गुनगुनाते भौरों पर थिरकती सूर्य की रश्मियां, कामदेव की ऋतुराज 'वसंत' का सजीव रूप कवियों की उदात्त कल्पना से मुखरित हो उठता है। उपनिषद, पुराण-महाभारत, रामायण (संस्कृत) के अतिरिक्त हिंदी, प्राकृत, अपभ्रंश की काव्य धारा में भी वसंत का रस व्याप्त रहा है। अथर्ववेद के पृथ्वीसूत्र में भी वसंत का वर्णन मिलता है। महर्षि वाल्मीकि ने भी वसंत का खूब उल्लेख किया है। किष्किंधा कांड में उल्लेख मिलता है- 'अयं वसन्तः सौ मित्रे नाना विहग नन्दिता।' आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का निबंध 'वसंत आ गया है' में वसंत का विस्तार है। रबींद्रनाथ टैगोर ने वसंत पर लिखा है- 'मैं तो आज पेड़-पौधों के साथ अपनी पुरानी आत्मीयता स्वीकार करूंगा। आज मैं किसी तरह न मानूंगा कि व्यस्त होकर काम करते घूमना ही जीवन की अद्वितीय सार्थकता है। आज हमारी उसी युग-युगांतर की बड़ी दीदी वन-लक्ष्मी के घर भैया-दूज का निमंत्रण है। वहां पर आज तरु-लता से बिल्कुल घर के आदमी की तरह मिलना होगा, आज छाया में लेटकर सारा दिन कटेगा, मिट्टी को आज दोनों हाथ से बिखेरूंगा-समेटूंगा, वसंती हवा जब बहेगी, तब उसके आनंद को मैं अपने हृदय की पसलियों में अनायास हू-हू करके बहने दूंगा। वसंत हमारी चेतना को खोलता है, पकाता है और रंग भरता है। नवागंतुक कोपलें हर्ष और उल्लास का वातावरण बिखेरकर चहुंदिश एक सुहावना समा बांध देती हैं। श्रीमद्भगवद्गीता गीता के दसवें अध्याय के पैंतीसवें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं- 'जो ऋतुओं में कुसुमाकर अर्थात वसंत है, वह मैं ही तो हूं।' यही कुसुमाकर तो प्रिय विषय है सृजन का। यही कुसुमाकर मौसम है कुसुम दल के पल्लवित होने का। अमराइयों में मंजरियों के रससिक्त होकर महकने और मधुमय पराग लिये उड़ते भौरों के गुनगुना उठने की ऋतु है वसंत। प्रकृति के शृंगार की ऋतु वसंत तो सृजन का आधार है। सृष्टि के दर्शन का सिद्धांत बनकर कुसुमाकर ही स्थापित होता है। कालिदास ने वसंत के वर्णन के बिना अपनी किसी भी रचना को नहीं छोड़ा है। मेघदूत में यक्षप्रिया के पदों के आघात से फूट उठने वाले अशोक और मुख मदिरा से खिलने वाले वकुल के द्वारा कवि वसंत का स्मरण करता है। जयशंकर प्रसाद तो वसंत से सवाल ही पूछ लेते हैं- 'रे वसंत रस भने कौन मंत्र पढ़ि दीने तूने।' इसी प्रकार से महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने 'ध्वनि' शीर्षक नामक कविता में वसंत का वर्णन करते हुए लिखा है- 'अभी अभी ही तो आया है, मेरे जीवन में मृदुल वसंत, अभी न होगा मेरा अंतह्व वसंत का यह मौसम कवियों से लेकर विद्वानों और ग्रामीणों तक सभी को आनंदित करता रहा है। आज के हमारे समय में पेड़ों की कटाई और शहरी जीवन में बसने की होड़ ने पर्यावरण को बहुत अधिक प्रभावित किया है। वसंत ही नहीं, धरती ही संकट में है। फिर भी आज के कवि इस वसंत से बच नहीं पाये हैं। प्रकृति को संरक्षित करने और संवारने की जरूरत है। हमेशा प्रकृति पर विजय पाने की चाहत निश्चित रूप से घातक साबित हो सकती है। लिहाजा हम सभी को प्रकृति एवं जीव जगत के प्रति सचेत रहना होगा।

## Social Media Corner

सच के हक में...



केंद्रीय मंत्री श्री हरदीपपुरी जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाए। शहरी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की दिशा में उनका काम सराहनीय है। वह भारत को पेट्रोलियम क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी सबसे आगे हैं। वह लंबा और स्वस्थ जीवन जिएं।'

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



संपूर्ण समाज का प्रयास है कि महिलाओं के आर्थिक विकास को गति दी जाए तथा महिला नेतृत्व वाले विकास की सोच को कार्यरूप दिया जाए। महिलाओं में शिक्षा एवं कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसा करने से महिलाएं देश और विश्व की प्रगति में समानता की साझीदार बनेंगी।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**



महान स्वतंत्रता सेनानी, अपनी कविता, कहानियों और साहस से लोगों में आजादी के लिए एक जज्बा पैदा करने वाली सुप्रसिध्द कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रध्दांजलि!

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# कृष्ण और वसंत

श्रीकृष्ण भाव पुरुष हैं। परब्रह्म के पूर्ण प्रतीक जो लीला रूप में अनुभवगम्य होते हैं। अक्षय स्नेह के स्रोत रस से परिपूर्ण श्रीकृष्ण इंद्रियों के विश्व में आनंद के निर्झर सरीखे हैं। उनका सान्निध्य चैतन्य की सरसता के साथ सारे जगत को आप्लावित और प्रफुल्लित करता है। श्रीमद्भगवद्गीता में विभूति योग की व्याख्या करते हुए श्रीकृष्ण खुद को ऋतुओं में वसंत घोषित करते हैं : ऋतूनाम्‌ कुसुमाकरः । श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध में रास प्रवेश करते हुए उनकी निराली छवि कामदेव को भी लजाने वाली है। गोपियों के सामने भगवान श्रीकृष्ण अपने मुस्कराते हुए मुखकमल के साथ पीताम्बर धारण किए तथा वनमाला पहने हुए प्रकट हुए। उस समय वे साक्षात मन्मथ यानी कामदेव का भी मन मथने वाले लग रहे थे। श्रीकृष्ण अप्रतिम सौंदर्य और लावण्य के आगार हैं तो काम को सौंदर्य के मानदंड की तरह रखा गया है। भारतीय संस्कृति में कामदेव की संकल्पना अत्यंत प्राचीन है। इच्छा और कामना की प्रतिमूर्ति के रूप में काम शब्द का प्रथम उल्लेख ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में मिलता है जिसके ऋषि परमेष्ठी प्रजापति हैं, और देवता हैं परमात्मा। व्यक्त और अव्यक्त रूपों वाले कामदेव मन्मथ, अतनु, अनंग, कंदर्प, मदन, पुष्पधन्वा आदि कई नामों से जाने जाते हैं। उनको लेकर अनेक कथाएं और मिथक भी प्रचलित हैं। एक कथा यह है कि कामदेव ब्रह्मा के मन से जन्मे थे। कहते हैं वसंत पंचमी की तिथि पर कामदेव का धरती पर आगमन हुआ। वे धनुष बाण से सज्जित रहते हैं। गन्ने (यानी मधु!) से बने धनुष, भ्रमरों की पंक्ति वाली डोरी (प्रत्यंचा) और फूलों के बाण के साथ वह किसी को भी बेध सकते हैं। जहां सौंदर्य है वहीं काम की उपस्थिति है जैसे-यौवन, स्त्री, सुंदर पुष्प, गीत, पराग कण, सुंदर उद्यान, वसंत ऋतु, चंदन, मंद समीर आदि । आनंद, उल्लास, हर्ष, कामना, इच्छा, अभीष्ट, स्नेह, अनुराग आदि के भाव काम की ही अभिव्यक्तियां हैं। जीवन में काम केंद्रीय है और धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ उसे भी पुरुषार्थ का दर्जा मिला हुआ है । एक कथा के अनुसार देवताओं को तारक असुर के विरुद्ध युद्ध के लिए सेनापति की आवश्यकता हुई। कामदेव की सहायता से शिव का ध्यान पार्वती की ओर आकृष्ट किया गया जिससे शिव की तपस्या भंग हुई। उन्होंने ने क्रुद्ध होकर तीसरे नेत्र से कामदेव को भस्म कर दिया। कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर शिव ने कामदेव को प्रद्यम्न के रूप में जन्म पाने की अनुमति दी । फिर श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के पुत्र प्रद्युम्न के रूप में कामदेव ने जन्म लिया था। वर्षपर्यंत की भारतीय काल-यात्रा का आरंभ चैत्र मास से होता है और तभी वसंत भी शुरू होता है। वसंत ऋतु समग्रता और पूर्णता का प्रतीक होती है जिसमें विकासमान प्रकृति कुसुमित, प्रफुल्लित, प्रमुदित रूप में सजती-संवरती है। महाकवि कालिदास के शब्दों में इस ऋतु में सब कुछ प्रिय हो उठता है : सर्वम्‌ प्रिये चारुतर वसंते (ऋतु संहार, 6,2 ) । श्रीकृष्ण के रूप में सभी गुण नया सौंदर्य पा जाते हैं और उनका प्रकटन वसन्त में होता । इस दृष्टि से महाकवि जयदेव के श्रुतिमधुर काव्य गीत गोविन्द की चर्चा के बिना कोई भी चर्चा अधूरी ही रहेगी। इस काव्य के ह्यसामोददामोदरह्व नामक पहले सर्ग में वसंत ऋतु में श्रीकृष्ण का वर्णन किया गया है । इस वासंती रस वृष्टि की इस रचना ने भारत के मन को मोह लिया है। संगीत और नृत्य में अनेक कलाकारों ने इसकी अभिव्यक्ति की है। यह वसंत राग में गाया जाता है। जयदेव के शब्दों में वसन्त मलय समीर (वायु) के झोंकों के साथ आता है। वह लवंग की लताओं को झुकाता और उनमें फूल खिलाता है। भौरों की गुंजार और कोयल की कूक भी साथ आती है। जो परदेस चले गए हैं उनकी पत्नियां बिलखती हैं। उनके बिलखने से वसंत का वातावरण, जो पहले से ही व्याकुल करने वाला था ताप को और बढ़ा देता है।

# हितकारी ताकीद

जनवरी महीने का खुदरा मुद्रास्फीति डेटा इस बात की स्पष्ट याद दिलाता है कि आखिर क्यों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने पिछले हफ्ते न सिर्फ मानक (बेंचमार्क) ब्याज दरों को बनाए रखने, बल्कि टिकाऊ मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करने का भी विकल्प चुना। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई के आंकड़ों से जहां यह पता चलता है कि हेडलाइन आंकड़ा दिसंबर महीने के 5.69 फीसदी से कम होकर पिछले महीने तीन माह के निचले स्तर 5.10 फीसदी पर आ गया है, वहीं अनाज, सब्जियों और दालों सहित प्रमुख खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति दिसंबर के स्तर से कम होने के बावजूद क्रमशः 7.83 फीसदी, 27 फीसदी और 19.5 फीसदी के उच्च स्तर पर बनी हुई है। सब्जियों के उप-समूह में, सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) द्वारा निगरानी की गई 19 वस्तुओं में से 12 ने पिछले दिसंबर महीने में साल-दर-साल आधार पर मूल्य वृद्धि में तेजी दर्ज की है। यह तथ्य दशार्ता है कि मुद्रास्फीति का अंतर्निहित रूझान लगातार उंचा बना हुआ है। अनाज, जिसका भोजन समूह में सबसे अधिक वजन होता है, की कीमतें भी ऊंची बनी हुईं हैं। इस उप-समूह, जिसमें प्रमुख आहार चावल शामिल है, के लिए महीने-दर-महीने आधार पर मुद्रास्फीति दिसंबर महीने के 0.76 फीसदी तुलना में बमुश्किल ही कम होकर 0.75 फीसदी पर आई है। चावल प्राथमिक बाधा रही और गैर-पीडीएस दुकानों पर इसकी कीमत में क्रमिक एवं साल-दर-साल आधार पर क्रमशः 1.02 फीसदी तथा छह महीने की ऊंची रफ्तार के साथ 13 फीसदी का इजाफा हुआ। धान की रबी बुआई से संबंधित सीएमआईई के हालिया अनुमान से पता चलता है कि इसमें पिछले साल की तुलना में 2.7 फीसदी की गिरावट आई है और निकट भविष्य में इसकी कीमतों में उल्लेखनीय नरमी की संभावना कम ही लगती है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एक साथ 4000 लोगों को बेरोजगार करने जा रही है सिस्को सिस्टम्स

## -सालाना राजस्व का लक्ष्य कम करने की वजह से कंपनी उठा रही यह कदम

**नई दिल्ली ।** नेटवर्किंग इक्विपमेंट बनाने वाली अंतरराष्ट्रीय कंपनी सिस्को सिस्टम्स एक साथ 4000 लोगों को बेरोजगार करने जा रही है। खबर मिली है कि यह कंपनी बड़ी संख्या में अपने कर्मचारियों की छटनी करने जा रही है। इस मामले में सिस्को सिस्टम्स का कहना है कि उसने अपना सालाना राजस्व का लक्ष्य कम कर दिया है। और इसके लिए कंपनी ने अपने कार्यबल-वर्कफोर्स में 5 प्रतिशत तक की कटौती करेगी। इससे कंपनी के 4,000 से ज्यादा कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है। कंपनी में वर्तमान में लगभग 85,000 कर्मचारी हैं। कंपनी का कहना है कि वह छंटनी और रिस्ट्रक्चरिंग पर विचार कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सिस्को सिस्टम्स ने अपने राजस्व का अनुमान 53.88-55 से घटाकर 51.5-52.5 अरब डॉलर कर दिया है। कंपनी के इस फैसले से उसके स्टॉक में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। सिस्को सिस्टम्स का स्टॉक इस समय 50.28 अमेरिकी डॉलर पर ट्रेड कर रहा है। बीते एक महीने में इसका स्टॉक लगातार कम हो रहा है। 30 जनवरी को यह स्टॉक 52 डॉलर से अधिक पर था। इस मामले में सिस्को सिस्टम्स के प्रमुख चार्ल्स रॉबिंस ने पिछले दिनों कहा था कि कंपनी के टेलीकॉम और केबल सर्विस के बीच मांग लगातार कम हो रही है। मनी कंट्रोल के मुताबिक, सिस्को अपनी ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस-एआई और एनवीडिया के साथ साझेदारी करने पर ध्यान दे रही है। बता दें कि सिस्को सिस्टम्स एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय डिजिटल संचार प्रौद्योगिकी समूह है। इसका मुख्यालय सैन जोस, कैलिफोर्निया में है। बता दें कि सिस्को नेटवर्किंग हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, दूरसंचार उपकरण और अन्य उच्च-प्रौद्योगिकी सेवाओं और उत्पादों का विकास, निर्माण और बिक्री करती है।

# एफपीआई का निवेश मूल्य तिमाही में 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।**

दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक, इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है। हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था। सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे। इसके अलावा, कई कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारतीय इक्विटी बाजार की तरफ लाने का काम किया। रिपोर्ट कहती है,तीन




प्रमुख राज्यों के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद राजनीतिक स्थिरता के रुझान ने निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया। अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन ने भी निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ाई। हालांकि यह गति कायम नहीं रह सकी और एफपीआई इस साल जनवरी में शुद्ध विक्रेता बन गए। मुनाफा कमाने की ललक से एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार से 3.10 अरब डॉलर निकाल लिए।

# इंश्योरेंस पॉलिसी में होंगे दो बड़े बदलाव, फ्री लुक पीरियड बढ़ेगा




**नई दिल्ली।**

इंश्योरेंस पॉ लिसी में दो बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इससे लाइफ इंश्योरेंस कराने वाले करोड़ों ग्राहकों के लिए बड़ी राहत मिलने वाली है। बीमा नियामक संस्था इंश्योरेंस रेगुलटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ने पॉलिसी वापस लेने के लिए निर्धारित 'फ्री लुक' अवधि को 15 दिन से बढ़ाकर 30 दिन करने और जीवन बीमा पॉलिसी के लिए नामांकन को अनिवार्य बनाने का बुधवार को प्रस्ताव रखा है। मौजूदा समय में कोई बीमाधारक पॉलिसी के नियमों एवं शर्तों से संतुष्ट न होने की स्थिति में पॉलिसी दस्तावेज मिलने की तारीख से 15 दिनों की 'फ्री लुक' अवधि के भीतर उससे अलग हो सकता है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक पॉलिसी के मामले में यह अवधि 30 दिनों की होती है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने एक मसौदा जारी कर बीमा से संबंधित विभिन्न नियमों के कई प्रावधानों को एकीकृत करने का प्रस्ताव रखा है। इस मसौदे में पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा के बारे में कहा गया है, 'किसी भी माध्यम से प्राप्त पॉलिसी के लिए फ्री-लुक अवधि पॉलिसी दस्तावेज़ मिलने की तारीख से 30 दिन होगी।'

दरअसल फ्री-लुक पीरियड वह अवधि है जिसमें कोई ग्राहक पॉलिसी खरीदने के बाद अगर नियम व शर्तों से संतुष्ट नहीं होता है तो पॉलिसी को लौटा सकता है। कम से कम 3 साल की जीवन बीमा पॉलिसी या हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी पर ही लागू होती है। इसके अलावा इरडा ने इस मसौदे में पॉलिसी जारी करने के लिए नॉमिनी का उल्लेख किए जाने को अनिवार्य बनाने की भी बात कही है। इसके मुताबिक, साधारण बीमा और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी से संबंधित नामांकन प्रावधान पेश किए गए हैं। इस मसौदा प्रस्ताव के मुताबिक, पॉलिसी रिफंड के इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण और बीमा दावों के भुगतान को सक्षम बनाने के लिए बीमा कंपनी को प्रस्ताव चरण में ही बीमाधारक के बैंक खातों का विवरण लेना चाहिए।

# सरकार आयात शुल्क में रियायत करेगी तो टेस्ला को होगा लाभ

**नई दिल्ली ।**




भारत सरकार ये दि इलेक्ट्रिक वाहनों पर आयात शुल्क में रियायत करती है तो इससे अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को लाभ होगा। बता दें कि टेस्ला जल्द ही भारत में अपना कारोबार स्थापित कर सकती है। सरकार 30 लाख रुपये (लगभग 36,000 डॉलर) से अधिक की इलेक्ट्रिक कारों पर रियायती आयात शुल्क को 2-3 साल के लिए बढ़ाने की नीति को अंतिम रूप देने जा रही है। घटनाक्रम से परिचित लोगों ने बताया कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री बनाने के लिए प्रस्तावित निवेश के लिए टेस्ला द्वारा बैंक गारंटी के बदले कम आयात शुल्क की पेशकश किए जाने की संभावना है। भारत 40,000 डॉलर (लगभग 33 लाख रुपये) से अधिक लागत, बीमा और माल ढुलाई मूल्य वाली कारों पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाता है और उस सीमा से नीचे की कारों पर 60 प्रतिशत आयात शुल्क लगाता है। अगर भारत सरकार परिचालन के पहले दो वर्षों में आयातित इलेक्ट्रिक कारों पर 15 प्रतिशत कम आयात शुल्क की पेशकश करती है तो टेस्ला 2 बिलियन डॉलर तक निवेश करने को तैयार है।

इधर केंद्र चाहता है कि विदेशी वाहन निर्माता बड़े और बढ़ते भारतीय बाजार में प्रवेश करें और स्थानीयकरण के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों में कमी लाते हुए रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय विनिर्माण की योजनाओं में तेजी लाई जानी चो हिए। इसके लिए सरकार बैंक गारंटी के आधार पर आयात शुल्क को अस्थायी रूप से कम करने पर विचार कर रही है। बैंक गारंटी की मात्रा अभी तक निर्धारित नहीं की गई है, लेकिन विचार यह है कि इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि कंपनियां समय पर निवेश करें और स्थानीय कारखाने स्थापित करें। हालांकि उद्योग ने अभी तक औपचारिक रूप से सरकार को कोई आपत्ति नहीं बताई है, लेकिन कई कार निर्माता चिंतित हैं कि आयात शुल्क में किसी भी कटौती से अमेरिकी कार निर्माता को अनुचित लाभ होगा।

# टाटा प्ले में वाल्ट डिज़्नी की हिस्सेदारी खरीदेगी रिलायंस इंडस्ट्रीज

## -देश में टीवी वितरण कारोबार में अपनी पैठ बनाने की बनाई व्यापक योजना


**नई दिल्ली ।**

देश में टीवी वितरण कारोबार में अपनी पैठ बनाने के लिए रिलायंस व्यापक योजना तैयार कर रही है। इसके लिए कंपनी टाटा प्ले में वाल्ट डिज़्नी की हिस्सेदारी खरीदने जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने टाटा प्ले में वाल्ट डिज़्नी की 29.8 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत शुरू की है। रिलायंस ने देश में टीवी वितरण कारोबार में अपनी पैठ बढ़ाने की व्यापक योजना बनाई है और प्रस्तावित सौदा उसी रणनीति का हिस्सा है। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के पास सैटेलाइट टेलीविजन प्रसारक टाटा प्ले में 50.2 फीसदी और वाल्ट डिज़्नी के पास 29.8 फीसदी हिस्सेदारी है। शेष हिस्सा सिंगापुर के फंड टेमासेक के पास है। यदि टाटा प्ले पर बातचीत सफल रहती है तो टाटा समूह और अंबानी पहली बार किसी उपक्रम के संयुक्त साझेदार होंगे और टाटा प्ले प्लेटफॉर्म पर जियो सिनेमा का विस्तार किया जाएगा। बता दें कि डिज़्नी की पहले योजना टाटा प्ले के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने के समय कंपनी से निकलने की थी लेकिन इसमें देरी हो रही है और अमेरिकी कंपनी अपना निवेश निकालने के लिए अन्य विकल्प तलाश रही है। इस बारे में पूछे जाने पर रिलायंस, डिज्नी और टाटा संस के प्रवक्ताओं ने कोई टिप्पणी करने से मना कर दिया है। हालों कि टेमासेक ने भी पिछले साल टाटा समूह के साथ कंपनी में अपनी 20 फीसदी हिस्सेदारी 1 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर बेचने के लिए बात की थी। मगर दोनों साझेदारों के बीच बात नहीं बनी। सूत्रों की मानें तो टाटा प्ले में हिस्सेदारी खरीदकर रिलायंस अपने जियो सिनेमा का समूचा कंटेंट टाटा प्ले के ग्राहकों को उपलब्ध करा सकती है। इस संबंध में बैंकरों ने कहा कि टाटा प्ले में डिज़्नी की हिस्सेदारी के मूल्यांकन का अभी आकलन किया जा रहा है क्योंकि टाटा की यह कंपनी नेटफ्लिक्स, हॉटस्टार, जियो सिनेमा और एमेजॉन प्राइम जैसे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्मों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण कई चुनौतियों से जूझ रही है। मार्च 2023 में खत्म हुए वित्त वर्ष में टाटा प्ले को 105 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था और उसकी आय 4,499 करोड़ रुपये रही थी।

# टाटा की 2 कारों की कीमत में बंपर कटौती

**नई दिल्ली।**

टाटा मोटर्स की इलेक्ट्रिक व्हीकल ब्रांच ने बैटरी की लागत में कमी के बाद 2 मॉडल नेक्सॉन ईवी और टियागो। ईवी की कीमतों में 1.20 लाख रुपये तक की कटौती की है। कंपनी के अनुसार, नेक्सॉन। ईवी की कीमत में 1.2 लाख रुपये तक की कटौती की गई है और अब इसकी कीमत 14.49 लाख रुपये से शुरू होती है। टियागो ईवी की कीमतों में 70,000 रुपये तक की कटौती की है। इसके बेस मॉडल की कीमत अब 7.99 लाख रुपये से शुरू होती है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवत्स ने कहा, '' बैटरी की लागत ईवी की कुल लागत का एक बड़ा हिस्सा है।'' उन्होंने कहा, '' हाल ही में बैटरी सेल की कीमतों में नरमी आई है और निकट भविष्य इसमें और कमी आने की संभावना है। इसलिए हमने इससे होने वाले फायदे को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का विकल्प चुना है।'' कंपनी ने कहा कि 2023 में यात्री वाहन (पीवी) उद्योग में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि केवल ईवी खंड में 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई।



# पैसा बाहर भेजने का काम नहीं करती पेटीएम पेमेंट्स बैंक, फेमा के उल्लंघन पर दी चुनौती

**नई दिल्ली ।** पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने खुलासा किया है कि वह कभी भी पैसा बाहर भेजने का काम नहीं करती हैं। पेटीएम ने फेमा के उल्लंघन पर यह चुनौती दी है। दरअसल वन97 कम्युनिकेशंस को ग्राहकों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों से नोटिस मिले हैं। कंपनी पेटीएम ब्रांड और उसकी बैंकिंग इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के अंतर्गत वित्तीय सेवाएं प्रदान करती है। पेटीएम ने कहा कि कंपनी और उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक अधिकारियों को उनकी आवश्यकता के हिसाब से जानकारी, दस्तावेज उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही पेटीएम ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पैसा बाहर भेजने का काम नहीं करती है। वित्तीय कंपनी ने कहा, वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल), उसकी सहयोगी कंपनियों और सहयोगी पीपीबीएल को समय-समय पर ग्राहकों के संबंध में ईडी सहित अन्य विभागों से सूचना, दस्तावेज और स्पष्टीकरण के लिए नोटिस और मांगें प्राप्त होती रही है। लो लगातार अधिकारियों को दी जा रही है। हालांकि पेटीएम के शेयर में भारी गिरावट के बीच यह बयान आया है। कंपनी के शेयर में बुधवार को 10 प्रतिशत की गिरावट आई है कि कथित फेमा उल्लंघन के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ ईडी द्वारा प्रारंभिक जांच शुरू की गई है। इससे पहले पेटीएम के शेयरों में मंगलवार से लगभग 18 प्रतिशत की गिरावट आई और यह अब तक के सबसे निचले स्तर 342.35 रुपये पर पहुंच गया। सूत्रों की मानें तो इस महीने की शुरुआत में, प्रवर्तन निदेशालय और वित्तीय आसूचना इकाई ने आरबीआई से पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को ग्राहक खातों में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोकने के लिए की गई हाल की कार्रवाई पर अपनी रिपोर्ट साझा करने दबाव बनाया था।

# अडाणी ग्रीन एनर्जी ने शुरू किया सोलर पावर का उत्पादन

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, '' अदाणी ग्रीन एनर्जी, सौर और पवन के लिए दुनिया के सबसे व्यापक नवीकरणीय ऊर्जा परिवेश में से एक का निर्माण कर रही है।'' उन्होंने कहा कि खावड़ा आरई संयंत्र जैसी साहसिक तथा अभिनव परियोजनाओं के जरिए एजीईएल उच्च वैश्विक मानक स्थापित करना और गीगा-स्केल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए दुनिया की योजना तथा निष्पादन मानकों को फिर से लिखना जारी रखता है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने गुजरात के खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) पार्क में 551 मेगावाट सौर क्षमता शुरू करने की घोषणा की। कंपनी की योजना इस आरई पार्क में 30 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विकसित करने की है, जिसके अगले पांच वर्षों में चालू होने की उम्मीद है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पूरा होने पर खावड़ा आरई पार्क दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा प्रतिष्ठान होगा।बयान में कहा गया कि एजीईएल के पास नौ गीगावॉट से अधिक का परिचालन नवीकरणीय खंड है, जो भारत में सबसे बड़ा है और 12 राज्यों में फैला हुआ है। एजीईएल ने कहा कि उसने आरई पार्क पर काम शुरू करने के 12 महीने के भीतर 551 मेगावाट की सौर क्षमता चालू कर दी, जिसकी शुरुआत सड़कों तथा संपर्क कनेक्टिविटी सहित बुनियादी ढांचे के विकास और एक आत्मनिर्भर सामाजिक परिवेश के निर्माण से हुई।




# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुम्बई ।**

घरेल शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवाली (खरीददारी) हावी रहने से आया है। आज कारोबार के दौरान ऊर्जा और तेल एवं गैस क्षेत्र के लार्जकैप एनटीपीसी, पावर ग्रिड, बीपीसीएल के अलावा एसबीआई और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में आये उछाल से बाजार ऊपर आया है। व्यापक बाजारों की बात करें तो बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स तकरीबन एक फीसदी से ज्यादा बढ़कर बंद हुआ।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 227.55 अंक करीब 0.32 फीसदी बढ़कर 72,050.38 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स आज 71,644.44 के उच्च और 72,164.97 के निचले स्तर पर पहुंचा। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 70.70 अंक तकरीबन 0.32 फीसदी बढ़कर 21,794.80 और 21,953.85 के बीच रहने के बाद अंत में 21,910.75 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान ऊर्जा और तेल एवं गैस क्षेत्र के लार्जकैप एनटीपीसी , पावर ग्रिड,




बीपीसीएल और ओएनजीसी के शेयर बढ़े। एसबीआई और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी 2 फीसदी से अधिक की बढ़त रही। दूसरी ओर एक्सिस बैंक, रिलायंस, अपोलो हॉस्पिटल्स और सन फार्मा के साथ ही आईटीसी, नेस्ले, एचयूएल और ब्रिटानिया के शेयरों में गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह घरेलू शेयर बाजार तेजी से शुरु हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बीच ही लिवाली खरीददारी हावी रहने से आया है। सुबह गिफ्ट निफ्टी , 22000 के आसपास कारोबार करता दिख रहा है। वहीं आज सुबह एशियाई बाजारों में मिश्रित रुख नजर आया। निक्केई और एएसएक्स 200 में 0.8 फीसदी तक की बढ़त आई जबकि जापानी अर्थव्यवस्था लगातार दूसरी बार चौथी तिमाही में 0.4 फीसदी नीचे आई है। कोस्पी और हैंग सेंग ने लाभ कम करके गिरावट दर्ज की। अमेरिका में इंडेक्स में सुधार हुआ क्योंकि एसएंडपी 500 में 0.96 फीसदी, डॉव में 0.4 फीसदी और नैस्डैक में 1.3 फीसदी की बढ़त आई।

# महिन्द्रा कंपनी को हुआ 2,658 करोड़ का नेट मुनाफा, शेयरों में भी आया उछाल



**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली दिग्गज कंपनी महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के रिजल्ट्स जारी कर दिए हैं। एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में उसका कंसोलिडेटेड नेट मुनाफा 34 फीसदी बढ़कर 2,658 करोड़ रुपये हो गया है। जबकि पिछले साल की समान तिमाही में में कंपनी ने 1,984 करोड़ रुपये का नेट मुनाफा दर्ज किया था। महेंद्र एंड महेंद्रा के रेवेन्यू में भी सालाना आधार पर 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली। पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में कंपनी ने जहां 30,621 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया था, तो वहीं इस साल यह बढ़कर 35,299 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने ऑटो सेक्टर में दिसंबर तिमाही में शानदार बिक्री दर्ज करते हुए पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले 20 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की। हालांकि, इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में ट्रैक्टर की बिक्री 4 फीसदी कम होकर 1,00,522 रह गई, जो पिछले साल दिसंबर तिमाही में 1,04,850 थी। सबसे ज्यादा उछाल कंपनी को एलवीसी सेगमेंट से देखने को मिला। कंपनी का मार्केट शेयर सालाना आधार पर 3.10 फीसदी बढ़कर 49.6 फीसदी पर पहुंच गया। कंपनी ने एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में बताया कि उसके एसयूवी सेगमेंट के मार्केट शेयर में 40 बेसिस पॉइंट यानी 0.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। एसयूवी सेगमेंट में दिसंबर तिमाही में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 21 फीसदी पहुंच गई। इसी तरह कंपनी के ट्रैक्टरों की बिक्री भी बढ़ी और मार्केट शेयर में 80 बेसिस पॉइंट (0.8फीसद) की बढ़ोतरी देखने को मिली। 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही में कंपनी की ट्रैक्टर के क्षेत्र में बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 41.8फीसद हो गई है।

# केंद्र सरकार ने बाइक टैक्सी का रास्ता किया साफ, मंत्रालय ने बताई नई परिभाषा

## -अनुबंध गाड़ी के रूप में मिलेगी मान्यता, परिवहन का नया विकल्प उभरेगा

**नई दिल्ली ।**

राज्यों को नई पे रिभाशा देकर केंद्र सरकार ने बाइक टैक्सी कारोबार का रास्ता साफ कर दिया है। इसके तहत केंद्र ने राज्य सरकारों को परामर्श अधिसूचना जारी की है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 22 जनवरी को यह अधिसूचना जारी की थी, जिसका शीर्षक है- 'मोटरसाइकल मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 2(7) के तहत 'ठेके पर चलने वाली गाड़ी' की परिभाषा के दायरे में आती है' शीर्षक से यह अधिसूचना जारी की थी। इस का उद्देश्य देश में मोटरसाइकिलों को कानूनी तौर पर अनुबंध गाड़ी के तौर पर संचालित करने की अनुमति देना है। इससे परिवहन के नए विकल्प उपलब्ध होंगे और लोगों के लिए आय के अवसर भी पैदा होंगे। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार ठेके वाली गाड़ी उस वाहन को कहा जाता है जो पहले से तय शर्तों के साथ सवारियों की आवाजाही के लिए किराये पर लिया जाता है। इसमें वाहन को तय किराये पर एक निश्चत दूरी या निश्चित अवधि के लिए दिया जाता है।

नियमें के अनुसार इसमें रास्ता तय होना जरूरी नहीं है। परामर्श अधिसूचना में कहा गया है, 'स्पष्ट किया जाता है कि मोटर वाहन अ धिनियम की धारा 2 (28) के अनुसार जिन वाहनों में चार पहिये न हों और इंजन 25 सीसी से ज्यादा का हो, उन्हें भी मोटर वाहन की श्रेणी में शामिल किया गया है। ऐसे में मोटरसाइकल भी इस अधिनियम की धारा 2(7) के दायरे में आएगी।' कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्र सरकार की अधिसूचना बाइक टैक्सियों की कानूनी स्थिति को स्पष्ट करती है। ऐसे में राज्यों को मोटरसाइकल परमिट को टैक्सी में शामिल करने के लिए प्रक्रिया और दिशानिर्देश दुरुस्त करने होंगे। हालांकि विशेषज्ञों ने यह भी उल्लेख किया है कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में किसी तरह का संशोधन नहीं किया गया है। यह स्पष्टीकरण उस समय आया है, जब राज्य सरकारों और कैब एग्रीगेटरों के बीच कानूनी लड़ाई चल रही है।

# पेटीएम पर आरबीआई की सख्ती के बाद ईडी ने शुरु कर दी जांच


**नई दिल्ली।** पेटीएम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं है। पहले आरबीआई ने सख्ती की फिर,ईडी ने शिकंजा कस दिया है। ईडी ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। बता दें कि ईडी की तरफ से यह कदम रिजर्व बैंक द्वारा 'गैर-अनुपालन' का लेकर पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ कार्रवाई के बाद उठाया गया है। आरबीआई ने पेटीएम की कंपनी पेटीएम पेमेंट्स बैंक को जमा, क्रेडिट प्रॉडक्सट्स और इसके लोकप्रिय डिजिटल वॉलेट समेत अपने ज्यादातर कारोबार 29 फरवरी तक बंद करने का आदेश दिया है। पेटीएम ने से कहा, हमने हमेशा आवश्यकताओं का कर्तव्यपूर्वक पालन किया है। रिपोर्ट में जांच पर कोई और विवरण नहीं है। पेटीएम या ईडी की तरफ से इस मामले में फिलहाल कुछ नहीं कहा गया। पिछले हफ्ते अपनी रिपोर्ट में कहा था कि प्रवर्तन निदेशालय इस बात की जांच कर रहा है कि क्या पेटीएम और उसके बैंकिंग सहयोगी विदेशी फोरेक्स एक्सचेंज नियमों के उल्लंघन में शामिल थे या नहीं। हालांकि, ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफार्म ने इन आरोपों से इनकार किया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक की कार्रवाई के बाद से पेटीएम ने अपने मार्केट वैल्यू का लगभग 55 प्रतिशत खो दिया है। बुधवार को कंपनी के शेयर करीब 10 प्रतिशत लुढ़क गए। पिछले एक महीने में पेटीएम का शेयर 51.45 प्रतिशत गिर चुका है। वहीं, बीते पांच दिनों में कंपनी के शेयरों में 26.42 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## जानकारी

# कार्डियो एक्सरसाइज के दौरान लें ये 5 चीजें

कार्डियो के एक सेशन के लिए बड़ी मात्रा में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। कार्डियो वर्कआउट हृदय गति को बढ़ाकर रक्त और ऑक्सीजन के प्रवाह को बेहतर बनाता है। आपको बता दें कि कार्डियो एक्सरसाइज में दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना और बहुत सारे व्यायाम आते हैं। इसके अंतर्गत आने वाले व्यायामों को कम तीव्रता के साथ शुरू करना पड़ता है जिसकी गति धीरे-धीरे बढ़ती है। कार्डियो एक्सरसाइज से वजन तो तेजी से कम होता ही है साथ ही इससे नियंत्रित तनाव, रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रित होता है। अपने कार्डियो सत्र को पूरा करने के लिए आपको अच्छे ऊर्जा स्त्रोतों की आवश्यकता होती है। आप पूरी तरह से कार्डियो सत्र के लिए अपनी ऊर्जा को फिर से भरने के लिए कार्ब्स पर निर्भर नहीं हो सकते। अन्य कार्डियो फ्रेंडली आहार विकल्प हैं जिनसे आप पर्याप्त ऊर्जा प्राप्त करने के लिए अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

### मिलेगी एनर्जी



### प्रोटीन

प्रोटीन को जिम का सबसे घनिष्ट साथी माना जाता है। प्रोटीन शेक या प्रोटीन युक्त अन्य पदार्थ जिम जाने वालों के लिए वरदान माने जाते हैं। यह आपको तुरंत ऊर्जा प्रदान कर सकता है। आप अपने वर्कआउट के बीच भी इसका सेवन कर सकते हैं। आप भोजन के लिए कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन का संयोजन भी बना सकते हैं। यह एक संपूर्ण भोजन होगा जो आपको तुरंत ऊर्जा प्रदान कर सकता है।

### एनर्जी शेक और स्मूदी

कार्डियो करने वालों के लिए एनर्जी शेक और स्मूदी जबरदस्त स्रोत होते हैं। आप कार्डियो फ्रेंडली स्मूदी तैयार करने के लिए दही के साथ अपनी पसंद के फल को मिला सकते हैं। आप अपने कार्डियो सत्र से पहले या सत्र के बीच में शेक या स्मूदी पी सकते हैं। आपको फल के पोषक तत्व प्रदान करेगा। उन्हें तैयार करने के लिए मौसमी फलों का उपयोग करना सबसे अच्छा तरीका है।

### फाइबर युक्त आहार

फाइबर एक स्मार्ट विकल्प है, जब कार्डियो फ्रेंडली खाद्य पदार्थों की बात आती है। फाइबर वजन घटाने के अनुकूल होने के साथ-साथ यह आपको लंबे समय तक भरा हुआ रखता है और आपको बार-बार भूख नहीं लगती है। यदि आप अपने आहार में अधिक फाइबर शामिल करते हैं तो आप अनावश्यक कैलोरी का उपभोग करने की संभावना कम करते हैं।

### नट्स और सीड्स

नट्स और सीड्स का मिश्रण आपको तुरंत ऊर्जा दे सकता है। मुट्ठी भर नट आपके लिए आवश्यक ऊर्जा देने के लिए पर्याप्त हैं। नट्स और सीड्स आपको अधिक समय तक भरे रखते हैं और आपको बेकार की चीजों को खाने से रोकते हैं। नट्स और सीड्स में से कुछ जिन्हें आप अपने आहार में शामिल कर सकते हैं, उनमें हैं- बादाम, फ्लैक्स सीड्स, भांग के बीज, चिया सीड्स और अखरोट।

### साबुत अनाज

साबुत अनाज अपने आप में ही कई पोषक तत्वों का स्त्रोत होता है। साबुत अनाज का सेवन आपको वजन कम करने में मदद करने के लिए आपको पर्याप्त फाइबर प्रदान करेगा। साबुत अनाज में कार्ब्स की मात्रा अधिक होती है जो कार्डियो फूड के अनुकूल बनाती है। आप विभिन्न तरीकों से अपने आहार में साबुत अनाज शामिल कर सकते हैं। साबुत अनाज आपको कार्डियो के लिए अधिक ताकत प्रदान करेगा और आपकी मांसपेशियों के लिए ईंधन का काम करेगा।





# गर्भावस्था के बारे में ये बातें कोई नहीं बताता आपको

जो गर्भावस्था एक महिला के जीवन के सबसे रोमांचक और चुनौतीपूर्ण समय में से एक है, लेकिन कई महिलाएं मातृत्व के इस नौ महीने की इस यात्रा को बहुत कम जानते हुए शुरू करती हैं। ऐसी कई बातें है जिनका उल्लेख महिलाओं को तब होता है जब वह उनके साथ होती है।

### गर्भावस्था में इन बातों को नहीं जानती आप

गर्भावस्था एक महिला के जीवन के सबसे रोमांचक और चुनौतीपूर्ण समय में से एक है, लेकिन कई महिलाएं मातृत्व के इस नौ महीने की इस यात्रा को बहुत कम जानते हुए शुरू करती हैं। इम्पीरियल कॉलेज ऑफ लंदन के प्रोफेसर विवेते ग्लोवर फ्रॉम के अनुसार गर्भधारण करने के बाद महिला का शरीर कई बदलावों से गुजरता है। महिला के शरीर में बदलाव हार्मोन में परिवर्तन के कारण होते हैं। लेकिन ऐसी कई बातें है जिनका उल्लेख महिलाओं को तब होता है जब वह उनके साथ होती है। आइए ऐसी ही कुछ बातों की जानकारी हम आपको देते हैं।

### श्रोणि में दर्द

गर्भावस्था के दौरान एक महिला का शरीर जन्म देने के लिए तैयार होने के कारण कई सामान्य परिवर्तनों से गुजरना पड़ता है। इस दौरान रिलैक्सिन नामक हार्मोन के स्राव, स्नायुबंध, मसल्स और नसों को अधिक से अधिक लचीलापन देता है। इसके अलावा, रिलैक्सिन बच्चे के सिर को नीचा लाने के लिए एक महिला के श्रोणि पर्याप्त लचीला बनाता है। इस अतिरिक्त लचीलेपन के साथ मसल्स को खींचाव आसान होता है। कभी-कभी गर्भावस्था के अंतिम दिनों में, जोड़ महिला के श्रोणि के दो हिस्सों को एक साथ कसकर रखते हैं, बिल्कुल अलग होकर एसपीडी का कारण बनता है। इससे महिला के खड़े होने, घूमने और बैठे रहने पर श्रोणि और पीठ में दर्द होने लगता है।

### भावनात्मक बदलाव

प्रोफेसर ग्लोवर के अनुसार गर्भवती में अन्य महिलाओं की तुलना में चिंता और अवसाद के लक्षण अधिक देखने को मिलते हैं। इस दौरान किसी भी महिला में असामान्य भावनात्मक परिवर्तन होना सामान्य ही माना जाता है। हॉर्मोन्स में हो रहे बदलावों के चलते महिलाओं के स्वभाव में तो परिवर्तन आता ही है और वे अधिक गुस्सा करने लगती हैं। उनका स्वभाव चिड़चिड़ा और अजीब सा हो जाता है। इसके अलावा हार्मोनल बदलाव, विशेष रूप से गर्भावस्था के पहले तीन महीनों में होने वाले बदलाव महिला के मन को प्रभावित कर उसे बीमार, थक हुआ और रुआंसा महसूस कराते हैं। लेकिन यह बदलाव बच्चे के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकता है।

### मसूड़ों से खून बहना

कई बार गर्भवती महिलाओं को मसूड़े से खून आने की दिक्कत अधिक होती है। इसे प्रेग्नेंसी जिन्जवाइटिस भी कहते हैं। इसमें हार्मोनल बदलाव की वजह से मसूड़ों तक सही तरीके से ब्लड नहीं पहुंच पाने के कारण मसूड़े कमजोर होने लगते हैं और उनसे खून निकलता है। इसलिए महिलाओं को ब्रश करते समय या फ्लॉस करते समय आपके दांतों में से खून आता है तो आपको डेंटिस्ट के पास तुरन्त जाना चाहिए। साथ ही अपने दांतों की अच्छी तरह से देखभाल के लिए नियमित रूप से चेकअप के लिए अपने दंत चिकित्सक के पास जाये।

### कब्ज

अधिकांश महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान कब्ज की शिकायत रहती है। हार्मोन्स में आए बदलाव के कारण शरीर की पाचन प्रक्रिया धीमी होने पर आंतों की शिथिल मांसपेशियां कब्ज पैदा करने लगती हैं। गर्भावस्था के आखिरी दो तिमाही में आंतों पर गर्भाशय का दबाव कब्ज पैदा कर देता है। इससे निजात पाने गर्भवती को अपने नियमित आहार में फाइबर (रेशेदार) युक्त खाद्य पदार्थ जैसे फल एवं सब्जियों व दालों का ज्यादा से ज्यादा मात्रा में सेवन करना चाहिए। खूब पानी पिएं। कैफीन युक्त पेय पदार्थों के सेवन करने से बचें, क्योंकि कैफीन से आपका शरीर नियमित रूप से मल त्यागने के लिए आवश्यक द्रवों को नष्ट कर देता है। इसके अलावा हल्के व्यायाम को शामिल करें।

### बवासीर

लगभग 50 प्रतिशत गर्भवती में बवासीर की समस्या देखने को मिलती है- जिसमें मलाशय में सूजन और उभड़ी हुई नसों की समस्या, आमतौर पर प्रसव के बाद बेहतर हो जाती है। गर्भावस्था के दौरान गर्भाशय के विस्तार से मलाशय नसों पर अधिक दबाव पड़ने से बवासीर की समस्या होने लगती है। इस समस्या के चलते खुजली और खून बहने के साथ लंबे समय तक बैठने पर असहज महसूस होता है।

### बालों के टेक्सचर में बदलाव

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के बालों की ग्रोथ के साथ-साथ उनके टेक्सचर में भी काफी बदलाव दिखता हैं। यह सब गर्भावस्था के दौरान महिलाओं मे आए हॉर्मोनल बदलाव के कारण होता है, इसको एस्ट्रोजन नामक हॉर्मोन प्रभावित करता है। जिसके बढ़ने से बाल अधिक घने और चमकदार होने लगते हैं। बच्चे को जन्म देने के बाद ये साइकल सामान्य हो जाते हैं। लेकिन डिलीवरी के बाद कई महिलाओं को हेयर फॉल की शिकायत रहती है। क्योंकि ऐसे मे पहले ही बढ़े हुए बालों का बढ़ना रुक जाता है और वह सब एक साथ गिरने लगते हैं।

### सुनाई कम देना

गर्भावस्था हार्मोन कभी-कभी अस्थायी सुनवाई हानि या टिनिटस (कान में घंटी जैसा बजना) का कारण भी बनता है। कुछ गर्भवती महिलाओं, विशेष रूप से एलर्जी से ग्रस्त महिलाओं में साइनस की समस्या अधिक देखने को मिलती है। भीतरी कान में तरल पदार्थ के साथ नम और संचार प्रणाली के साथ जुड़े होने के कारण, गर्भावस्था में रक्त की मात्रा के बढ़ने पर महिलाओं के कंबुकर्णी नली को प्रभावित कर, कान के अवरुद्ध होने की भावना पैदा करता है। चाहे आप गर्भवती है या नहीं, लेकिन ठंड जैसे वायरस के पकड़ने पर समस्या दूर होने तक अस्थायी रूप से आपको कम सुनाई देता है।

## सुझाव

# स्वस्थ फेफड़ों के लिए लें खास आहार



हमारा खान-पान कैसा हो जो फेफड़ों के लिए फायदेमंद रहे। अगर फेफड़ों में कोई परेशानी हो, तो अपने खाने में क्या शामिल करें प्रदूषण, धूम्रपान आदि के दुष्प्रभावों के कारण छाती व फेफड़ों से संबंधित परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। हम आहार पर थोड़ा-सा गौर करके अपने फेफड़ों को ज्यादा सेहतमंद बना सकते हैं।

### क्या खाएं



विटामिन सी युक्त भोजन और फल लें। इनमें खट्टे फल, नीबू, संतरा, मौसमी आदि प्रमुख है। संतुलित आहार लें, जो दाल और अन्न से परिपूर्ण होना चाहिए। यदि फेफड़ों से संबंधी कोई परेशानी है या फेफड़ों में किसी तरह के संक्रमण की शिकायत है तो प्रोटीन से भरपूर डाइट लें, ताकि शरीर में हुई क्षति को जल्दी ठीक किया जा सके। प्रोटीन के लिए सोयाबीन, सभी तरह की दालें, पनीर, अंडा आदि खा सकते हैं। दिन में कम-से-कम डेढ़ से दो लीटर पानी अवश्य पिएं। इससे बलगम को बाहर निकलने में सहायता मिलती है। फलों से मिलने वाले विटामिन्स और मिनरल्स फेफड़ों को दुरुस्त रखने में सहायक होते हैं। मौसमी फल खाना अधिक हितकर होता है। खाने-पीने का समय निर्धारित करें और नियमित अंतराल पर खाएं।

### मौसम के अनुरूप यह रखें ध्यान

आजकल के उमस भरे मौसम में फेफड़ों को स्वस्थ रखने या उनसे संबंधित परेशानी से राहत के लिए पानी खूब पिएं। फेफड़ों से संबंधित किसी तरह की परेशानी है तो बहुत खट्टा या ठंडा न खाएं। इससे फेफड़ों में सूजन की आशंका रहती है। शरीर को एकदम सर्दी से गर्मी या गर्मी से सर्दी में ले जाने से बचें।

### क्या नहीं खाएं

बासी भोजन न करें। इससे फेफड़ों को नुकसान पहुंचता है और पाचन तंत्र भी बिगड़ता है। यदि फेफड़ों का किसी तरह का रोग है, तो तेज मसाले और तला-भुना खाने से भी बचें, क्योंकि इससे एसिडिटी की शिकायत हो सकती है. जो फेफडों के लिए बहत हानिकारक होती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 3096




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो -3095 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मियां-बीवी में धन-दौलत की मिल्कियत को लेकर जबरदस्त कहा-सुनी हो गई. बीवी ने गुस्से से कहा, 'तुम्हारा इस घर में है क्या, जो कुछ है, सब मेरे पिता ने दहेज में दिया है.'

संयोगवश उसी रात घर में चोर घुस गए. बीवी की आंख खुल गई. वह मियां को जगाने लगी, 'जल्दी उठो, घर मे चोर घुस आए हैं.'

मियां ने करवट बदलते हुए कहा, 'मै क्यों उठूं, मेरा इस घर में है ही क्या?'

□ □ □

जज (अभियुक्त से)- तुम्हारी पहली पत्नी की मौत कार दुर्घटना से हुई थी, जबकि दूसरी पत्नी जहर खाकर मर गई. ऐसा क्यों हुआ?

अभियुक्त (जज से)- दूसरी पत्नी कार चलाना नहीं जानती थी.

□ □ □

एक ग्राहक होटल के बैरे से- अरे इस गिलास में पत्ता गिरा है.


बैरा (ग्राहक से) - इसमें कोई ताज्जुब की बात नहीं है, इस शहर में हमारे होटल की कई शाखाएं हैं.

□ □ □

रमेश - अरे, आपका लड़का फेल हो गया है और आप मिठाई खिला रहे हो?

नेता जी - पास, फेल क्या मायने रखता है, बहुमत तो इसके साथ है. पचास में से पैंतीस बच्चे इसके साथ फेल हुए हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली - 3096



**बायें से दायें:-**

१. 'तू सामने जब आता' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
४. शाहरूख, ट्विंकल की 'आशिक हूँ मैं कातिल भी' गीतवाली फिल्म-४
७. 'आके चली बांके चली' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. 'दिल चीज क्या है' गीत वाली 'उमराव जान' की नायिका-२
१२. राजेंद्र कुमार, माला की 'जिसके सपने हमें' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'मैं तुझ से मिलने आई' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
१५. अक्षयकुमार, रवीना की 'टिप टिप बरसा पानी' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'संभाला है मैं ने' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१७. जैकी, रति अग्निहोत्री की 'छोड़ो मुझे छोड़ों' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'हुतूतू' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-२
२३. 'ये रेशमी जुल्फे' गीत वाली राजेश, मुमताज की फिल्म-१,२
२४. मिथुन, चंकी, रितुपर्णा, सोमी अली की १९९४ की एक फिल्म-३,२
२७. 'बनाके क्यूँ बिगाड़ा रे' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
३०. जीतेंद्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीतवाली फिल्म-३
३२. 'एक लड़की जिसके होठों' गीत वाली संजय, जैकी, शिल्पा की फिल्म-२
३३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
३४. 'तू प्यार का सागर है तेरी इक बूंद के प्यासे हम' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तन्हा तन्हा दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कहना है तुमसे कहना' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
३. फिल्म 'मिलन' में मनीषा कोईराला के साथ नायक का नाम-२
५. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दिया की फिल्म-२
६. बॉबी, अक्षय, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
८. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा की फिल्म-४
९. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
११. राजेश खन्ना, धर्मेंद्र, वहीदा की फिल्म-३
१३. 'हसीना गोरी गोरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'खानदान' की नायिका कौन थी-३
१९. 'मैं प्यासा तुम सावन' गीतवाली फिल्म-३
२०. 'हम साथ साथ हैं' में सोनाली के पिता की भूमिका किसने की थी?-३,२
२१. 'इन आँखों को आशिक' गीत वाली राजेश, सुलक्षण की फिल्म-२
२५. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की एक सस्पेंस फिल्म-२
२६. 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२८. 'गोरी जो मटके' गीत वाली फिल्म-३
२९. सनी, मीनाक्षी की 'सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीवकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की १९८१ की एक फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3095

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | बॉ | न | | व | जू | द | | आ | शा |
| बॉ | | सी | मा | | ही | र | | शि | |
| नी | ल | म | | ग | | र | क्ष | क | |
| | म्हे | | खु | दा | र | | त्रि | | अ |
| स | | ग | द | र | | ज | य | श | ज |
| हे | मा | | ग | | सो | मी | | जा | न |
| ली | | क | र्ज | | | र | वि | | बी |
| | ज | या | | म | धु | | दा | ग | |
| बा | | म | र्या | दा | | भा | ई | | जू |
| जी | न | त | | री | | भी | | डो | ली |

## सूडोकु -3096


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3095 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## शब्द पहेली - 3096



**बाएँ से दाएँ**

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**

2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली -3095 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | रा | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |

## एशिया कप में हार के बाद नवीनतम फीफा रैंकिंग में भारत 117वें स्थान पर खिसका

**नई दिल्ली,**

एएफसी एशिया कप में हार के बाद भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम नवीनतम फीफा रैंकिंग में 117वें स्थान पर गिर गई। पिछले महीने दोहा में महाद्वीपीय टूर्नामेंट के पहले दौर में टीम के बाहर होने के बाद, गुरुवार को जारी फीफा पुरुष विश्व रैंकिंग के नवीनतम संस्करण में भारत 102 से 15 स्थान फिसल गया। सीएएफ अफ्रीका कप ऑफ नेशंस और एएफसी एशियन कप में खेले गए मैचों के बाद स्टैंडिंग में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। अफ्रीकी पक्षों के बीच, आइवरी कोस्ट 10 स्थानों की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गया, जो कि घरेलू धरती पर उनकी महाद्वीपीय जीत का पुरस्कार है, जो एक शानदार एफकॉन अभियान के बाद सुरक्षित हुआ। एफकॉन उपविजेता नाइजीरिया महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए 14 स्थानों की छलांग लगाकर 28वें स्थान पर है, लेकिन अंगोला (93वें, 24 स्थान उठकर) से उसका कोई मुकाबला नहीं है, एक टीम जिसे उन्होंने अंतिम आठ में बाहर कर दिया था, जो वैश्विक रैंकिंग की नवीनतम किस्त में सबसे बड़े छलांग लगाने वाले हैं। दो बार के एशियाकप विजेता कतर (37वें, 21 स्थान ऊपर ) ने अपने महाद्वीपीय ताज का सफलतापूर्वक बचाव करने के लिए घरेलू सुविधाओं का लाभ उठाने के बाद सबसे बड़ी संख्या (92.04 अंक) हासिल की। वैश्विक रैंकिंग के शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं देखा गया है।

# निसांका के शानदार शतक से श्रीलंका ने तीसरे एकदिवसीय के साथ ही सीरीज जीती

**कोलंबो ।**

श्रीलंका ने यहां खेले गये तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हरा दिया। श्रीलंकाई टीम ने इसी के साथ ही ये सीरीज 3-0 से जीत ली है। श्रीलंकाई टीम की जीत में सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका की शतकीय पारी के साथ ही अविष्का फर्नांडो के साथ उनकी शतकीय साझेदारी की अहम भूमिका रही। निसांका ने अपनी पारी में 16 चौके और 2 छक्के लगाकर 101 गेंदों पर ही 118 रन बनाए। इस दौरान फर्नांडो के साथ उनकी 173 रन की साझेदारी हुई।



इन दोनों के अलावा कप्तान कुसल मेंडिस ने 40 रन बनाए। इससे श्रीलंकाई टीम ने 35.2 ओवरों में ही 3 विकेट के नुकसान पर 267 रन बना कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। वहीं अफगानिस्तान की ओर से मोहम्मद नबी ने 46 रन देकर 1 विकेट जबकि कैस अहमद ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए। इससे पहले अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.2 ओवर में 266 रन बनाये और श्रीलंकाई टीम को जीत के लिए 267 रनों का लक्ष्य दिया। अफगानिस्तान के रहमत शाह ने 65 और अजमतउल्लाह उमरजई ने 54 रन बनाये। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज रहमतउल्लाह गुरबाज ने 48 जबकि इकराम अलिखिल ने 32 रन बनाये। श्रीलंका की ओर से प्रमोद मधुसन ने 3 जबकि असिता फर्नांडो, दुनिथ वेलागे और अकिला धनंजय ने 2-2 विकेट लिए।

## संक्षिप्त समाचार



## स्पिनर वरुण का खुलासा, फिट होने पर भी मुझे चोटिल बताकर टीम से बाहर रखा जा रहा

**नई दिल्ली ।** स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि वह पूरी तरह फिट हैं और इसके बाद भी उन्हें चोटिल बताकर टीम से बाहर कर दिया गया है। वरुण के अनुसार इस प्रकार फिटनेस को लेकर गलत बयानबाजी से उनका करियर खराब हो रहा है। वरुण ने आईपीएल में शानदार गेंदबाजी कर सभी का ध्यान खींचा था। इसके बाद उन्हें टीम इंडिया में शामिल किया गया पर शीघ्र ही वह बाहर भी हो गये। पिछले तीन साल से भारतीय टीम से बाहर चल रहे इस खिलाड़ी ने कहा है कि वह जब टीम से बाहर किए गए तो उनको लेकर जो जानकारी सामने आई थी वो गलत थ। उनको टीम में जगह नहीं देने का कारण चोटिल होना बताया गया जबकि वह टीम में जगह बनाने के लिए उपलब्ध थे। वरुण ने कहा, मुझे याद है कि विश्व कप खत्म हुआ था और में चोटिल हो गया था। मुझे जो चोट आई थी वो बेहद हल्की थी और दो या तीन हफ्ते के भीतर ही मैं मैदान पर वापसी करने में सफल रहा था।इसके बाद ही मुझे बाहर कर दिया गया था। तब लोगों ने मुझे वहीं पुरानी बातें बार बार कही कि मैं चोटिल हूं जबकि असलियत ऐसी नहीं थी। मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों किया गया। मेरे चोटिल होने की जो बात फैलाई गई वह सही नहीं थी। ऐसा इसलिए किया गया जिससे कि मुझे टीम से बाहर रखा जाये। यह बहुत ही अन्याय है। यह मेरे लिए बहुत ही कठिन था क्योंकि मैं तो हर एक घरेलू टूर्नामेंट में भाग ले रहा था। हर जगह जाकर मुकाबले खेल रहा था। मैं घरेलू मुकाबलों में भाग ले रहा था। इसके बाद भी जब भी कभी चयन की बात आती थी तो मेरे फिट नहीं होने की बात कही जाती।

## रोहित टी20 विश व कप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे : जय शाह



**राजकोट।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने कहा है कि वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा की भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। शाह ने कहा, मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि 2024 टी20 विशे व कप में रोहित शर्मा की कप्तानी में हम बारबाडोस में भारतीय झंडा फहराएंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि हार्दिक पंड्या टी20ई विश्व कप में उप-कप्तानी संभालेंगे। वहीं इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में विराट कोहली के नहीं खेलने को लेकर की गैरमौजूदगी पर शाह ने कहा, विराट ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं, जो बिना किसी बड़े कारण के सीरीज छोड़ देंगे। इसलिए उन्हें फैसले का अधिकार दिया गया है। वहीं शाह ने रणजी ट्रॉफी को लेकर कहा, भारतीय टीम या आईपीएल फ्रेंचाइजी में चयन से पहले हर किसी को रणजी ट्रॉफी खेलना होगा। रणजी में खेलने को प्रत्येक खिलाड़ी के लिए जरुरी बनाया जाएगा।

# रोहित और जडेजा के शतकों से भारतीय टीम ने बनाये पांच विकेट पर 326 रन

**राजकोट ।**

रोहित शर्मा और रविन्द्र जडेजा के शानदार शतकों की सहायता से भारतीय क्रिकेट टीम ने गुरुवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हुए तीसरे किकेट टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 326 रन बनाये। दिन का खेल समाप्त होने के समय जडेजा 110 जबकि कुलदीप 1 रन बनाकर खेल रहे थे। वहीं कप्तान रोहित ने 131 रन बनाये ओर वह मार्क वुड की गेंद पर आउट हुए। इससे पहले आज सुबह भारतीय कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

भारतीय टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 33 रन पर ही शुरुआती तीन विकेट खो दिये। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 10 रनों पर ही आउट हो गये। वहीं शुभमन गिल खाता भी नहीं खोल पाये। रजत पाटीदार भी पांच रन ही बना पाये। इस दौरान रोहित एक छोर पर डटे रहे और टीम का स्कोर आगे बढ़ाते रहे। इससे पहले आज सुबह भारतीय टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही। इंग्लैड टीम के तेज गेंदबाज वुड की गेंदों को उछाल भरी पिच पर खेलना बल्लेबाजों के लिए कठिन रहा। इसके बाद अपना पहला टेस्ट खेल रहे रजत पाटीदार भी 5 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद रोहित और जडेजा ने पारी को संभाला। रोहित ने शतक लगाया और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। रोहित ने 196 गेंदों पर 14 चौके और 3 छक्के लगाकर 131 रन बनाए। वहीं जडेजा ने 198 गेंदों पर शतक लगाया। वहीं अपने पहले ही मैच में सरफराज ने भी अर्धशतक लगाया। सरफराज 66 गेंदों पर 9 चौके और एक छक्के की मदद से 62 रन बनाने के बाद बदकिस्मती से रन आउट हो गये।

### रोहित ने 11 वां टेस्ट शतक लगाकर आलोचकों को दिया जवाब

राजकोट । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले ही दिन शानदार शतक लगाकर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है। रोहित पिछले कुछ समय से रन नहीं बना पाये थे जिससे उनके फार्म को लेकर आलोचक सवाल उठा रहे थे। रोहित इंग्लैंड के खिलाफ पहले दोनो ही मैचों में रन नहीं बना पाये थे। वहीं तीसरे टेस्ट में उन्होंने कठिन हालातों में शतकीय पारी खेली। ये उनका 11 वां टेस्ट शतक जबकि सभी प्रारुपों को मिलाकर 47 वां शतक था। इस मैच में रोहित ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। वहीं इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए शुरुआती तीन विकेट लेकर भारतीय टीम को दबाव में डाल दिया। भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और फिर रजत पाटीदार ने अपने विकेट गंवा दिये। इसके बाद रोहित ने एक छोर संभाले रखा और रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर टीम को संभाला। रोहित ने 71 गेंदों पर 8 चौके लगाकर अर्धशतक पूरा किया। वहीं भारतीय टीम ने केवल 33 रनों पर ही तीन विकेट खो दिये। ऐसे में रोहित ने कप्तानी पारी खेलते हुए 157 गेंदों पर 11 चौके और 2 छक्के लगाकर अपना शतक बनाया।

## कमिंस को कप्तान बनाने से सनराइजर्स को होगा फायदा : गावस्कर

**मुम्बई ।**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के अनुसार सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 2024 सत्र में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाकर बिलकुल सही कदम उठाया है। गावस्कर ने कहा कि कमिंस एक बेहतरीन गेंदबाज होने के साथ ही कुशल नेतृत्वकर्ता भी हैं। हैदराबाद ने पिछले साल दिसंबर में हुई नीलामी में कमिंस को 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। गावस्कर ने कहा कि कमिंस का कप्तान कौशल और ऑलरराउंडर होना अंतर पैदा करता है। इससे टीम की जीतने की संभावनाएं बढ़ती हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कमिंस एक स्मार्ट खरीदारी थी, शायद थोड़ी अधिक महंगी। स्मार्ट खरीदारी क्योंकि वह उनकी टीम में नेतृत्व का पहलू सामने लाएंगे, जिसकी पिछली बार सनराइजर्स टीम में कमी थी। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, पिछली बार गेंदबाजी में महत्वपूर्ण मैचों में जो बदलावा देखे थे, वे फायदेमंद नहीं थे, और इससे ही टीम के हाथों से मैच निकल गया। अब पैट कमिंस के आने से मुझे भरोसा है कि टीम के जीतने की संभावनाएं बढ़ेंगी। कमिंस की बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता एक एक्स फैक्टर है। गावस्कर ने कहा कि आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से कमिंस ने 14 गेंदों में ही अर्धशतकीय पारी खेलकर दिखाया था कि वह एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं। हैदराबाद ने कमिंस अलावा ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज ट्रैविस हेड को भी 6.80 करोड़ रुपए में खरीदा है। साथ ही कहा कि हेड भी अपने बल पर ही मैच का रुख बदल सकते हैं। गावस्कर ने कहा कि मयंक अग्रवाल या राहुल त्रिपाठी के साथ हेड की जोड़ी सही रहेगी।

## एलसीटी के दूसरे सत्र में न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की कप्तानी करेंगे युवराज

**नई दिल्ली ।**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह अब अगले माह होने वाले लीजेंड्स लीग क्रिकेट ट्रॉफी (एलसीटी) के दूसरे सत्र में न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की कप्तानी करते नजर आयेंगे। युवराज को इस सत्र के लिए टीम का कप्तान और आइकन खिलाड़ी घोषित किया गया है। युवराज की इस टीम में कई दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल है। इसमें बाबर आजम, राशिद खान, कीरोन पोलार्ड, इमाम उल हक, नसीम शाह, मथीशा पथिराना, रहमानुल्लाह गुरबाज़, आसिफ अली और मोहम्मद आमिर आदि हैं। न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स फ्रेंचाइजी ने कहा, युवराज के शामिल होने से टीम में विशेषज्ञता, कौशल और नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। टूर्नामेंट के आगामी संस्करण में नेतृत्व करने के लिए न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की तैयारी भी बेहतर होगी। 90 गेंदों के प्रारूप में खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट 7-18 मार्च तक श्रीलंका के कैंडी में खेला जाएगा। 20 ओवर के प्रारूप में खेला गया इसका पहला सत्र पिछले साल 22 से 30 मार्च तक गाजियाबाद में रखा गया था। वहीं फाइनल में बारिश के बाद इंदौर नाइट्स और गुवाहाटी एवेंजर्स को उद्घाटन सत्र का संयुक्त विजेता घोषित किया गया। एलसीटी 90 बॉल्स प्रारूप में प्रत्येक टीम के पांच गेंदबाज तीन ओवर फेंकतें हैं।



## ध्रुव और सरफराज ने टेस्ट डेब्यू किया

**राजकोट ।**

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल और सरफराज खान ने गुरुवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हुए तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से अपना टेस्ट डेब्यू किया। इस मैच के लिए भारतीय टीम ने चार बदलाव करते हुए दो खिलाड़ियों को टेस्ट डेब्यू का अवसर दिया। वहीं दो अनुभवी खिलाड़ियों की भी टीम में वापसी हुई है। इस मैच से युवा ध्रुव और सरफराज का टेस्ट खेलने का सपना पूरा हुआ। दोनो ही टीमों के बीच ये मैच बेहद अहम माना जा रहा है। पहला टेस्ट जहां इंग्लैंड ने जीता। वहीं दूसरा मैच भारतीय टीम ने जीता। इस प्रकार ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। ध्रुव जुरेल को विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने डेब्यू कैप दी। उन्हें केएस भरत की जगह पर अवसर दिया गया है। इसका कारण ये है कि भरत पहले दक्षिण अफ्रीका और अब इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में प्रभावित नहीं कर पाये हैं। ध्रुव के पिता सेनानिवृत सैन्य अधिकारी हैं और चाहते थे उनका बेटा भी सेना में जाये पर ध्रुव को क्रिकेटर बनने की धुन थी जो अब पूरी हो गयी। वहीं सरफराज को श्रेयस अय्यर की जगह शामिल किया गया। श्रेयस पिछले काफी समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के साथ ही फिटनेस से भी जूझ रहे थे। सरफराज को दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप सौंपी। सरफराज पिछले काफी समय से टेस्ट पदार्पण के लिए प्रयास कर रहे थे पर घरेलू क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन के बाद भी इन्हें अवसर नहीं मिल रहा था। ऐसे में सरफराज के डेब्यू पर उनके पिता भी भावुक को गये।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए बोल्ट की वापसी

### युवा जोश क्लार्कसन कर सकते हैं डेब्यू



**क्राइस्टचर्च ।**

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली अपनी आगामी तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए वापसी हुई है। बोल्ट के आने से कीवी टीम की गेंदबाजी बेहतर होगी। बोल्ट एक दिवसीय विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल के बाद से ही खेल से दूर हैं। वह 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में कीवी टीम की हार के बाद से ही अपना पहला टी20 खेलेंगे।

वहीं दाएं हाथ के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन निजी कारणों से टीम से बाहर हैं। डेरिल मिशेल को भी फिट नहीं होने के कारण टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं युवा जोश क्लार्कसन को टीम में जगह दी गयी है। क्लार्कसन इस सीरीज में अपना टी20 डेब्यू कर सकते हैं। क्लार्कसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए 20 ओवरों की टीम में शामिल किया जाना उनके लिए एक विशेष अवसर है। इस क्रिकेटर ने कहा कि बांग्लादेश सीरीज के लिए बुलाया जाना और फिर अब ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए बुलाया जाना बहुत ही सुखद एहसास है। । न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज 21 फरवरी को वेलिंग्टन में शुरू होगी। दूसरा और तीसरा मैच 23 और 25 फरवरी को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टी20आई टीम इस प्रकार है- मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट (दूसरा और तीसरा टी20आई), मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्ने, मैट हेनरी, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ईश सोढ़ी, टिम साउदी।

### राजकोट में 500 विकेट पूरे करेंगे अश्विन : जडेजा

**राजकोट ।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने कहा है कि अनुभवी स्पिनर आर अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में अपने 500 विकेट पूरे कर सकते हैं। जडेजा के अनुसार मैं इसे बेहद खुश हूं कि अश्विन मेरे घरेलू मैदान में ये उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट मैचों में ही 9 विकेट ले लिए थे। अश्विन ने 9 मैचों में अपने 50 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। इस दौरान पहले 100 विकेट उन्होंने 18 टेस्ट मैचों में पूरे किये। वहीं 150 विकेट के लिए उन्हें 29 टेस्ट मैच खेलने पड़े। 37 टेस्ट में उनके 200 विकेट पूरे हुए। अश्विन ने 45 मैचों में अपना 250 वां विकेट लिया। 300 विकेट उन्होंने 54 टेस्ट में हासिल किये। वहीं 350 विकेट के लिए अश्विन ने 66 टेस्ट मैच खेले। 77 मैचों में उन्होंने 400 विकेट लिए। अपने 89वें टेस्ट में इस खिलाड़ी ने 450 विकेट का आंकड़ा अपने नाम किया। 97 टेस्ट मैचों में अश्विन ने 499 विकेट लिए हैं। राजकोट में एक विकेट और ले लेते हैं तो वह टेस्ट क्रिकेट में 500 या इससे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। अब तक केवल दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने ही टेस्ट में 500 विकेट लिए हैं।



## भरत को एक और अवसर दे : पार्थिव



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने कहा है युवा विकेटकीपर कोना भरत को एक और अवसर देना चाहिये। भरत दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड के खिलाफ भी शुरुआती दो 2 टेस्ट मैचों में असफल रहे हैं। वह विकेटकीपिंग के साथ ही बल्लेबाजी में भी रन नहीं बना पाये हैं। पार्थिव ने कहा कि भरत ने विकेट के पीछे काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। भरत ने अब तक 7 टेस्ट मैच खेले है पर वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाये हैं। पार्थिव ने कहा कि भारतीय टीम में विकेटकीपर का स्थान अभी तक तय नहीं है। पार्थिव ने कहा कि भरत ने निश्चित तौर पर इस सीरीज में अब तक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भी विकेटकीपिंग में शानदार प्रदर्शन किया है। जहां तक रन बनाने की बात है तो इसमें वह अभी अपने को साबित नहीं कर पाये हैं। पार्थिव ने कहा कि इन हालातों में भरत और ध्रुव जुरेल के तौर पर भारत के पास दो शानदार विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि भरत से टीम प्रबंधन रन चाहता है ये ठीक भी है। पार्थिव ने हैदराबाद में शुरुआती टेस्ट में कठिन हालातों में भरत की 41 और 28 रन की पारी की ओर संकेत करते हुए उन्हें एक और अवसर दिया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि आपको हैदराबाद टेस्ट मैच की पहली पारी में उनके 41 रन को देखना होगा। दूसरी पारी में जब सभी मुख्य बल्लेबाज आउट हो गये थे तब भरत ने अश्विन के साथ मिलकर टीम को संभालने का प्रयास किया था।

## लोन ऐप के डेटा से सबसे ज्यादा धोखाधड़ी

नई दिल्ली । देश के करीब 14 फ़ीसदी लोग ऑनलाइन ऐप के माध्यम से कर्ज लेने के लिए विवश है। इनमें से 58 फ़ीसदी कर्जदारों को 25 फ़ीसदी से ज्यादा ब्याज चुकाना पड़ रहा है।इसके साथ ही लोन प्रक्रिया के दौरान जिस तरह से ऑनलाइन डेटा मांगा जाता है। उसके बाद उनके साथ धोखाधड़ी भी सबसे ज्यादा हो रही है। होम क्रेडिट इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार 65 फ़ीसदी ऑनलाइन कर्जदार डेटा प्राइवेसी के बारे में कुछ नहीं जानते हैं। लोन लेने के लिए वह अपनी सारी निजी जानकारी उपलब्ध कराते हैं। उसके बाद ठगी का शिकार हो जाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है, कि 50 फ़ीसदी लोगों के पास व्हाट्सएप के माध्यम से लोन के ऑफर आए थे। जल्द लोन मिलने के नाम पर लोग मुसीबत में बिना सोचे समझे अपनी जानकारियां साझा कर देते हैं।उन्हें ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दिए गए लोन की शर्तों के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। जिसके कारण वह भारी ब्याज और जुर्माने का शिकार भी होते हैं।लोन एप के माध्यम से आम आदमी धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं।

## मनोज जरांगे ने फिर भरी हुंकार....18 या 19 फरवरी को मुंबई जाएंगे

मुंबई । आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार की कुनबी मराठाओं के रक्त संबंधियों संबंधी मसौदा अधिसूचना को कानून में बदलने की मांग पर दबाव बनाने के लिए वह 18 या 19 फरवरी को मुंबई जाएंगे। इसके एक दिन पहले महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने कहा था कि मराठा समुदाय की आरक्षण और अन्य मांगों पर चर्चा के लिए 20 फरवरी को राज्य विधानसभा का एक विशेष सत्र आयोजित होगा।जिसके बाद जरांगे की यह टिप्पणी आई है। मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में शामिल करने की मांग को लेकर जरांगे ने जालना जिले के अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती गांव में छठे दिन अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखा। जरांगे के एक करीबी ने बताया कि उनकी (जरांगे) स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ गई है। जरांगे ने कहा, कुनबी मराठाओं की रक्त संबंधी मसौदा अधिसूचना को लागू करने को लेकर दबाव बनाने के लिए मैं 18 या 19 फरवरी को मुंबई जाऊंगा। जरांगे के स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे मराठा कार्यकर्ता किशोर मरकड ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों को उनसे (जरांगे) बात करनी चाहिए और अधिसूचना को लागू करने का आश्वासन देना चाहिए। जरांगे को बुधवार शाम को प्रदर्शन के दौरान आईवी फ्लूइड दिया गया। बिना जानकारी के आईवी फ्लूइड लगाए जाने से गुस्साए जरांगे ने कहा कि अगर सरकार उन्हें चिकित्सा उपचार प्रदान करना चाहती है, तब उन्हें तुरंत मराठा आरक्षण लागू करना चाहिए नहीं, तब वह फिर से विरोध प्रदर्शन के दूसरे दौर के लिए मुंबई जाएंगे।

## चाइनीज मांझा से 38 साल के शख्स की कट गई गर्दन, मौत

सहारनपुर । चायनीज मांझा ने एक शख्स की जान ले ली है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के कुतुबशेर थाना क्षेत्र में चीनी मांझा, पतंग की डोरी से गला कटने के बाद 38 साल के एक शख्स की मौत हो गई। गौरतलब है कि चीनी मांझा पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाले धागे में लगाया जाता है। इसमें कांच की कोटिंग का इस्तेमाल होता है, जो कई बार इंसानों और पक्षियों के लिए जानलेवा साबित होता है। हालांकि यूपी सरकार ने 2017 में कांच की परत वाली पतंगों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। मृतक की पहचान अतुल शर्मा के रूप में हुई है। इस मामले में शहर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को बताया कि यह घटना बुधवार शाम की है जब कुतुबशेर पुलिस स्टेशन में एक व्यक्ति के बारे में सूचना मिली थी। वह शख्स शारदा नगर फ्लाईओवर पर एक तार से घायल हो गया था। एएसपी ने कहा कि घायल व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि पूछताछ के दौरान मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा अतुल शर्मा घर से अपनी मोटरसाइकिल से सामान लेने बाजार जा रहा था और जब वह शारदा नगर फ्लाईओवर पर पहुंचा तो एक तार उसके गले में फंस गया। पुलिस ने कहा कि जिले में चाइनीज मांझे की छापामारी की जा रही। अब तक पुलिस ने लगभग छह दुकानदारों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया है। पुसिल ने उनके कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के 52 बंडलों को जब्त किया है।

## पत्नी की हत्या करके कटा सिर लेकर घूमता रहा शख्स, लोग आए दहशत में

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के पटाशपुर में एक वीभत्स कांड देख लोग सिंहर उठे। दरअसल एक शख्स ने पत्नी की हत्या कर दी और कटा हुआ सिर लेकर होटल पर पहुंच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को यह चौंकाने वाली घटना सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी गौतम गुचैत ने पहले अपनी पत्नी फूलरानी गुचैत की देसी कुल्हाड़ी से सिर काटकर हत्या कर दी और फिर कटा हुआ सिर और हत्या में प्रयुक्त हथियार लेकर अपने घर से बाहर आ गया। फिर वह एक स्थानीय चाय की दुकान पर पहुंचाफ इसके बाद एक बेंच पर बैठ गया और कटे हुए सिर और कटलेट को अपने दोनों तरफ रख लिया। एक ग्रामीण ने कहा, कि वह इतने हिंसक मूड में था कि किसी को भी उसके पास जाने की हिम्मत नहीं हुई। अंत में पाटशपुर पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची और गुचैत को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाद में पता चला है कि पेशे से फेरीवाला गुचैत का पिछले कुछ समय से अपनी पत?नी के साथ परेशानी भरा रिश्ता बिता रहा था, क्योंकि उसे उस पर विवाहेतर संबंध होने का शक था। गुचैत का इस शादी से एक नाबालिग बेटा है जो पहली कक्षा में पढ़ता है। पुलिस ने कटे हुए सिर और हत्या में इस्तेमाल हथियार को इकट्ठा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने पूछताछ के लिए आरोपी के माता-पिता को भी हिरासत में लिया है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि गुचैत की दिमागी हालत ठीक नहीं है। दरअसल मार्च 2021 में कोलकाता के अलीपुर जूलॉजिकल गार्डन में शेर के पिंजरे में घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सौभाग्य से उस समय वह मामूली चोटों के बावजूद बच गया था।

## भाजपा को मिला कांग्रेस से 10 गुना ज्यादा चंदा, बसपा को 20 हजार से ज्यादा नहीं

### -एडीआर ने जारी किए पार्टियों को मिले डोनेशन के आंकड़े, सबसे ज्यादा दिल्ली फिर गुजरात को मिला

नई दिल्ली । वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय जनता पार्टी को चंदे के रूप में सर्वाधिक राशि प्राप्त हुई है। यह खुलासा एडीआर की एक रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है ?कि भाजपा द्वारा घोषित चुनावी चंदा इसी अवधि के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और सीपीआईएम (सीपीआईएम) द्वारा घोषित कुल चंदे से पांच गुना अधिक है। यहां बता दें कि एनपीपी नॉर्थईस्ट की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जिसे राष्ट्रीय दल का दर्जा मिला हुआ है। जानकारी के अनुसार भाजपा को 2022-23 में लगभग 720 करोड़ रुपये का इलेक्टोरल डोनेशन (चुनावी चंदा) मिला। यह आंकड़ा चार अन्य राष्ट्रीय दलों- कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, सीपीआई-एम और नेशनल पीपुल्स पार्टी को प्राप्त कुल चुनावी चंदे से पांच गुना अधिक है। चुनावी और राजनीतिक सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी एक रिपोर्ट में ये आंकड़े जारी किए हैं। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय दलों को जिसमें 20,000 रुपये से अधिक की रा?शि शा?मिल है, 850.438 करोड़ रुपए के कुल 12,167 डोनेशन प्राप्त हुए हैं। वहीं देश की छठी राष्ट्रीय पार्टी, बहुजन समाज पार्टी ने बताया कि उसे वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 20,000 रुपये से अधिक का कोई चंदा नहीं मिला। इलेक्शन कमीशन में रजिस्टर्ड पॉलिटिकल पार्टी के लिए एक फाइनेंशियल ईयर में उसे प्राप्त 20,000 रुपये से अधिक के इलेक्टोरल डोनेशन का खुलासा करना अनिवार्य कर ?दिया है। चंदे की रा?शि को लेकर भाजपा ने बताया कि उसे 7,945 डोनेशन से 719.858 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। कांग्रेस के मुताबिक उसे 894 डोनेशन से 79.924 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। भाजपा द्वारा घोषित चुनावी चंदा इसी अवधि के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और सीपीआईएम (सीपीआईएम) द्वारा घोषित कुल चंदे से पांच गुना अधिक है। यहां बता दें कि एनपीपी नॉर्थईस्ट की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जिसे राष्ट्रीय दल का दर्जा प्राप्त है। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि राष्ट्रीय पार्टियों को दिल्ली से कुल 276.202 करोड़ रुपये का चंदा मिला, इसके बाद गुजरात से 160.509 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र से 96.273 करोड़ रुपये का चंदा मिला।

# भाजपा की सरकार के रहते गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा : योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर (एजेंसी)।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भाजपा की सरकार के रहते गरीबों को कोई भी उजाड़ नहीं पाएगा। योगी ने कहा कि यदि किसी ने ऐसा दुस्साहस किया भी तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी साथ ही जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें ?कि मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री बैठे हुए लोगों तक खुद पहुंचे। उन्होंने सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। सीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

सीएम ने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। योगी ने कहा कि राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने एस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध की और भी ध्यान दिलाया।

## रायबरेली की जनता को सोनिया का भावुक खत....आपके बिना दिल्ली में मेरा परिवार अधूरा

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला देकर गुरुवार को घोषणा की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। सोनिया गांधी ने कहा कि स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के कारण मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस फैसले के बाद मुझे सीधे तौर पर आपकी सेवा करने का मौका नहीं मिलेगा, लेकिन निश्चित तौर पर मेरा दिल और आत्मा हमेशा आपके साथ रहेगी। रायबरेली की जनता को लिखे भावुक पत्र में सोनिया ने कहा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। उन्होंने कहा कि रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गाँधी को यहाँ से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गाँधी को रायबरेलीवालों ने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। सोनिया ने कहा कि इसी रोशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आँचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। उन्होंने कहा कि यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है।

# लोकसभा चुनाव के लिए पार्टियों ने रखा 2000 करोड़ का बजट

### -बजट का 55 फीसदी हिस्सा डिजिटल मीडिया व विज्ञापन पर होगा खर्च




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में आम चुनाव दस्तक देने वाले हैं। फिलहाल, लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। लेकिन, सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार और विपक्ष दलों ने आगामी चुनाव के लिए कमर कस ली है। राजनीतिक दलों की तैयारी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस लोकसभा चुनाव में विभिन्न पार्टियां 1500 से 2000 करोड़ रुपये प्रचार पर खर्च कर सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एडवरटाइजिंग इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने यह दावा किया है। ग्रुप एम साउथ एशिया के सीईओ प्रशांत कुमार ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दल 1500 से 2000 करोड़ रुपये इलेक्शन कैंपेन पर खर्च कर सकती हैं। ऐसे में प्रचार-प्रसार से जुड़ी इंडस्ट्री और लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। बताया जा रहा है कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार बजट का 55 फीसदी हिस्सा डिजिटल मीडिया व विज्ञापन पर और 45 प्रतिशत हिस्सा अन्य चुनावी प्रचार तंत्र पर खर्च करेंगी। वहीं कुनाल लालानी ने कहा कि मुझे लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनावों के प्रचार पर खर्च होने वाली रकम 2019 के इलेक्शन से काफी ज्यादा होगी।

उन्होंने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस पार्टी मुख्य रूप से चुनावी प्रचार-प्रसार पर ज्यादा पैसा खर्च करेंगी, जबकि क्षेत्रीय राजनीतिक दल का चुनावी बजट ज्यादा नहीं होगा। राजनीतिक दलों ने विभिन्न मीडिया हाउसेज से चुनाव प्रचार के संबंध में बातचीत कर रही हैं। एक अन्य अधिकारी का कहना है कि अकेले प्रिंट मीडिया, जिसमें अखबार, मैगजीन आते हैं, आदि को राजनीतिक दलों से 300 से 350 करोड़ के विज्ञापन मिलेंगे। शिवकुमार सुंदरम ने कहा कि पिछले साल 5 राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार पर 250 करोड़ रुपये खर्च किए थे। हैरानी की बात है कि 2019 में इलेक्शन कैंपेन पर सिर्फ 200 करोड़ रुपये खर्च हुए थे।

## चुनावी बांड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राहुल गांधी, खड़गे और जयराम रमेश ने किया स्वागत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बांड को असंवैधानिक बताने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। श्री खडगे ने कहा चुनावी बांड योजना को शुरु करने के दिन कांग्रेस ने अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताकर 2019 के घोषणा पत्र में पार्टी ने मोदी सरकार की संदिग्ध योजना को खत्म करने का वादा किया था। हम आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं, जो कि मोदी सरकार की इस काला धन को सफेद करने की योजना को असंवैधानिक बताकर रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा हमें याद है कि कैसे मोदी सरकार ने भाजपा का खजाना भरने के लिए हर संस्थान रिजर्व बैंक, चुनाव आयोग, संसद और विपक्ष पर बुलडोजर चला दिया था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि इस योजना के तहत 95 प्रतिशत फंडिंग भाजपा को मिली।

वहीं राहुल गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत आपके सामने है। भाजपा ने इलेक्टोरल बॉण्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। आज इस बात पर मुहर लग गई है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार की काफी प्रचारित-प्रसारित चुनावी बॉन्ड योजना को संसद द्वारा पारित कानूनों के साथ-साथ भारत के संविधान का भी उल्लंघन माना है। चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक करार देने का फैसला स्वागत योग्य है। इस फैसले की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। मोदी सरकार चंदादाताओं को विशेष तरह के अधिकार और छूट दे रही है जबकि अन्नदाताओं के साथ अन्याय पर अन्याय करती जा रही है। हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इस बात पर भी ध्यान देगा कि चुनाव आयोग लगातार वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल-वीवीपैट के मुद्दे पर राजनीतिक दलों से मिलने से इंकार कर रहा है। यदि मतदान प्रक्रिया में सब कुछ पारदर्शी और साफ है, तब फिर समय न देने की जिंद क्यों।

## बूढ़े हो रहे जापान को पछाड़कर दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा युवा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उगाते हुए सूरज का देश कहजाने वाले जापान के सामने अपनी बूढ़ी हो चुकी आबादी का बड़ा संकट है। इसकारण बूढ़ी'हो रही जापानी अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त पड़ गई है, जिसका सीधा फायदा भारत को मिलने वाला है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि जापान की अर्थव्यवस्था अब चौथे पायदान पर खिसक गई है, जहां पहले जर्मनी काबिज था। इसका सीधा मतलब हुआ कि अब जर्मनी तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया और जापान चौथे पायदान पर पहुंच गया है। लेकिन, भारत की रफ्तार इन दोनों से ही ज्यादा है और जल्द ही वह दोनों देशों को पीछे छोड़ तीसरे पायदान पर पहुंच जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, जापान की विकास दर अभी 1.2 फीसदी है, जो पिछले साल तक निगेटिव में जा रही थी। अगर डॉलर के टर्म में देखी जाए तब इसकी अर्थव्यवस्था जर्मनी से पीछे चली गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह जापानी मुद्रा येन में गिरावट और तेजी से बूढ़ी होती जनसंख्या को बताया जा रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान और पुख्ता हो गया है कि जल्द ही भारत दोनों देशों को पीछे छोड़ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

एक वक्त जापान दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ जा रहा था। जब साल 2010 में चीन ने जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा और दूसरे पायदान पर आ गया। आज चीन की इकनॉमी जापान के मुकाबले 4 गुना बढ़ चुकी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार जापान की इकनॉमी अभी 4.2 लाख करोड़ डॉलर की है, जो 2012 में 6.3 लाख करोड़ डॉलर की थी। इस दौरान जापानी मुद्रा येन भी डॉलर के मुकाबले 80 से गिरकर 141 पहुंच गई है। इसके मुकाबले अगर जर्मनी की जीडीपी देखी जाए तब आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार, यह अभी करीब 5 लाख करोड़ डॉलर है। जापान की जीडीपी जहां सुस्त रफ्तार से आगे बढ़ रही है, वहीं जर्मनी की ग्रोथ स्थिर बनी हुई है। साल 2028 तक जापान 5 लाख करोड़ डॉलर के आसपास रहेगा, तब जर्मनी इससे थोड़ा ऊपर पहुंच सकता है। अगर भारत से तुलना करने तब दोनों ही देशों के तमाम ग्रोथ आंकड़े काफी सुस्त नजर आ रहे हैं। आईएमएफ के आंकड़े भी साफ बता रहे हैं कि भारत की ग्रोथ इन दोनों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। लिहाजा साल 2026 में पहले जापान को पीछे छोड़ हम चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और फिर 2027 में जर्मनी को पछाड़कर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

## संदेशखाली में आरएसएस के बंकर, बाहरियों को लाकर दंगे करवा रही भाजपा : ममता बनर्जी



**कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि संदेशखाली में बाहर से आकर बीजेपी के कार्यकर्ता मास्क पहनकर बयान दे रहे हैं। वहां टारगेट एसके शाहजहां था। ईडी ने सबसे पहले शाहजहां को निशाने पर लिया। संदेशखाली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बंकर हैं। वहां, पहले भी दंगे हो चुके हैं।

पश्चिम बंगाल के संदेशाखली में टीएमसी कार्यकर्ताओं पर महिलाओं के साथ यौन अत्याचार के आरोप लगे। मामले में अब मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ निशाना साधा है। ममता ने प्रताड़ना पर कहा कि संदेशखाली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बंकर हैं। वहां, पहले भी दंगे हो चुके हैं। बंगाल की विधानसभा में उन्होंने कहा कि संदेशखाली में बाहर से आकर बीजेपी के कार्यकर्ता मास्क पहनकर बयान दे रहे हैं। बीजेपी पर आरोप लगाकर ममता ने कहा कि संदेशखाली में बीजेपी बाहर से लोगों को ला रही है। इस मामले में हमारी सरकार ने एक्शन लेकर एक कमेटी बनाई है।

केंद्र पर निशाना साधकर ममता ने कहा कि दिनाजपुर में बीएसएफ की लापरवाही के कारण चार बच्चों की मौत हो गई। लेकिन केंद्र सरकार ने इसकी जांच के लिए अपनी कोई टीम नहीं भेजी। क्या केंद्र सरकार इस सवाल का जवाब देगी। उन्होंने कहा कि बीएसएफ का काम सीमा की निगरानी करना है, बीजेपी कार्यकर्ताओं की तरह काम करना नहीं। यहां बीजेपी के कैंपों पर बीएसएफ तैनात है।

बता दें कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए डीआईजी रैंक की महिला आईपीएस अधिकारी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय टीम बना दी है। टीम संदेशखाली का दौरा कर उन महिलाओं से बात करेगी, जिन्होंने आरोप लगाया है कि उनके साथ यौन उत्पीड़न किया गया।

संदेशखाली मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा था कि संदेशखाली की हिंदू महिलाएं मदद मांग रही हैं। टीएमसी नेता शेख शाहजहां कहां हैं। ममता और उनकी सरकार ने कभी उन गुंडों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। ईरानी ने दावा किया था कि महिलाओं के साथ हुए अत्याचार पर पुलिसकर्मी भी मूकदर्शक बने रहे। संदेशखाली में हाल के दिनों में स्थानीय टीएमसी नेता शेख शाहजहां के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया है। महिलाओं ने शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन अपनी जमीनें हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।

### अब ममता बनर्जी और केजरीवाल बना सकते हैं अपना अलग गुट !

कोलकाता । भाजपा को टक्कर देने के लिए खड़ा हुआ महागठबंधन अब अंतिम सांसे गिनता दिख रहा है। सबकी अपनी अपनी राय है और अपनी मर्जी से खुद ही निर्णय ले रहे हैं, कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं है। इसी बीच खबरें आ रहीं है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपना अलग गुट बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 21 फरवरी यानी अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पंजाब का दौरा कर सकती हैं। यह भी पता चला है कि इस कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि, वह पंजाब का दौरा क्यों कर रही हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री 21 फरवरी को पंजाब का दौरा करेंगी। उन्हें वहां स्वर्ण मंदिर जाना है। वह पंजाब में आप नेताओं के साथ बैठक कर सकती हैं। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका बदल गई है। आप और तृणमूल ने कुछ बिंदुओं पर नीतिगत गठबंधन कर लिया है। एक तरफ जहां तृणमूल ने पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, वहीं आप ने पंजाब में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की बात कही है। कांग्रेस पहले ही बार-बार अपने सुर नरम कर चुकी है। उधर, ममता बनर्जी ने बार-बार क्षेत्रीय दलों से लोकसभा चुनाव लड़ने का आह्वान किया है। राष्ट्रीय राजनीति में ममता बनर्जी की अहमियत एक बार फिर बढ़ गई है।

# मोदी का ग्राफ नीचे लाना है...! कथित किसान नेता का वीडियो हुआ वायरल

### -राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद लोकप्रियता में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल किसान संगठनों में से एक भारती किसान यूनियन (एकता सिधूपुर) के प्रमुख जगजीत सिंह डल्लेवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बयान दिया है, जिससे उनके विरोध की मंशा पर सवाल उठ सकते हैं। वीडियो सामने आया है जिसमें डल्लेवाल कह रहे हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ नीचे लाने के लिए किसानों का विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है। यह वीडियो कुछ दिन पहले तब सामने आया था जब किसान अपना विरोध प्रदर्शन शुरू करने वाले थे। दल्लेवाल ने कहा कि राम मंदिर के बाद पीएम मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ बहुत ऊपर चला गया है...बहुत कम समय है...उनके ग्राफ को कैसे नीचे लाया जा सकता है। डल्लेवाल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि यह एक राजनीतिक बयान है। क्या इतना बड़ा विरोध प्रदर्शन होने पर लोग पीएम मोदी का समर्थन करना बंद कर देंगे? जनता में यह संदेश प्रसारित हो रहा है कि यह विरोध का सही तरीका नहीं है। खट्टर ने अपनी मांगों को दबाने के लिए किसानों द्वारा अपनाए गए तरीके की आलोचना कर कहा कि वे आक्रामक सेना की तरह दिल्ली की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान एक सेना की तरह ट्रैक्टर-ट्रॉली, अर्थ-मूवर्स और एक साल के लिए राशन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पंजाब-हरियाणा सीमा पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच जारी गतिरोध के मध्य तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं से एक फिर वार्ता करेगी। कृषि व किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान नेताओं से मुलाकात करेगी। यह दोनों पक्षों के बीच तीसरे चरण की वार्ता होगी। आठ और 12 फरवरी को हुई पहले दो चरण की वार्ता बेनतीजा रही थी।



## जानलेवा बीमारी से जूझ रहा अमेरिका का यह शहर

वाशिंगटन । अमेरिकी में एक और महामारी की दशहत मंडराने लगी है। अमेरिका में ओरेगॉन राज्य के अधिकारियों ने बताया कि एक इंसान में बुबोनिक प्लेग का एक दुर्लभ मामला सामने आया है। ऐसा माना जा रहा है कि यह बैक्टीरिया एक पालतू बिल्ली से उस शख्स तक पहुंचा है। इस मरीज की पहचान उजागर नहीं की गई है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि उनका इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रिचर्ड फॉसेट ने पिछले हफ्ते ही इस मरीज के बारे में बताते हुए कहा, 'वह शख्स और उनके पालतू जानवरों के सभी करीबी संपर्कों से संपर्क कर बीमारी को रोकने के लिए दवाइयां दी गई हैं। इस प्लेग को 'ब्लैक डेथ' के नाम से भी जाना जाता है, जिसने मध्य युग के दौरान यूरोप की कम से कम एक तिहाई आबादी को मार डाला था। माना जाता है कि 14वीं शताब्दी में यह ब्लैक डेथ पूरे यूरोप में फैल गई थी, जिससे मानव इतिहास की सबसे घातक महामारियों में से एक में 5 करोड़ से अधिक लोग मारे गए थे। हालांकि इसके बाद इस बैक्टीरिया के मामले न के बराबर सामने आए हैं और अब इसका इलाज भी किया जा सकता है। हालांकि फिर भी अधिकारियों के हाथ-पैर फूले हुए हैं और वे इस बेहद खतरनाक मानकर चल रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि इंसानों में इस प्लेग के लक्षण किसी संक्रमित जानवर या पिस्सू के संपर्क में आने के आठ दिन बाद दिखने शुरू होते हैं। इन लक्षणों में बुखार, मतली, कमजोरी, ठंड लगना और मांसपेशियों में दर्द शामिल हो सकते हैं।

## पाक में दोबारा मतगणना के दौरान हुई गोलीबारी, 2 की मौत, 14 लोग घायल

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में पुनः मतगणना के दौरान दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच सशस्त्र झड़प में करीब दो लोगों की मौत हुई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। कराची की सीमा से लगते औद्योगिकी शहर हब में निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर बलूचिस्तान आवामी पार्टी (बीएपी) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के समर्थकों के बीच झड़प हुई। आठ फरवरी को हुए चुनाव में बीएपी को मुहम्मद सालेह भूटानी ने अनौपचारिक नतीजे घोषित होने के बाद जीत का दावा किया था लेकिन पीपीपी के अली हसन जहरी ने पुनः मतगणना कराने की मांग की थी। इसके बाद पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने पुनः मतगणना का आदेश दिया था। हब के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मंजूर अहमद बुलेदी ने बताया पुनः मतगणना होने के दौरान झड़प हुई और दोनों उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच लड़ाई शुरू हो गई। झड़प के दौरान गोलियां चली, जिसमें दो लोगों की मौत हो हुई और 14 अन्य घायल हो गए। पीपीपी समर्थकों ने दावा किया कि यह नतीजों की घोषणा में देरी करने की साजिश है। जाम गुलाम कादिर मेमोरियल हॉस्पिटल के एक चिकित्सक ने बताया कि घायलों और मारे गए दो लोगों को कई गोलियां लगी थीं। बुलेदी ने बताया कि हालात पर काबू पाने के लिए फ्रंटियर कोर को बुलाया गया। बलूचिस्तान प्रांत में पिछले सप्ताह हुए आम चुनाव के बाद से अशांति बनी हुई है।

## पाक सुप्रीम कोर्ट ने सेना से मांगा कारोबार नहीं करने का आश्वासन

इस्लामाबाद । पाक सुप्रीम कोर्ट ने सेना से कारोबार नहीं करने का आश्वासन मांगा है। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने अटॉर्नी जनरल से आश्वासन मांगा है कि पाकिस्तानी सेना केवल रक्षा संबंधी मामलों पर काम करेगी और कोई व्यवसाय नहीं करेगी। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई है। जिसमें सैन्य भूमि पर की जा रही व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ दायर एक याचिका की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने यह आश ?वासन मांगा। सुनवाई के दौरान सीजेपी ईसा ने कहा कि सेना एक तरह से व्यवसाय कर रही है और सैन्य भूमि पर विवाह हॉल स्थापित कर रही है। इसके बाद उन्होंने अटॉर्नी जनरल मंसूर उस्मान अवान से आश्वासन मांगा कि सेना संरक्षक बनी रहेगी और कोई व्यवसाय नहीं करेगी। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश ने अटॉर्नी जनरल से पूछा कि क्या आपको यह आश्वासन मिल सकता है? और कहा कि सभी को अपने आदेश के अनुसार काम करना चाहिए। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सीजेपी ने कहा है कि सेना को अपना काम करना चाहिए और अदालतें अपना काम करेंगी। इस पर जवाब में एजी मंसूर उस्मान अवान ने कहा कि सिद्धांत के मुताबिक, सभी को अपना काम करना चाहिए। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश ने जोर देकर कहा कि यदि एजी के पास निर्देश हैं, तो उन्हें अदालत को आश्वस्त करना चाहिए।

## केरमाडेक द्वीप क्षेत्र में भूकंप के झटके

बीजिंग । केरमाडेक द्वीप क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि केरमाडेक द्वीप क्षेत्र में 2304 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.1 मापी गयी। भूकंप का केंद्र, 28.05 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 177.57 डिग्री पश्चिम देशांतर पर 95.5 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

## मंदी की चपेट में ब्रिटेन, ऋषि सुनक की आर्थिक प्रतिज्ञाओं को एक और झटका

लंदन। ब्रिटेन 2023 की दूसरी छमाही में हल्की मंदी की चपेट में आ गया, जिससे पता चलता है कि प्रधान मंत्री ऋषि सुनक अब तक अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रहे हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के गुरुवार को जारी आंकड़े बताते हैं कि चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद 0.3त्न गिर गया, जो अर्थशास्त्रियों के पूर्वानुमान से 0.1त्न की गिरावट से अधिक है। इसके बाद पिछले तीन महीनों में अपरिवर्तित 0.1त्न की गिरावट आई, जो अर्थशास्त्रियों की मंदी की तकनीकी परिभाषा, या संकुचन की लगातार दो तिमाहियों को पूरा करती है। पूरे वर्ष अर्थव्यवस्था में अभी भी 0.1त्न की वृद्धि हुई है, यह महामारी के पहले वर्ष को छोड़कर, 2009 के बाद से यूके में देखा गया सबसे धीमा वार्षिक विस्तार था। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था ने पिछली बार पिछले साल के पहले तीन महीनों में एक चौथाई वृद्धि दर्ज की थी। यूके बांड दूसरे दिन चढ़े, 10 साल की पैदावार दो महीने के उच्चतम स्तर 4.2त्न के करीब आ गई और एक हफ्ते में पहली बार 4त्न से नीचे आ गई। मुद्रा बाज़ार ने इस वर्ष मौद्रिक-नीति में ढील की गुंजाइश पर दांव बढ़ाया, पूरी तरह से तीन तिमाही-बिंदु कटौती की कीमत और चौथे की 10त्न संभावना, जबकि पहली कटौती अगस्त तक होने की उम्मीद है। डॉलर के मुकाबले पाउंड 0.2प्र. तक फिसलकर 1.2542 पर आ गया, जो घाटे के तीसरे दिन के लिए निर्धारित है। हालांकि व्यापक रूप से प्रत्याशित थी, इस बात का सबूत है कि मुद्रास्फीति को कम करने के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड के अभियान ने अपना असर डाला है। ये आंकड़े सनक के लिए विशेष रूप से बुरे समय में आए हैं, जब मतदाता इंग्लैंड में दो संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान करने जा रहे हैं - जो इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव से पहले विपक्षी लेबर पार्टी की ताकत का नवीनतम परीक्षण है।


## अमेरिका की कैनसस सिटी में गोलीबारी, 1 की मौत, 22 जख्मी

वाशिंगटन। अमेरिका में आए दिन गोलीबारी की घटनाएं हो रहीं है। बीते रोज भी कैनसस सिटी में हुई गोलीबारी की एक घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। कम से कम 22 लोग घायल हुए हैं। कैनसस सिटी चीफ्स सुपर बाउल परेड के समापन के दौरान ये गोलीबारी की गई। कैनसस सिटी पुलिस विभाग की पुलिस प्रमुख स्टेसी ग्रेव्स ने बताया है कि 22 लोग गोली से घायल हुए हैं। वहीं सात लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। ये गोलीबारी यूनियन स्टेशन के पश्चिम में एक पार्किंग गैरेज के पास हुई, जहां एक बड़ी भीड़ जश्न मनाने के लिए जमा थी। गोलीबारी की घटना की चश्मदीद रही एक महिला ने स्थानीय मीडियो को बताया कि जब गोलियां की आवाज आई तो हम वहां से भागकर एक लिफ्ट में छिपे और दरवाजे बंद कर दिए। ऐसा लग रहा था कि शायद हमलावर आकर हमें मार देगा। कुछ देर बाद हमें लिफ्ट के पास पुलिस अधिकारी पहुंचे और उन्होंने हमें सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस प्रमुख स्टेसी ग्रेव्स ने बताया कि किया कि इस घटना के संबंध में तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया था और उनसे पूछताछ की जा रही है। ग्रेव्स ने कहा कि अभी तक गोलीबारी के पीछे का मकसद साफ नहीं हो सका है। स्टेसी ग्रेव्स ने उन रिपोर्टों को स्वीकार किया जो बताती हैं कि लोगों ने एक संदिग्ध हमलावर का पीछा करके उसे पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि जांचकर्ता सक्रिय रूप से घटना के वीडियो फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। अग्निशमन विभाग के प्रमुख रॉस ग्रंडिसन ने कहा कि कम से कम 22 लोग गोलीबारी की चपेट आए। उन्होंने कहा कि घायलों में से 15 की हालत गंभीर है।



उत्तरी कोरिया में समुद्र की सतह से दागी जाने वाली मिसाइल का परीक्षण हुआ।

## रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीरपुतिन बोले अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए बाइडेन ट्रम्प से बेहतर



मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि वो अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए ट्रम्प की बजाय बाइडेन को ज्यादा ज्यादा बेहतर मानते हैं। दरअसल, रूसी पत्रकार पवेल जरूबिन पुतिन का इंटरव्यू कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने रूसी राष्ट्रपति से सवाल किया कि डेमोक्रैट बाइडेन या रिपबल्किन ट्रम्प में से किसे रूस के हिसाब से बेहतर मानते हैं। इस पर पुतिन ने हिचकिचाते हुए जवाब दिया- बाइडेन। वो ज्यादा अनुभवी हैं, उनके बार में अनुमान लगाना ज्यादा आसान है। बाइडेन पुराने ख्यालों की राजनीति करने वालों में से हैं। हालांकि, हम किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

# कोल्ड वॉर के बाद पहली बार, नाटो बजट के 2 परसेंट के टारगेट को जर्मनी करेगा हासिल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता और बुधवार को जारी नाटो पूर्वानुमान के अनुसार, जर्मनी 1990 के दशक की शुरुआत के बाद पहली बार अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2प्र. के नाटो के रक्षा खर्च लक्ष्य को पूरा करेगा। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने चालू वर्ष में रक्षा खर्च के लिए जर्मन सरकार के कथित आवंटन का आंकड़ा 73.41 बिलियन (क68.58 बिलियन) बताया है, जिसके बारे में उसने कहा कि यह जर्मनी की जीडीपी का 2.01प्र. होगा। 2023 में जर्मनी ने रक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का 1.57प्र. खर्च किया, जो 2प्र. लक्ष्य से काफी कम है। हालाँकि, इस जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने राइनमेटॉल की भविष्य की हथियार फैक्ट्री साइट की यात्रा के दौरान 2प्र. खर्च की प्रतिबद्धता को पूरा करने का वादा किया।



### रक्षा खर्च में 11 प्रतिशत की वृद्धि

जर्मनी के 2त्न खर्च लक्ष्य को हासिल करने की खबर तब आई जब नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने 31 देशों के गठबंधन में रक्षा खर्च में ÷अभूतपूर्व÷ 11त्न वृद्धि की प्रशंसा की। मुझे उम्मीद है कि इस साल 18 सहयोगी देश अपनी जीडीपी का 2त्न रक्षा पर खर्च करेंगे। स्टोलटेनबर्ग ने ब्रुसेल्स में एक पूर्व-मंत्रिस्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, यह एक और रिकॉर्ड संख्या है। उन्होंने कहा कि यह 2014 की तुलना में छह गुना वृद्धि दर्शाता है जब केवल तीन सहयोगियों ने लक्ष्य पूरा किया था। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा कि नाटो के यूरोपीय राज्य इस साल रक्षा क्षेत्र में कुल मिलाकर 380 अरब डॉलर का निवेश करेंगे।

2023 में ग्यारह सहयोगियों पोलैंड, अमेरिका, ग्रीस, एस्टोनिया, लिथुआनिया, फिनलैंड, रोमानिया, हंगरी, लातविया, ब्रिटेन और स्लोवाकिया को नाटो के पूर्व अनुमानों के अनुसार 2प्र. लक्ष्य पूरा करने की उम्मीद है। यूक्रेन पर आक्रमण एक प्रेरक कारक है। रक्षा खर्च में वृद्धि तब हुई है जब यूक्रेन में रूस का युद्ध 2 साल के निशान के करीब पहुंच गया है। संघर्ष के कारण पश्चिमी सहयोगियों ने सैन्य सहायता पर खर्च बढ़ा दिया है, हालांकि रूस के खिलाफ यूक्रेन के रक्षात्मक प्रयास के लिए निरंतर धन को लेकर चिंताएं हैं। नाटो सदस्यों द्वारा रक्षा पर खर्च करने के संबंध में नवीनतम घटनाक्रम पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की दक्षिण कैरोलिना में एक अभियान रैली में की गई टिप्पणियों के बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस किसी भी नाटो देश के लिए 'जो चाहे कर सकता है' जो खर्च नहीं करता है।


## इंडोनेशिया के राष्ट्रपति चुनाव में सुबिआंतों ने किया जीत का दावा



**जकार्ता (एजेंसी)।** दुनिया के तीसरे सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश इंडोनेशिया में राष्ट्रपति चुनने के लिए मतदान हुआ है और मतों की गणन की जा रही है। शुरुआती रुझानों को देखते हुए प्रबोवो सुबिआंतो जीत का दावा किया है। सुबियांतो ने आंकड़ों के आधार पर राष्ट्रपति चुनाव में जीत का दावा किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इंडोनेशियाई मतदान एजेंसियों द्वारा की गई प्रारंभिक और अनौपचारिक वोटों की गिनती के अनुसार, सुबियांतो को 57 प्रतिशत से 59 प्रतिशत के बीच वोट मिले। जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक वोट मतदान स्थलों पर सैंपल के तौर पर गिने गए। हालांकि चुनाव अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है और प्रबोवो के सामने चुनाव लड़े दो उम्मीदवारों ने भी हार-जीत के दावे को जल्दीबाजी कहा है।

इंडोनेशिया द्वीपसमूह पर बुधवार को बिना किसी बड़ी समस्या के मतदान संपन्न हो गया। राष्ट्रपति पद के अलावा उपराष्ट्रपति और संसदीय प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए भी वोट डाले गए हैं। निर्वाचन आयोग के प्रमाणित त्वरित-गणना केंद्रों से शुरुआती रुझान और अनौपचारिक परिणाम जल्दी ही मिलने की उम्मीद है लेकिन आधिकारिक और अंतिम नतीजे करीब एक महीने में आएंगे। इंडोनेशिया के चुनाव अमेरिका और चीन की भी नजर है। इसकी वजह द्वीपसमूह राष्ट्र के पास एक विशाल घरेलू बाजार, निकल धातु और पाम (ताड़) तेल जैसे प्राकृतिक संसाधन मौजूद होना हैं। इंडोनेशिया अपने दक्षिण पूर्व एशियाई पड़ोसियों के साथ मजबूत राजनयिक प्रभाव भी रखता है। इंडोनेशिया ने 1998 में लोकतंत्र को अपनाया था। इंडोनेशिया की 27 करोड़ की आबादी में से करीब 20 करोड़ लोग मतदाता हैं। चुनावों में 17 साल से अधिक उम्र के इंडोनेशियाई नागरिक वोट डाल सकते हैं। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवार को कुल वोटों के 50 फीसदी और सभी राज्यों में 20 फीसदी वोट मिलने चाहिए।

## दक्षिण एशिया में अपना सबसे बड़ा साझेदार भारत : बाइडेन



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने भारत को दक्षिण एशिया में अपना सबसे बड़ा साझेदार बताकर कहा कि वह नई दिल्ली के साथ अरबों डॉलर के जलवायु बुनियादी ढांचे को विकसित करने और एक नए कोष पर काम कर रहा है जिसमें उसके विकास वित्त संस्थान से 50 करोड़ डॉलर का निवेश शामिल होगा। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के ब्यूरो (एससीए) में सहायक उप सचिव अफरीन अख्तर ने यह बता कही।

अख्तर ने कहा, ''दक्षिण एशिया में हमारे सबसे बड़े साझेदार भारत के साथ हमने पिछले साल जनवरी में महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर अमेरिका-भारत पहल शुरू की है।'' उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य एक लचीली सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना, अंतरिक्ष सहयोग को बढ़ाना और दूरसंचार की अगली पीढ़ी में भागीदार बनाना है जो फिर से भारत के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर सहयोग बनाने महत्वाकांक्षी पहल है। अख्तर ने कहा, हम अरबों डॉलर के जलवायु बुनियादी ढांचे को विकसित करने और एक नए कोष पर भारत के साथ मिलकर काम कर रहे हैं जिसमें हमारे विकास वित्त संस्थान से 50 करोड़ डॉलर का निवेश शामिल होगा।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत ने संयुक्त अभ्यासों, रक्षा औद्योगिक सहयोग मजबूत कर और 'टू प्लस टू' मंत्री स्तरीय वार्षिक संवाद मजबूत कर व्यापक तथा बहुआयामी रक्षा साझेदारी को और गहरा बनाया है। अख्तर ने कहा कि अमेरिका पूरे दक्षिण एशिया में बड़े निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, अमेरिका और भारत के अडाणी समूह ने श्रीलंका में कोलंबो बंदरगाह में 50 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा की है।

# पाक में सरकार बनाने से बड़ी चुनौती होगी सरकार चलाना

### -सिर पर कर्ज का इतना बोझा कि आईएमएफ तक ने लगाई झाड़, आर्थिक संकट मंडराया

**इस्लामाबाद(एजेंसी)।** पाकिस्तान में इस समय सरकार बनाने से बड़ी चुनौती तो सरकार चलाने की हो रही है। यहां इस समय नई सरकार बनाने को लेकर जोड़तोड़ जारी है। उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही पाकिस्तान में पीएमएलएन और पीपीपी के गठबंधन वाली सरकार बन जाएगी। बताया जा रहा है कि देश एक भारी आर्थिक संकट से जूझ रहा है। नई सरकार के सामने महंगाई से पार पाने और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने की चुनौती है। अब पाकिस्तान की निगाहें अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की तरफ हैं। आईएमएफ से पाकिस्तान को मदद जरूर मिली है लेकिन इसे अपर्याप्त बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को जारी 3 अरब डॉलर की मदद का कार्यक्रम अगले महीने खत्म हो रहा है। अब नई सरकार के सामने एक नया और बड़ा कार्यक्रम हासिल करना प्राथमिकता के रूप में देखा जा रहा है। पाकिस्तान में बीते साल अगस्त से कार्यवाहक सरकार आईएमएफ ऋण कार्यक्रम लागू कर रही है। जुलाई में इस कर्ज को मंजूरी मिली थी, जिसने पाकिस्तान को ऋण डिफॉल्ट होने से बचने में मदद की। अब पाकिस्तान में एक नई सरकार जल्दी ही वजूद में आने जा रही है तो उसके सामने भी ये चुनौती है।



एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 8 अरब डॉलर है जो बमुश्किल दो महीने के आयात को ही कवर करता है। हालांकि यह एक साल पहले के मुकाबले बेहतर है, एक साल पहले ये 3.1 अरब डॉलर ही रह गया था। दो महीने के समय में 1 बिलियन का बांड भुगतान पाक को भरना है, जो विदेशी मुद्रा भंडार को और कम कर देगा। इस सबमें आईएमएफ से मंजूर 700 मिलियन डॉलर की राशि बड़ी राहत दे रही है लेकिन ये नाकाफी है। इस मामले में पूर्व डिप्टी सेंट्रल बैंक गवर्नर मुर्तजा सैयद का कहना है कि देश को आईएमएफ के किसी अन्य कार्यक्रम में शामिल होना अनिवार्य है क्योंकि उसका विदेशी मुद्रा भंडार विदेशी ऋण की तुलना में बेहद कम है। पाकिस्तान का ऋण-से-जीडीपी अनुपात पहले से ही 70 प्रतिशत से ऊपर है।

इधर आईएमएफ और क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों का कहना है कि इस ऋण पर ब्याज भुगतान में ही सरकार के राजस्व का 50 प्र?तिशत से 60 प्रतिशत हिस्सा चला जाएगा। यह दुनिया की किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था का सबसे खराब अनुपात है। जानकार बता रहे हैं कि देश की समस्या मुख्य रूप से घरेलू ऋण है, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत ऋण स्टॉक और 85 प्रतिशत ब्याज का बोझ शामिल है। पाकिस्तान का विदेशी ऋण स्टॉक भी द्विपक्षीय और बहुपक्षीय ऋणदाताओं की ओर भारी रूप से झुका हुआ है, जो कुल का लगभग 85 प्रतिशत है। बॉन्डेड कर्ज में बाहरी कर्ज स्टॉक का केवल 8 प्रतिशत और कुल सार्वजनिक ऋण का 3.4 प्रतिशत शामिल है। यह चीन के कुल कर्ज का लगभग 13 प्रतिशत है, यही वजयह है कि अब पाकिस्तान की बिगड़ती आर्थिक हालात की मार सीधे आम लोगों पर पड़ रही है।

## रुस अंतरिक्ष में जुटाने जा रहा परमाणु हथियारों का जखीरा, चिंतित अमेरिका ने बुलाई मीटिंग

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** परमाणु हथियारों को लेकर पूरी दुनिया में चिंता की लकीरें खिंची हुई है। माना जा रहा है कि जिस दिन परमाणु जंग छिड़ी उस दिन दुनिया कितनी बचेगी कोई नहीं जानता। इसी बीच रुस से आ रही खबर ने अमेरिका को चिंता में डाल दिया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रुस अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों का जखीरा एकत्रित करने पर विचार कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अमेरिका ने तत्काल बैठक बुलाकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए पूरी स्थिति से अवगत कराया है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक एक रिपब्लिकन सांसद ने रूस की इस योजना को लेकर चेताया है कि इससे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है। पूरे मामले की जानकारी रखने वालों ने बताया कि अभी रूस ने स्पेस में हथियारों की कोई तैनाती नहीं की है। इसे लेकर मंथन ही कर रहा है। फिर भी यह सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता की बात है। हालांकि आम लोगों के लिए फिलहाल कोई चिंता नहीं है।अमेरिकी एजेंसियों का कहना है कि भले ही रूस की यह योजना अभी परवान नहीं चढ़ी है, लेकिन हमारे लिए चिंता की बात जरूर है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन गुरुवार को इसे लेकर एक अहम मीटिंग भी करने वाले हैं। इस बीच एक अमेरिकी सांसद ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से मांग की है कि रूस के इस खतरनाक मिशन से जुड़ी जो भी जानकारियां हैं, उन्हें जनता से साझा किया जाए। उन्होंने कहा कि इसे बताने से पता चल सकेगा कि किस लेवल का खतरा है।

गौरतलब है कि रूस और अमेरिका के बीच बीते कई सालों से शीत युद्ध जैसी स्थिति है। यूक्रेन पर रूस ने हमला किया तो अमेरिका सीधे युद्ध में तो नहीं उतरा, लेकिन उसने यूक्रेन की खूब मदद की। इसके अलावा इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध में भी अमेरिका फंसा हुआ है और उसे अरब देशों को मनाना पड़ रहा है। पिछले दिनों तो व्लादिमीर पुतिन ने तंज कसते हुए कहा था कि अमेरिका, यूरोपियन यूनियन और पश्चिमी देशों को पता चल गया होगा कि रूस को हराया नहीं जा सकता।अमेरिकी एजेंसियों का कहना है कि ऐसी योजना हमारे लिए इस वक्त चिंता की बात है, जब गाजा और यूक्रेन में युद्ध चल रहे हैं। इनमें से एक जंग में तो उसका करीबी इजरायल ही शामिल है। इसके अलावा यूक्रेन में भी अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो संगठन को लगातार चैलेंज मिल रहा है। फिलहाल जेक सुलिवन भी इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। इस संबंध में सवाल किए गए तो उन्होंने कहा कि मैं अभी कुछ कहने की स्थिति में नहीं हूं।





# रणबीर कपूर की एनिमल की मुरीद हुईं हुमा कुरैशी

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'एनिमल' रिलीज 2 महिने बाद भी लगातार चर्चा में बनी हुई है। 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 900 करोड़ से भी अधिक का कलेक्शन किया है। जहां एक तरफ इस फिल्म ने हर दिन नए रिकॉर्ड बनाए तो वहीं इस फिल्म को खूब आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा। इस फिल्म के कुछ सीन्स पर विवाद भी हुआ। कई सेलेब्स सहित सोशल मीडिया पर फिल्म को महिला विरोधी बताया गया। वहीं अब संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने जमकर तारीफ की है। उन्हें न सिर्फ ये फिल्म पसंद आई है, बल्कि एक्ट्रेस ने इस तरह की फिल्म में काम करने की ख्वाहिश भी जाहिर की है।

## हुमा कुरैशी ने की एनिमल की तारीफ

हुमा कुरैशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में 'एनिमल' के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि 'मुझे फिल्म बहुत पसंद आई और मैंने इसका भरपूर लुत्फ उठाया। मुझे इसकी मर्दानगी, एक्शन और संगीत बहुत पसंद आया। यह बहुत ही कलात्मक फिल्म है और मुझे लगता है कि हर तरह की फिल्में बननी चाहिए। एक दर्शक के रूप में यह आपकी पसंद है कि आप उस फिल्म को देखना चाहते हैं या नहीं।'

## अब तक समाज सुधर चुका होता

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि 'मैं ऐसी फिल्म करना पसंद करूंगी जिसमें मैं मशीन गन पकड़ सकूं और हजारों लोगों को मार सकूं। मुझे लगता है, बतौर एक्टर किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनना बहुत इंटेरेस्टिंग है जो इतना डिस्ट्रक्टिव है। मैं इसे इसी तरह रखूंगी।' हुमा ने कहा कि जब मैं 'वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट' फिल्में देखती हैं तो मुझे लगता है एक कलाकार के रूप में ऐसा किरदार निभाना बहुत रोमांचक है। अगर लोगों का ये सोचना है कि फिल्में समाज को प्रभावित करती हैं, तो अब तक समाज में सुधार हो चुका होता। क्योंकि समाज को सुधारने वाली कई फिल्में बन चुकी हैं। अगर अब तक नहीं सुधरा तो अब बिगड़ेगा भी नहीं। मेरा मानना है कि 'एनिमल' भी बनाओ और महारानी भी बनाओ। जब तक लोगों को पसंद आएगी देखेंगे।



# इंडस्ट्री में दबाव के कारण कुछ फिल्म एक्टर्स टीवी की दुनिया में काम नहीं पाते

टीवी सीरियल पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा का रोल कर रहीं करुणा पांडे टीवी इंडस्ट्री में पिछले 18 साल से एक्टिव हैं। उन्होंने कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने टीवी इंडस्ट्री के दबाव के बारे में बात की है, जो हर कोई नहीं झेल सकता। खासकर कुछ फिल्मों के एक्टर्स तो बिल्कुल नहीं।

## इंडस्ट्री में बहुत कुछ होता है

मुझमें और पुष्पा में बहुत सारी समानताएं हैं। यह मुझे किरदार चुनते ही समझ आ गया था। उसका आशावादी व्यक्तित्व, संघर्षो से ना बिखरने की शक्ति, खुश रहना इन सब चीजों से मैं काफी जुड़ाव महसूस करती हूं। यह ऐसा किरदार है, जो बेहद प्रासंगिक है, पुष्पा ताकत, दृढ़निश्चय और मानवीय भावना की जीत का प्रतीक है। करीब दो दशक मुझे टीवी में काम करते हुए हो गए हैं, लेकिन मैंने तुलना जैसी चीजों पर कभी ध्यान नहीं दिया। हर चीज का दौर होता है। यह इंडस्ट्री है यहां पर बहुत कुछ होता रहता है।

## दबाव के चलते कुछ एक्टर्स टीवी में काम नहीं करते

बतौर कलाकार मुझे प्लैटफॉर्म बदलने से फर्क नहीं पड़ता। टीवी में आप पांच-छह सीन हर दिन शूट करते हैं। सिनेमा में आप एक दिन में दो ही सीन करते हैं। इससे मानसिक सुकून और आराम मिलता है। टीवी में टेलिकास्ट, आउटपुट और क्वालिटी मेंटेन करने का दबाव होता है। यही वजह है कि कई फिल्मों के एक्टर टीवी में काम नहीं कर पाते क्योंकि उन्हें स्पीड, स्पेस और उसी वक्त आकर सीन तैयार करना, उनसे नहीं हो पाता क्योंकि उनकी प्रैक्टिस नहीं होती है। सारा खेल अभ्यास का है। मैं 18 साल से टीवी इंडस्ट्री में काम कर रही हूं। आप मुझे 10 पेज का सीन दे देंगे तो मैं कर दूंगी और अच्छा परफॉर्म करके दिखाऊंगी। माध्यम में अंतर होता है लेकिन अच्छा कलाकार वही है, जो हर जगह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके दिखाए। बाकी, जब आप दबाव में कार्य करते हैं, तभी आपकी प्रतिभा निखरकर आती है।

## लीड रोल ही पसंद करती हूं

ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ टीवी में ही काम करना चाहती हूं। फिल्मों और वेब सीरीज में भी काम करना है। मैं एक कलाकार हूं और हर माध्यम में अपना हुनर दिखा सकती हूं। मुझे मजबूत किरदार निभाने हैं। मैं यही चाहती हूं, जो भी पात्र हो उसका कहानी में कितना महत्व है और वह क्या कर रहा है, इस पर मेरा ध्यान रहता है। मैं ज्यादातर लीड रोल करना पसंद करती हूं क्योंकि मैं चाहती हूं कि कहानी मेरी हो। अगर कहानी मेरी होगी तो मैं कुछ भी करूंगी।

## सिनेमा जिंदगी से जुड़ी सच्चाई दिखाता है

अब टीवी की ऑडियंस थोड़ा बोल्ड हो गई है। यह ठीक वैसे ही है जैसे अबके बच्चों और पहले के बच्चों को देख लीजिए। अब जो समझ उन्हें आठ-दस साल में आ जाती है, वो पहले 18-20 साल की उम्र में आती थी। जिस तरह दुनिया बदल रही है। उसी तरह हमारी टीवी इंडस्ट्री भी बदलती जा रही है। यह समय के साथ जरूरी भी है। अब तमाम शोज में महिलाएं लीड भूमिका निभा रहीं। फिल्म, थिएटर या ओटीटी कुछ भी हो, उनमें जो चीजें दिखाई जाती हैं, असल में वो कहीं-न-कहीं हमारी जिंदगी से जुड़ी हैं। जैसे हम बदले हैं, वैसे ही लोगों का टीवी देखने का नजरिया भी बदला है।

# कराटे चंद्रन में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे फहाद फासिल



मलयालम एक्टर फहाद फासिल अपनी अपकमिंग फिल्म कराटे चंद्रन में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में मलयालम एक्टर दिलीश पोथन भी हैं। पोथन ने पहले फहाद के साथ फिल्म कुंबलंगी नाइट्स और महेशिन्ते प्रतिकारम में काम किया है। फिल्म एडिटर किरण दास ने इंस्टाग्राम पर एक्टर के कराटे ट्रेनिंग सेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने फिल्म की बाउंड स्क्रिप्ट की एक तस्वीर भी साझा की। किरण दास ने कैप्शन में लिखा, फहाद फासिल स्टारर कराटे चंद्रन रॉय द्वारा निर्देशित है। इसे एस. हरीश और विनोय थॉमस ने लिखा है। अधिक अपडेट जल्द ही शेयर किया जाएगा। फिल्म कराटे चंद्रन फहाद और भावना स्टूडियो के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है।

# अक्षय की नई फिल्म सरफिरा का एलान, रिलीज डेट आउट



अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज के लिए तैयार हैं। एक ओर जहां फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हाल ही में, अभिनेता की दूसरी फिल्म सरफिरा की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। इस फिल्म में अक्षय राधिका मदान के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। यह फिल्म सूर्या की सोरारई पोटरू की रीमेक है। बेबी, एयरलिफ्ट, टॉयलेट- एक प्रेम कथा और स्पेशल 26 के जैसे एक्शन और एडवेंचर के बाद अक्षय कुमार का अंदाज अब सरफिरा होने वाला है। एक्टर ने 13 फरवरी को फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। फिल्म में परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा फिल्म की निर्देशक हैं। वह इससे पहले इरुद्धि सुत्तरु और साला खड़ूस का निर्देशन कर चुकी हैं, जो तेलुगु में गुरु और सोरारई पोटरु नाम से भी बनी थी। फिल्म की एक झलक साझा करते हुए, अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा, इतने बड़े सपने देखो, वे तुम्हें पागल कहते हैं! प्तसरफिरा केवल 12 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# प्रभास और रश्मिका मंदाना स्क्रीन पर करेंगे रोमांस!



साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। वो बाहुबली एक्टर प्रभास के साथ स्पिरिट मूवी में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन एनिमल के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा करेंगे। ये रश्मिका और प्रभास की साथ में पहली फिल्म होगी, दोनों स्क्रीन पर रोमांस करते हुए नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, रश्मिका मंदाना की ये डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के साथ दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले वो उनकी एनिमल में नजर आईं, जिसमें रणबीर कपूर लीड रोल में थे। फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी भी नजर आईं। ये फिल्म जबरदस्त हिट रही। फिल्म के लिए संदीप रेड्डी वांगा से सवाल पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ये इसी साल फ्लोर पर उतरेगी। साल 2024 के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। फिलहाल, रश्मिका इन दिनों पुष्पा 2 की शूटिंग में बिजी हैं। इसमें अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में चल रही है। ये 15 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। प्रभास की बात करें तो उन्हें पिछली बार सलार में देखा गया था। अब वो कल्कि 2898 एडी में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण, कमल हासन और अमिताभ बच्चन जैसे स्टार्स हैं। ये इसी साल मई महीने में रिलीज होगी। उनके पास राजासाब भी है।



# निर्देशक नीरज पांडे की अगली फिल्म में अभिनय करेंगी सैयामी खेर

अभिनेत्री सैयामी खेर निर्देशक नीरज पांडे की आगामी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह प्रोजेक्ट एक महिला प्रधान विषय की खोज करने वाली एक लेखक-समर्थित भूमिका है, जो दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। यह नेटफ्लिक्स ऑरिजिनल फिल्म है। घूमर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद नीरज पांडे ने सैयामी को महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना। हिट सीरीज स्पेशल ऑप्स में उनकी सफल साझेदारी ने आगामी सीजन में उनके एक साथ आने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग 15 फरवरी से शुरू होगी, प्रोडक्शन टीम 30 दिनों के शूटिंग शेड्यूल के लिए तैयार है, जिससे फिल्म समय पर पूरी होगी। वे पूरी फिल्म को एक बार में शूट करने की योजना बना रहे हैं। कोई ब्रेक नहीं होगा। यह नेटफ्लिक्स की ऑरिजिनल फिल्म होगी। सैयामी ने 2015 में तेलुगु फिल्म रे से डेब्यू किया और राकेश ओमप्रकाश मेहरा की पंजाबी लोकगीत मिर्जा-साहिबां पर आधारित हिंदी फिल्म मिर्जया में नजर आईं। 2020 में वह मयंक शर्मा की वेब सीरीज ब्रीथ में अभिषेक बच्चन के साथ नजर आईं।

# सई मांजरेकर में बहुत पॉजिटिविटी एनर्जी है



वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कुछ खट्टा हो जाए में सई एम. मांजरेकर के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया और कहा कि वह सेट पर पॉजिटिविटी और वाइब्रेंट एनर्जी लेकर आई। अनुपम ने कहा, चाहे आप उनके साथ डम्ब शराड खेलें, चाहे आप उनके साथ वर्ड बिल्डिंग वाला गेम खेलें, वह हमेशा मुस्कुराती रहती हैं। उनमें बहुत एनर्जी है और वह एक पॉजिटिविटी इंसान हैं। गुरु रंधावा और सई अभिनीत यह फिल्म पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है। यह फिल्म एक रॉम-कॉम है। इसकी शूटिंग आगरा में हुई है। कहानी दो प्रेमियों और उनके क्रेजी फैमिलीज के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें इला अरुण और तेलुगु कॉमेडी के दिग्गज ब्रह्मानंदम भी हैं। मच फिल्म्स और अमित भाटिया द्वारा निर्मित, यह फिल्म 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# भूल भुलैया-3 में होगी विद्या बालन की वापसी

बॉलीवुड की सुपरहिट हॉरर-कॉमेडी फेंचाइजी 'भूल भुलैया' के तीसरे पार्ट की अनाउंसमेंट हो गई है। 2022 में रिलीज हुए फिल्म के सेकेंड पार्ट में लीड रोल प्ले करने वाले एक्टर कार्तिक आर्यन ने इसकी अनाउंसमेंट करते हुए एक टीजर शेयर किया है। खास बात यह है कि इस थर्ड पार्ट में फिल्म के फर्स्ट पार्ट में मंजुलिका के किरदार में नजर आई एक्ट्रेस विद्या बालन की वापसी होगी। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक टीजर वीडियो शेयर किया जिसमें वो और विद्या बालन एक साथ नजर आ रहे हैं। इसे शेयर करते हुए कार्तिक ने लिखा, 'यह होने जा रहा है। मंजुलिका 'भूल भुलैया' की दुनिया में वापस आ रही हैं। मैं उनका वेलकम करते हुए बहुत एक्साइटेड हूं। यह दिवाली बहुत धमाकेदार होने वाली है।'

## अनीज बज्मी ही डायरेक्ट करेंगे थर्ड पार्ट

कार्तिक ने अपने पोस्ट में डायरेक्टर अनीस बज्मी और प्रोड्यूसर भूषण कुमार को भी टैग किया है। इससे यह साफ है कि फिल्म के सेकेंड पार्ट की तरह इसके थर्ड पार्ट को भी अनीस बज्मी ही डायरेक्ट करेंगे। फिल्म के इस अनाउंसमेंट टीजर को देखकर सोशल मीडिया पर कई फैंस एक्साइटेड हैं। लोगों का कहना है कि रूह बाबा और मंजुलिका को साथ देखकर मजा आएगा। वहीं कई फैंस अक्षय कुमार को भी फ्रेंचाइजी में वापस लाने की मांग कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'अब अक्षय कुमार को भी वापस ले आओ..'। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, 'कार्तिक से कोई तकलीफ नहीं है पर अक्षय को भी वापस लाना चाहिए।' वहीं एक फैन ने तो फिल्म के फर्स्ट पार्ट से सपोर्टिंग एक्टर परेश रावल और मनोज जोशी को भी वापस लेकर आने की मांग की है।

# साई पल्लवी के साथ डेब्यू करेंगे आमिर खान के बेटे जुनैद



आमिर खान के बेटे जुनैद खान जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाले हैं। उनकी पहली फिल्म महाराज 2024 में स्क्रीन पर हिट होने के लिए तैयार है। फैंस बेसब्री से उनके डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं। एक्टर इससे पहले से ही अपने अगले प्रोजेक्ट में लगे हुए हैं, जिससे सुर्खियों में चर्चा हो रही है। इसमें उनके साथ होंगी साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी। आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई फिल्म में जुनैद खान हैं और उनकी फिल्म का सेट साप्पोरो स्नो फेस्टिवल में बना है। धुंधले लेकिन प्यारे शॉट्स फिल्म में जुनैद खान के लुक को दिखाते हैं, साथ ही उनकी को-एक्टर साई पल्लवी भी हैं, जो एक रोमांटिक रोल प्ले कर रही हैं। इस फिल्म में जाहिर तौर पर साप्पोरो की खूबसूरती दिखने वाली है, जो दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आएगी। बर्फबारी के कारण मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, फिल्म की शूटिंग अब भी चल रही है। वायरल फोटोज से पता चलता है कि नेचर की बाधाओं को पार करते हुए शूटिंग पूरे जोश के साथ आगे बढ़ रही है।

